CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 26°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 25 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 163 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## सभी देशवासियों को शाह टाइम्स की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं


Transform your DREAMS into REALITY @

## Shri Ram Group of Colleges

Parikrama Marg, Muzaffarnagar

Approvals | Affiliations

University Grant Commission — A++ NAAC — UGC

www.srgcmzn.com | src_mzn@rediffmail.com

### Benefits to Study @ SRGC

- Centre for Innovation, Fabrication and Entrepreneurship Development (CIFED) from ideation to product development through Innovation Cell -R&D Cell -Work Station - Incubation Cell-IPR Cell - Entrepreneurship Development Cell.
- Centre for Development of Robotics Technology (CDRT), AI-IOT and Machine Learning Labs for hands on practices in advance AI and Data Science technologies.
- Shri Ram Incubation Centre (SRIC) under Section 8 company for U P startups providing financial assistance & incubation to startups.
- Workshop, Research Projects and Establishment of Innovation Centre with the help of Massachusetts Institute of Technology, USA.
- Training Partners IBM for Skill Build Program, TCS for YEP, GFG - Students' Chapter.
- MOUs with NIIT, IOX Club of coding Ninja, Times Group of India, AiRo - OMNI, Tech-Expert etc for development of technical skills.
- Innovation Cell by Institution's Innovation Council (IIC) under Ministry of Education, Government of India.
- Centre of Excellence on IOT in association with Softpro India Comp. Techno. thru AKTU.
- Collaboration with Japan International Coorporation Agency (JICA) for establishment of Water Treatment Plant and transfer of Tafe Guard Technology.

### Performances & Recognitions of SRGC

- Highest number of Placements in session 2024-25.
- Highest Packages in prime MNCs of India and abroad.
- Highest number of Toppers/ Gold Medalists & Rank Holders in MSU.
- Highest number of Rank Holders in AKTU in the District.
- Highest no of participation awards in Centre for Advance Studies AKTU.
- Several National Awards such as -
  "Best Infrastructure Award"
  "Innovative Education Award"
  "National Education Award for Skill Development"
  "Education Excellency Award"
  "Top Private Engineering Institute in UP Award"
  "Best Practices in Education Award"
  "Best Innovation Award"
  "Innovative in Global Collaboration Learning Award" etc.

**Shri Ram Group of Colleges (IC)**
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
BArch | MBA | MCA | DPharm
Polytechnic (CE, ME, EE)

**Shri Ram Polytechnic**
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

**Shri Ram College of Pharmacy**
BPharm | DPharm

**Shri Ram College of Law**
BALLB | BComLLB | LLB

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)

## Shri Ram College

First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

### Benefits to Study in Autonomous College

- Flexible & Future Ready Next Generation Programmes.
- Redesigned Multistream Existing Courses as per NEP-2020.
- Internship & Apprenticeship Based Programmes with Collaboration of Industries.
- For Dual Program New Certificate & Diploma Courses Tailored as per need of Industries & Market.
- Dual Programmes with International & National Collaborations.
- Courses with Enhanced Employability and Job Prospects.
- Own Admission Portal. No involvement of the University.
- Hi-tech and Hybrid Mode Teaching Pedagogies.
- Industry-Institution-Interface Forum (I3F).
- Performance Based Transparent Assessment.
- On Time, Grievances free and Syllabus Aligned Exams.
- Declaration of Results in time and Transparent Evaluation Process.
- Industry & Market Ready Training with Excellent Placement.
- Mark Sheets and Certificate/ Diploma will be issued by the College under its Seal and Degree by the Parent State University.

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc/ MSc- Biotech, Microbio BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd
Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

According to NEP 2020, by the year 2030, the ITEP will become the minimal degree qualification for school teachers

**ITEP** (Integrated Teacher Education Program)
**BABEd** # Preschool/ Primary/ Secondary/ Senior Secondary Level
**BScBEd** # Preschool/ Primary/ Secondary/ Senior Secondary Level
**BComBEd** # Senior Secondary Level

Shri Ram College is the only college of Western UP having ITEP in all disciplines & levels

Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development

For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

## For Admission Scan QR code

or

Register on **www.srcmzn.com** by clicking the link Apply for Registration: 2025-26

**Note:** Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

### For Further Information Please Contact @

Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Education: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम हमले में सभी हमलावार बाहरी थे: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में कोई स्थानीय संलिप्त नहीं थे और सभी हमलावर विदेशी नागरिक थे। अब्दुल्ला ने पर्यटन स्थल गुलमर्ग में संवाददाताओं से कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें कोई स्थानीय लोग संलिप्त नहीं थे। छब्बीस लोगों को गोली मारने वाले विदेशी थे। उन्होंने कहा कि एनआईए ने जांच के दौरान हमलावरों की मदद करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने हालांकि इस पर भी जोर दिया कि दोनों को आतंकवादियों की मदद करने के लिए मजबूर किया गया हो। उन्होंने कहा कि और हो सकता है कि एनआईए ने यह भी कहा हो कि उन्हें मदद करने के लिए मजबूर किया गया था। अब जांच जारी रहने दीजिए। उसके बाद एनआईए के समक्ष आरोप प्रस्तुत किए जाएंगे।

### वैष्णो देवी का नया ट्रैक दूसरे दिन भी बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा कस्बे की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए ट्रैक पर भूस्खलन के बाद मंगलवार को यह दूसरे दिन भी बंद रहा और कोहरे के कारण हेलिकॉप्टर सेवा स्थगित रही। अधिकारियों ने यहां बताया कि हेमकोटि के पास भारी बारिश के कारण सोमवार को भूस्खलन और मिटी धंसने से नया ट्रैक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि मलबा हटाने के लिए लोग और मशीनें काम पर लगी हुई हैं और नए ट्रैक पर यात्रा की अनुमति नहीं दी जा रही है। नए मार्ग पर चल रही बैटरी कार सेवा भी प्रभावित हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुराने पारंपरिक मार्ग से यात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

# गरीबोन्मुखी नीतियों के पीछे है नारायण गुरु की प्रेरणा: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सरकार के हर निर्णय के पीछे उनकी शिक्षाओं का योगदान है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के शिवगिरी मठ के संत नारायण गुरु को विक.सित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए ऊर्जा का बड़ा स्रोत बताया है और कहा है कि समाज के शोषित-पीड़ित-वंचित वर्ग के लिए उनकी सरकार के हर निर्णय के पीछे उनकी शिक्षाओं को योगदान है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आध्यात्मिकता और नैतिकता का पालन करने वाले भारत के दो महानतम नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर ब्रह्मर्षि स्वामी सच्चिदानंद, श्रीमठ स्वामी शुभंगा-नंदा, स्वामी शारदानंद, केन्द्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन जी, सांसद अडूर प्रकाश भी मौजूद थे। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न केवल हमारे स्वतन्त्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतन्त्रता के उद्देश्य को, आजाद भारत के सपने को ठोस मायने दिए। सौ साल पहले श्रीनारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात, आज भी उतनी ही प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है। वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए, आज भी ऊर्जा के बड़े स्रोत की तरह है।

# पूंजीगत निवेश के मामले में तेजी से उभर रहा यूपी

**लखनऊ, वार्ता**



■ बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

उत्तर प्रदेश पूंजीगत निवेश के मामले में देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडीचर) में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक है।

उल्लेखनीय है कि पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है, जो सरकारें स्थाई परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है, जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से प्रस्तुत की गई हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3 प्रतिशत), गुजरात (9.4 प्रतिशत), महाराष्ट्र (8.3 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (8.1 प्रतिशत) और कर्नाटक (7.6 प्रतिशत) मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। इन आंकड़ों में सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश का नाम आना इस बात का संकेत है कि राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास की रफ्तार तेज है।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9 प्रतिशत पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9 प्रतिशत), गुजरात (8.1 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (7.5 प्रतिशत) और ओडिशा (6.4 प्रतिशत) थे। पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश में लोकप्रिय बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे मेगाप्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून- व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है।

अधिकारियों की माने, तो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे राज्य का कैपिटल एक्सपेंडिचर भी बढ़ा है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। यही नहीं, केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त कोशिशों से यूपी को बजट आवंटन, परियोजनाओं की मंजूरी और वित्तीय सहायता में बड़ी बढ़त मिली है।

## राहुल ने की दलित युवकों पर अत्याचार की कड़ी निंदा

# ओडिशा की घटना संविधान पर हमला

**भुवनेश्वर, वार्ता**



■ घटना उन लोगों के लिए आईना है, जो कहते हैं कि जाति अब कोई मुद्दा नहीं है, देश संविधान से चलता है, किसी की सोच से नहीं

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ओडिशा के गंजम जिले के धराकोट ब्लॉक के अंतर्गत सिंगीपुर गांव में दो दलित युवकों पर किए गए अमानवीय अत्याचार की कड़ी आलोचना की है। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि यह घटना उन लोगों के लिए आईना है, जो कहते हैं कि जाति अब कोई मुद्दा नहीं है। देश संविधान से चलता है, किसी व्यक्ति की खास सोच से नहीं। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की।

कांग्रेस नेता ने कहा कि ओडिशा में दो दलित युवकों को घुटनों पर चलने, घास खाने और गंदा पानी पीने पर मजबूर करना सिर्फ़ अमानवीय नहीं, बल्कि मनुवादी सोच की बर्बरता है। ये घटना उन लोगों के लिए आईना है, जो कहते हैं कि जाति अब मुद्दा नहीं रही। दलितों की गरिमा को रौंदने वाली हर घटना, बाबा साहेब के संविधान पर हमला है- बराबरी, न्याय और मानवता के खिलाफ़ साज़िश है। भाजपा शासित राज्यों में ऐसी घटनाएं आम होती जा रही हैं, क्योंकि उनकी राजनीति ही नफ़रत और ऊंच-नीच पर टिकी है। उन्होंने कहा कि विशेषकर ओडिशा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के खिलाफ़ अत्याचार चिंताजनक रूप से बढ़े हैं। गांधी ने कहा कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करके कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए। देश संविधान से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं। गंजम जिले के धारकोटे ब्लॉक में हुई, यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में दो दलित युवकों को मवेशी तस्करी के संदेह में सार्वजनिक रूप से अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित हरिपुर गांव के निवासी हैं, कथित तौर पर एक शादी के लिए दहेज के रूप में तीन गायों को सिंगीपुर ले जा रहे थे, तभी भीड़ ने उन्हें रोक लिया। अवैध गाय तस्करी के संदेह में भीड़ ने उन्हें रस्सियों से बांध दिया, घुटनों के बल पर पूरे गांव में घुमाया और उन्हें गंदे नाले का पानी पीने के लिए मजबूर किया। इस बीच ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने मंगलवार को ओडिशा विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता राम चंद्र कदम के नेतृत्व में कांग्रेस की एक तथ्य-खोजी टीम को गांव का दौरा करने, पीड़ित से मिलने, घटना की जांच करने और प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक रिपोर्ट सौंपने के लिए नियुक्त किया। तथ्यान्वेषी दल के अन्य सदस्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं विधायक रमेश जेना, पूर्व विधायक लालतेन्दु महापात्रा और महासचिव तुलेश्वर नायक हैं।

### मोदी ने किया अर्थव्यवस्था का बंटाधार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। पार्टी के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने देश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का बंटाधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है और नोटबंदी से शुरू होकर देश के लोगों पर हर वर्ष नए प्रयोग हो रहे हैं। जनता को नित नए तरीकों से प्रताकड़त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बचत खातों से मिलने वाली ब्याज दरें 25 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे बुजुर्गों और आम नागरिकों की जेब पर सीधा वार हो रहा है। बैंकों ने अपने दरवाज़ों को पहले ही आम लोगों के लिए बंद कर रखा है। इसके बाद तो वे केवल बेहद अमीर पूंजीपति मित्रों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# न्यायमूर्ति शेखर को हटाने संबंधी नोटिस पर 44 सांसदों ने किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, वार्ता**



कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को कथित 'घृणास्पद भाषण' के चलते पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है, जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। इस मामले को लेकर कपिल सिब्बल ने दावा किया है कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि पिछले छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है।

सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने में पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसम्बर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। सूत्रों के अनुसार, पूर्व केंद्रीय मंत्री और अब निर्दलीय राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने पिछले छह महीनों में अपने आधिकारिक ईमेल पर तीन बार अनुस्मारक भेजने के बाद भी अब तक राज्यसभा सचिवालय के समक्ष अपने हस्ताक्षर का सत्यापन नहीं कराया है। सिब्बल ने का कहना है, मैंने सभापति धनखड़ से कई बार मुलाकात की है, लेकिन उन्होंने न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर मेरे हस्ताक्षरों के सत्यापन का मुद्दा कभी नहीं उठाया जबकि पूरी प्रक्रिया का प्रस्तुतकर्ता और आरंभकर्ता मैं ही हूं। शेखर यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार हैं।



सेंसेक्स 82055.11
निफ्टी 25044.35



सोना रु. 98807
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 106502
प्रति किलो



# चौतरफा लिवाली की बदौलत बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



■ इजरायल-ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते की घोषणा से निवेशक हुए उत्साहित

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इजरायल और ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते की घोषणा के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 158.32 अंक की छलांग लगाकर 82055.11 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.45 अंक बढ़कर 25044.35 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 45,818.41 अंक और स्मॉलकैप 0.71 प्रतिशत की छलांग लगाकर 53,053.00 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4144 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2662 में लिवाली जबकि 1339 में बिकवाली हुई, वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 2976 कंपनियों के शेयरों में से 1966 में तेजी जबकि 917 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा। बीएसई में फोकस्ड आईटी, टेक, तेल एवं गैस, आईटी और ऊर्जा की 0.18 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 16 अन्य समूहों का रुझान सकारात्मक रहा।

इससे कमोडिटीज 1.12, सीडी 0.37, एफएमसीजी 0.36, वित्तीय सेवाएं 0.81, हेल्थकेयर 0.18, इंडस्ट्रियल्स 0.34, दूरसंच.ार 1.13, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.62, बैंकिंग 0.72, कैपिटल गुड्स 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.42, धातु 0.96, पावर 0.55, रियल्टी 0.16 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.13 प्रतिशत मजबूत रहे। विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.28, जर्मनी का डैक्स 1.90, जापान का निक्केई 1.14, हांगकांग का हैंगसेंग 2.06 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.15 प्रतिशत उछल गया। कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 638 अंक की छलांग लगाकर 82,534.61 अंक पर खुला और लिवाली होने से दोपहर से पहले 83,018.16 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं इसके बाद अचानक हुई बिकवाली से कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,900.12 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,896.79 अंक के मुक.ाबले 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 82055.11 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 208 अंक उछलकर 25,179.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,317.70 अंक के उच्चतम जबकि 24,999.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,971.90 अंक की तुलना में 0.29 प्रतिशत मजबूत होकर 25,044.35 अंक पर बंद हुआ।

### सीजफायर की खबर से गिरे सोने के दाम

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा की खबर के बाद सोने और चांदी के भाव गिर गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 97,000 से नीचे चला गया, मंगलवार सुबह सोने की कीमत 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98,807 प्रति 10 ग्राम पर खुली, जो पिछले बंद भाव 99,388 से काफी कम है। दिन के शुरुआती कारोबार में सोने का भाव और नीचे गया और 96,422 के स्तर तक पहुंचा, जो 2.98 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाता है। चांदी की कीमतें भी 0.24 प्रतिशत कम होकर 1,06,502 प्रति किलोग्राम पर खुली, जो पिछले बंद भाव 1,06,759 से कम है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे

विदेशी बाजारों में आई भारी गिरावट के दबाव में मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 112 रिंगिट लुढ़ककर 3975 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.96 सेंट की गिरावट के साथ 52.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा.री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबा.री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 16849 रुपये, मूंगफली तेल 17948 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14102 रुपये, पाम ऑयल 13333 रुपये और वनस्पति तेल 14666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# इटावा की घटना पर भड़के सपा मुखिया अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि भागवत कथा किसी जाति विशेष की न होकर सभी की होती है।

वे मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यूपी की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। इटावा के बकेवर में पिछड़ी जाति के एक कथावाचक पर हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह घटना सिर्फ एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि समाज के उस वर्ग पर हमला है, जो अब अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहा है। कथा सुनना सबका हक है, तो बोलना भी सबका अधिकार है।अखिलेश यादव ने कहा कि लोगों ने इसको व्यवसाय बना लिया है । ऐसे लोगों की वजह से इटावा की घटना घटित हुई है। सरकार ऐसा कानून लेकर आए कि कथा वाचन का काम एक वर्ग विशेष के लोग ही कर सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान और...**

था। सुबह 10:38 बजे उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा कि अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प साफ कर चुके हैं कि वह अब शांति चाहते हैं और युद्ध को और बर्दाश्त नहीं करेंगे, लेकिन इजरायल युद्ध विराम की शुरुआत से ही इसका उल्लंघन कर रहा है। मंगलवार को ट्रम्प ने इजरायल के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि वह इजरायल के एक्शन से खुश नहीं है।

इस बयान के कुछ घंटों बाद ट्रम्प ने नेतन्याहू को एक और झटका दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान में शासन परिवर्तन का विरोध करते हैं, जबकि उन्होंने दो दिन पहले ही संकेत दिया था कि वे इसका समर्थन कर सकते हैं। नेतन्याहू अपने कई भाषणों में कह चुके हैं कि ईरान का खामनेई शासन शांति में रुकावट है और वह ईरान की जनता के लिए और क्षेत्र के लिए इसे उखाड़ फेकेंगे। लेकिन अब ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि वह ईरान में शासन बदलने के पक्ष में नहीं हैं। ट्रम्प ने नीदरलैंड जाते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि शासन परिवर्तन से 'अराज.कता' पैदा होगी, जबकि नेतन्याहू ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अली खामेनेई के मरने से ये लड़ाई बढ़ेगी नहीं, बल्कि खत्म होगी।

हालांकि दो दिन पहले ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, 'यदि वर्तमान ईरानी शासन ईरान को फिर से महान बनाने में असमर्थ है, तो शासन परिवर्तन क्यों नहीं होगा, लेकिन कतर में ईरान के हमले के बाद ट्रम्प के सुर बदले हुए नजर आ रहे हैं और अब वह ईरान से पंगा लेने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। वहीं इस बहस के बढ़ने के बाद इसके बाद व्हाइट हाउस ने अपने कदम पीछे खींचते हुए कहा कि यह ईरानी लोगों को तय करना है और यह अमेरिकी सेना का लक्ष्य नहीं है। वहीं इस युद्ध के बाद ईरान समेत पूरी दुनिया में अली खामेनेई की लो.कप्रियता बढ़ गई है।

# इलेक्ट्रिक कार विनिर्माण प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन सुविधा शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारी उद्योग मंत्रालय ने देश में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के कल-कारखानों को बढ़ावा देने की योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था मंगलवार से शुरू कर दी और आवेदन 21 अक्टूबर शाम छह बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने इसके लिए पोर्टल प्रारंभ किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह योजना के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के स्तंभों को मजबूत करने वाली है और इसका उद्येश्य भारत को अगली पीढ़ी के ऑटोमोटिव विनिर्माण और प्रौद्योगिकी नेतृत्व के लिए एक विश्वसनीय वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि एसपीएमईपीसीआई योजना के तहत इस पोर्टल के लॉन्च से वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए भारत के तेजी से विकसित हो रहे ऑटोमोटिव परिदृश्य में निवेश करने के नए रास्ते खुलते हैं। यह योजना न केवल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन के स्तर में वृद्धि को निवल शून्य करने के लक्ष्य को हासिल करने की हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के अनुकूल है, बल्कि यह एक स्वस्थ, नवाचार- संचा.लित अर्थ व्यवस्था बनाने के हमारे संकल्प को भी मजबूत करती है। सरकार ने पिछले साल 15 मार्च को इसकी अधिसूचना जारी की थी। योजना के विस्तृत दिशानिर्देश इसी माह दो तारीख को अधिसूचना संख्या एसओ 2450 (ई) दो जून के माध्यम से जारी किए गए थे। इन्हें मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। आवेदन पोर्टल आज सुबह 10.30 बजे से चालू हो गया है। आवेदन स्वीकृति तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए 15 प्रतिशत की निम्नस्तरीय सीमा शुल्क की दर पर न्यूनतम 35,000 डॉलर के मूल्य के साथ पूरी तरह विनिर्मित वाहनों का आयात करने की अनुमति दी जा रही है। योजना के प्रावधानों के आवेदक को इस योजना के लाभ की पात्रता के लिए भारत में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना आवश्यक होगा। उम्मीद है कि इस योजना के तहत कुछ चुनिंदा विदेशी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता भारत में अपने कारखाने लगाने के लिए आ सकते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 25 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 163 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राहुल गांधी ने की ओडिशा में दलित युवकों पर अत्याचार की कड़ी निंदा पेज 2



स्पिन गेंदबाज दिलीप दोशी का दिल का दौरा पड़ने से निधन खेल टाइम्स



नशीली दवाओं के विरुद्ध महत्वाकांक्षी युद्ध संपादकीय



इजरायल को दहलाकर मुस्लिमों में हीरो बने खामेनेई पेज 12

# ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर ढाई घंटे में ही टूटा

**ईरान ने इजरायल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, एक बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी, पांच लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल**

**इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तरी हिस्से में रडार साइट पर हमला किया, इजरायली आर्मी ने की हमले की पुष्टि**

**तेहरान/वाशिंगटन, वार्ता**

**इजरायल -ईरान** जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया।

सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ईरान ने इजरायल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं। ईरानी हमले के जवाब में इजरायल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। इसके बाद इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। ईरानी मीडिया के मुताबिक तेहरान के उत्तरी हिस्से में मंगलवार शाम दो बड़े धमाकों की आवाज़ सुनी गई हैं। इजरायल के इस कदम से



**अमेरिका से नेतन्याहू को दूसरा बड़ा झटका, ट्रम्प का ऐलान, खामेनेई ही रहेंगे ईरान के सुप्रीम लीडर**

युद्ध विराम की कोशिशों पर पानी फिर सकता है। इजरायली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है। ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि ईरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया और उसे जवाब देना जरूरी है। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह 3:32 बजे ट्रम्प ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया -**शेष पृष्ठ दो पर**

### कतर के अमीर ने मध्यस्थता की, ईरान को मनाया

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता के बाद हुआ। ट्रम्प ने मंगलवार सुबह 3:32 बजे 12 दिनों से जारी जंग को लेकर इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर की घोषणा की। ट्रम्प ने सीजफायर के पहले कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से बात की थी। इसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी से संपर्क किया। ट्रम्प ने हमद अल थानी को बताया कि इजरायल सीजफायर के लिए तैयार है और ईरान को मनाने के लिए मदद मांगी।

# भारत ने की ऑपरेशन सिंदूर के बाद 1981 करोड़ के हथियारों की आपात खरीद

## भारतीय सेना और अत्याधुनिक हथियारों से होगी लैस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेनाओं को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने और आतंकवाद रोधी अभियानों में सेना की संचालन तथा मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आपात खरीद प्रणाली के तहत 1981 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक हथियारों की खरीद के 13 अनुबंधों को अंतिम रूप दिया है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सेना के लिए आपात खरीद मद के तहत 2,000 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। आपात खरीद प्रणाली के तहत सेना के लिए एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम (आईडीडी आईएस), लो लेवल लाइटवेट रडार (एलएल एलआर), बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) - लॉन्चर और मिसाइल, रिमोटली पायलटेड एरियल व्हीकल (आरपीएवी), वर्टिकल टेक- ऑफ और लैंडिंग (वीटी ओएल), सिस्टम सहित लोइटरिंग म्यूनिशन, विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट (बीपीजे), बैलिस्टिक हेलमेट, क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल (क्यूआर एफवी) - भारी और मध्यम और राइफलों के लिए नाइट साइट्स जैसे हथियार और उपकरण खरीदे जाएंगे। आपात खरीद प्रणाली के तहत त्वरित प्रक्रियाओं के माध्यम से की जाने वाली खरीद का उद्देश्य आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए स्थितिजन्य जागरूकता, मारक क्षमता, गतिशीलता और सुरक्षा को बढ़ाना है। तेजी से क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अधिग्रहण को कम से कम समयसीमा के भीतर पूरा किया गया है। यह खरीद रक्षा मंत्रालय की सेना को उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आधुनिक, मिशन-महत्वपूर्ण और पूरी तरह से स्वदेशी प्रणालियों से लैस करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय इससे पहले भी कई बार आपात खरीद प्रणाली के तहत सेनाओं के लिए खरीद कर चुका है।

### दो युवकों का आधा सिर मूंडा, घास खिलाई, गो-तस्करी के शक में पीटा

**गंजम।** ओडिशा के गंजाम जिले में गो-तस्करी के शक में दो दलित युवकों को बुरी तरह पीटा गया। उनका आधा सिर मुंडवाया गया। उन्हें घुटनों के बल रेंगने, घास खाने और नाली का पानी पीने के लिए मजबूर किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना 22 जून को खारिगुमा गांव में हुई। पुलिस ने अगले दिन यानी 23 जून को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सिंगीपुर गांव के रहने वाले बबुला नायक और बुलु नायक हरिऔर इलाके से दो गाय और एक बछड़ा अपने गांव ले जा रहे थे। खारिगुमा गांव में गो-रक्षकों ने उन्हें रोका। उनसे 30 हजार रुपये मांगे। मना करने पर पीटा। सैलून ले जाकर आधा सिर मुंडवाया। उन्हें एक किमी तक घुटनों के बल रेंगने पर मजबूर किया। दोनों लोगों को घास खिलाई और नाली का पानी पिलाया गया।

### एयर इंडिया ने फिर शुरू की प. एशिया व यूरोप की उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एयर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे फिर से शुरू करेगी। पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, इसलिए उड़ानों का संचालन चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। एयर इंडिया ने यह भी कहा कि मंगलवार से यूरोप के लिए और यूरोप से आने वाली उड़ानें भी दोबारा शुरू कर दी जाएंगी। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, एयर इंडिया मंगलवार से इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे शुरू करेगी।

### ऑपरेशन सिंधु के तहत 326 और भारतीय पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंधु के तहत इजरायल से मंगलवार को दो उड़ानों से 326 भारतीय नागरिक दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन सिंधु का इजरायल चरण 23 जून को शुरू हुआ, जिसमें इजरायल से 161 भारतीय नागरिकों का पहला समूह स्वदेश लौटा। मंगलवार सुबह 8:20 बजे जॉर्डन की राजधानी अम्मान से ये लोग सुरक्षित रूप से नई दिल्ली पहुंचे।

### राजनाथ चीन में SCO की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के क़ुगिदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दो दिन की बैठक के दौरान सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के साथ-साथ आतंकवाद विरोधी प्रयासों और एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# उप्र: जून में बारिश का 50 साल का रिकॉर्ड टूटा, सूरत में बाढ़ जैसे हालात

## यमुनोत्री-बद्रीनाथ में लैंडस्लाइड, तीन की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गुजरात में पिछले 2 दिन से तेज बारिश हो रही है। सूरत में 24 घंटे में 10 इंच बारिश दर्ज की गई है। शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया है। शहर के स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं।

लगातार बारिश से दो स्टेट हाईवे में जलभराव हो गया है। 4-5 हाउसिंग सोसाइटी में पानी भर गया है। पूना पर्वत गाम, वराछा, कपोदरा, कटारगाम, वेद रोड और जहांगीर पुरा जैसे निचले इलाकों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। इधर, दक्षिण पश्चिम मानसून ने मंगलवार को हरियाणा में भी एंट्री कर ली। इसके साथ ही दिल्ली को

**दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों में पहुंचा मानसून**

छोड़कर मानसून सभी राज्यों में पहुंच गया है। 24 मई को तय तारीख से 8 दिन पहले मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। दिल्ली में सामान्य तौर पर 30 जून तक मानसून पहुंचता है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और यूपी के कुछ जिलों में मानसून का प्रवेश बाकी है। आमतौर पर मानसून 8 जुलाई तक पश्चिमी राजस्थान के पोखरण में पहुंचता है। उत्तर प्रदेश में जून में बारिश का 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। 1971 से 2020 के बीच हुई औसत बारिश के मुकाबले इस साल 25 फीसदी ज्यादा बरसात हुई है। इस साल राज्य में एक जून से 23 जून के बीच 66.9 मिमी औसत बारिश हुई है, जबकि अनुमान 53.7 मिमी का था उत्तराखंड में मानसून के पहुंचने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं का दौर भी शुरू हो गया है। यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची बैंड के पास भूस्खलन हुआ, इसमें करीब आधा दर्जन यात्री दब गए। मलबे से 2 शव बरामद किए गए हैं। राहत और बचाव का काम जारी है। बद्रीनाथ से लौट रहे हरियाणा के श्रद्धालु की कार पर पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर गिर जाने से महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। केदारनाथ पैदल मार्ग पर बरसाती नाले में उफान से भारी मात्रा में मलबा दुकानों में घुस गया। लगभग आधा दर्जन दुकानों को नुकसान हुआ है।



इजरायल के सैनिक बीर्शेबा में ईरानी मिसाइल हमले में नष्ट हुए आवासीय भवनों के मलबे के बीच काम करते हुए। इस हमले में कई लोग मारे गए।

### तीन लाख का इनामी कुख्यात अपराधी रोमिल मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी को मार गिराया, जिसकी पहचान रोमिल वोहरा के रूप में हुई है और उस पर तीन लाख दस हजार रुपये का इनाम था। स्पेशल सेल एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात हरियाणा पुलिस की एसटीएफ से सूचना प्राप्त हुई थी कि कई आपराधिक मामलों में वांछित रोमिल दिल्ली में आने वाला है। इस पर हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक संयुक्त टीम ने मिलकर उसे पकड़ने की योजना बनाई। उन्होंने कहा कि मंगलवार सुबह दक्षिणी दिल्ली के किशनगढ़ के इलाके में हरियाणा बॉर्डर के पास पुलिस की टीम ने रोमिल को घेर लिया। रोमिल ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई रोमिल ढेर हो गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होना क्राइम करने की छूट नहीं देता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस के सामने सरेंडर से छूट देने से इन्कार कर दिया। आरोपी ने कोर्ट के सामने दलील दी थी कि वो ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा था।

आरोपी ने कहा कि मैं 20 साल से राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैककैट कमांडो हूं। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि आप ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे, इससे आपको घर पर अत्याचार करने की आजादी नहीं मिल जाती है। आप देखिए कि फिजिकली कितने फिट हैं, ये दिखा रहा है कि आपने अपनी पत्नी का गला घोंट

**पत्नी की हत्या के आरोपी कमांडो को सुप्रीम कोर्ट की फटकार**

दिया हो, उसे मार डाला हो। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले का बदला लिया था। 6-7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की थी। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 20 साल पुराने इस केस में फैसला सुनाया है। 2004 में आरोपी बलजिंदर को अमृतसर की ट्रायल कोर्ट ने दोषी करार दिया था। इसके खिलाफ बलजिंदर ने हाईकोर्ट में अपील की थी।

**उत्तराखंड पंचायत चुनाव**

# हाईकोर्ट के फैसले से पहले ही आयोग ने रोक लगाई

## नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में राज्य चुनाव आयोग ने की अधिसूचना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून/नैनीताल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर हाईकोर्ट की रोक और मंगलवार की सुनवाई के आदेशों के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने भी अपने चुनावी कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी अधिसूचना जारी करते हुए कहा है कि पंचायत चुनावों में नामांकन की कार्रवाई एवं अन्य आगे की कार्यवाहियां अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती हैं। यानी राज्य में पंचायत चुनावों की आचार संहिता फिलहाल हट गई है।

राज्य चुनाव आयुक्त सुशील कुमार द्वारा जारी अधिसूचना में हाईकोर्ट के सोमवार 23 जून और मंगलवार 24 जून की सुनवाई एवं निर्देशों का हवाला दिया गया है। कहा है कि



**राज्य में अग्रिम आदेशों तक पंचायत चुनावों की आचार संहिता समाप्त**

21 जून को राज्य चुनाव आयोग ने जो पंचायत चुनावों का कार्यक्रम जारी किया था, उस कार्यक्रम में दिनांक 25 जून से दिनांक 28 जून तक नामांकन एवं तदोपरान्त निर्वाचन का अग्रिम कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। चूंकि उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल के उपरोक्त आदेश से राज्य सरकार के आरक्षण सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्यवाही अग्रिम आदेशों तक स्थगित की गई है जिस कारण पदों - स्थानों के आरक्षण एवं आवंटन की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इन परिस्थितियों में नामांकन की कार्यवाही एवं तदोपरान्त अग्रिम कार्यवाहियां किया जाना संभव नहीं है। अत: उच्च न्यायालय नैनीताल के अनुपालन में आयोग द्वारा 21 जून को निर्गत अधिसूचना संख्या 1141 में विनिर्दिष्ट दिनांक 25 जून से नामांकन की कार्यवाही एवं अन्य कार्यवाहियां अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती हैं।

### सरकार ने की हाईकोर्ट से पंचायत चुनाव से रोक हटाने की मांग

**नैनीताल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर लगी रोक को हटाने के सम्बंध में मंगलवार को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के समक्ष मेंशन कर कहा कि 9 जून को सरकार ने जो नियमावली बनाई थी उसका गजट नोटिफिकेशन 14 जून को हो गया था। लेकिन कम्युनिकेशन गैप के कारण गजट नोटिफिकेशन को हाईकोर्ट के समक्ष सुनवाई के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। मंगलवार को सरकार की ओर से यह नोटिफिकेशन हाईकोर्ट के समक्ष पेश कर दिया है। जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने पंचायत चुनाव सम्बन्धी सभी याचिकाओं की सुनवाई के लिए 25 जून बुधवार (आज) अपरान्ह 2 बजे का समय निर्धारित किया है। इस मामले में मंगलवार को दीपिका किरौला व अन्य की याचिकाएं भी सुनवाई को लगी थी।

# तिस्सा के ग्रामीण की सड़क हादसे में मौत

## देहरादून से दवाई लेकर वापस घर लौट रहा था वेदपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** सड़क हादसे मे मजदूर की मौत से परिवार मे मातम छा गया है। ग्रामीणों ने मृतक परिवार की आर्थिक सहायता की मांग प्रशासन से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के तिस्सा गांव निवासी जसपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई वेदपाल 41 वर्ष शनिवार को देहरादून दवाई लेने के लिए गया था। रविवार की देर शाम वह दूर के रिश्तेदार सुरेश निवासी अनती के साथ घर लौट रहे था।

जैसे ही वह सहारनपुर के थाना फतेहपुर क्षेत्र में पहुंचे तो उसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर चोटों के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक वेदपाल के छोटे भाई जसपाल ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध फतेहपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वेदपाल के परिवार में पत्नी कविता, चार बच्चे पुत्र सचिन, पुत्री राधिका, स्नेहा, गोरी, माता जगवती सहित दो भाई जसपाल वह ब्रह्मसिंह हैं। मृतक मजदूरी कार्यकर्ता था। गांव में शोक की लहर है।

## प्रेमी युगल को पुलिस ने किया बरामद

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने बीते दिनों कस्बे से फरार हुए एक प्रेमी युगल को एक व्यक्ति को दबाव में लेते हुए बरामद कर लिया। किशोरी नाबालिग बताई गयी है लेकिन युवक के परिजन पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिए अपने पुत्र की शादी नाबालिग किशोरी के साथ करने पर ही आमादा हैं। किशोरी और युवक एक ही सांप्रदाय के हैं मगर अलग अलग जातियों से हैं। चर्चा है कि युवक के परिजन किशोरी के परिजनों पर किसी भी सूरत में शादी करने का दबाव बनाए हुए हैं। ये मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र से जानकारी करनी चाही लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। कुल मिलाकर युवक पक्ष पुलिस की कार्यवाही से बचने को कुछ भी करने को तैयार दिखाई पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते हफ्ते बुढ़ाना कस्बे से एक युवक कस्बे की ही एक नाबालिग किशोरी को लेकर फरार हो गया था। युवक अपने घर से मोटी रकम भी ले गया था कुछ इस तरह की चर्चाए हैं। सूत्रों के अनुसार उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने की तैय्यारी में लगी है।

## मन्सूरपुर कट पर वाहन से टकराकर बाइक सवार की मौत

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के हाईवे पर शाहपुर मोड़ के समीप एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम पर भेज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

सोमवार रात्रि थाना क्षेत्र के गांव सोंटा निवासी युवक विपिन बाइक पर सवार होकर खानुपुर में स्थित एक गोदाम पर किसी काम से गया था।अपना काम निपटाकर जब वह हाईवे पर शाहपुर मोड़ के समीप पहुंचा तो इसकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी,और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल विपिन को पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां पर डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया।युवक की मौत से परिजनों में बुरी तरह कोहराम मच गया था।विपिन के भाई राजकुमार ने थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## बंदरों ने युवती को काटकर किया घायल

**बुढ़ाना।** आतंकी बंदरों ने आतंक मचाते हुए अपनी छत पर कपड़े सुखाने गयी एक युवती को काट खाया और जख्मी कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बहलोलपुर हत्तासारी निवासी 21 वर्षीया शिवानी कुमारी मंगलवार के दिन अपनी छत पर दोपहर के समय कपड़े सुखाने गयी थी कि अचानक से आतंकी बंदरों ने शिवानी कुमारी को अकेला देखकर अचानक से हमला बोल दिया और उसको काटकर जख्मी कर दिया। शिवानी का शोर शराबा सुनकर परिजन छत पर डंडा लेकर आए और बड़ी मुश्किल से बंदरों के चंगुल से शिवानी कुमारी को छुड़ाया और बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत में अब काफी सुधार है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा आतंकी बंदरों ने उनकी जिंदगी नरक बनाकर रख दी। आए दिन बंदर किसी ना किसी पर हमला करते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से इस गंभीर समस्या की और ध्यान दिए जाने की मांग की है।

# पारिवारिक विवाद में पांच भाइयों ने बहनों और भांजी को पीटा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एक पारिवारिक विवाद ने उस वक्त गंभीर रूप ले लिया जब पांच भाइयों ने मिलकर अपनी ही तीन बहनों और भांजी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। लहूलुहान हालत में पीड़ित महिलाएं कोतवाली पहुंचीं और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही थी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर एक महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घटना में घायल होने वाली महिलाओं में शहनाज पत्नी नफीस, रीना पुत्री नफीस (24) और रुखसार के तौर पर हुई है, जबकि 22 वर्षीय सादिया को भी हमले में चोटें आई हैं। बताया गया कि हमलावरों में राशिद, वासिद, यूनुस, वसीम और सलीम शामिल हैं, जो सभी आपस में सगे भाई हैं। घटना के पीछे पारिवारिक रंजिश बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिर"तार कर लिया जाएगा और मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांग के साथ मारपीट करने के आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई

**भोपा।** जौली गांव मे उधार के पैसे लेने गये दिव्यांग के साथ युवक ने मारपीट की मामला दो सम्प्रदाय से जुडा होने के कारण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली निवासी कामोद धीमान का 18 वर्षीय पुत्र निखिल धीमान दिव्यांग है जो गांव स्थित मंदिर मे रहता है। सोमवार की शाम वह गांव स्थित अमीर आजम की दुकान पर अपने उधार के तीन रूपये वापस लेने गया था। आरोप है की अमीर आजम ने निखिल को धक्का देकर उसके साथ मारपीट की। वहीं दूसरे सम्प्रदाय के युवक द्वारा मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट की खबर वायरल होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अमीर आजम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार लिया तथा मंगलवार को चालान कर तहसील न्यायलय भेज दिया।



बुढाना:लीची के बाद अब बाजार में सज गई है आम, अनानास की दुकानें।

# लीची, अनानास और नारियल में आया उछाल

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में इस मौसम मे फल विक्रेताओं को अच्छी बिक्री की उम्मीद थी लेकिन महंगाई ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। फल विक्रेताओं का कहना है कि इस बार फलों की बिक्री में भारी गिरावट देखी जा रही है। पिछले सालों में जहां ग्राहक एक से दो किलो फल खरीदते थे वहीं अब महंगाई के कारण वे मात्र 100 से 200 ग्राम फल ही खरीद पा रहे हैं। यह स्थिति न केवल ग्राहकों के लिए चिंताजनक है बल्कि फल विक्रेताओं के लिए भी परेशानी का सबब बन गई है। व्यापारियों का कहना है कि विभिन्न त्योहारों के दौरान फलों की बिक्री में वृद्धि की उम्मीद थी लेकिन महंगाई के कारण लोग कम मात्रा में फल खरीद रहे हैं। इससे उनकी दैनिक आय प्रभावित हो रही है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही फलों की महंगाई भी बढ़ने लगी है वहीं फलों की आवक कम होने से भी फल महंगे दामों में मिल रहे हैं। सेब 250 रुपये से 300 रुपये, अनार 80 रुपये जो कि सस्ते हैं लेकिन बावजूद इसके बिक्री कम है। लंगड़ा और लखनवी दशहरी आम 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। पुराने बस स्टेंड पर अस्थाई ठिया लगाने वाले खलील अहमद बताते हैं कि फल कोल्ड स्टोर से मंगाए जा रहे हैं। खरीदारी ही महंगी हो रही है। नवरात्रि पर तो फलों की कीमतों में बढ़ोतरी हो जाती है। इसकी वजह से बिक्री में भी गिरावट आती है। महंगाई की वजह से त्योहारी सीजन में लोग फलों से दूरी बनाने लगे हैं। विभिन्न त्यौहारों में फलों के ठेले अक्सर गली चौक चौराहों पर दिख जाते थे। फलों के दामों में वृद्धि की वजह से अब गली चौक चौराहों पर ठेले नजर नहीं आ रहे हैं।

लीची में इस वक्त पूरा उछाल है जो कि 200 रूपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिक रही है। केला भी 60 रुपये से लैकर 70 रूपये दर्जन तक बिक रहा है। प्रीति 30 रुपये से 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बैंचा जा रहा है। खजूर के दामों में गर्मी के गिरावट आई है। जो कि 100 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। अन्नानास में भारी उछाल है जो कि 120 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। नारियल के भी बीमारी की वजह से रेट बढ़े हैं जो कि प्रति एक पीस 60 रुपया का बैंचा जा रहा है जबकि चीकू मार्किट में नजर नहीं आ रहा है। लोगों के अनुसार अब पहले की तुलना में ज्यादा महंगाई है। जो केला 20 से 25 दर्जन मिल जाता था। वह आज 70 रुपये दर्जन तक बिक रहा है। सेव की कीमत लोकल मार्केट में 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच चुकी है। लोगों ने बताया कि महंगाई के कारण अब त्योहारों में लोगों का उल्लास कम होता जा रहा है। फलों की खरीदारी करने आई छात्रा तान्या ने बताया कि मार्केट में फल बहुत महंगा है। जो केला हम लोगों को सस्ते दामों में मिल जाता था। वह आज दोगुने दाम से भी ऊपर में मिल रहा है। अगर इसी तरह महंगाई बढ़ती रही तो आम इंसान इस महंगाई को झेल नहीं पाएगा। कस्बे के भारत कुमार ने बताया कि फल इतने महंगे हो गए हैं कि लोग सीमित मात्रा में ही फलों को खरीद रहे हैं। एक अन्य फल विक्रेता सिराज ने बताया कि फल कच्चा सौदा होता है अगर बिक्री नहीं हुई तो खराब हो जाता है। इसका नुकसान दुकानदारों को ही होता है। कुल मिलाकर फलों के दाम आसमान छू रहे हैं जो कि गरीबों की पहुंच से दूर ही होते जा रहे हैं।

# पीडीए यात्रा में भाजपा पर जमकर बरसे सपा नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विधानसभा क्षेत्र के गांव उमरपुर में पीडीए यात्रा पहुंची। जहां एक सभा का आयोजनघ् भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदनपाल व संचालन शहम्बर कश्यप ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। मुख्य अतिथि सपा नेता सत्येन्द्र पाल ने सैंकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पीडीए की एकजुटता से बौखला गयी है। वर्तमान सरकार में पीडीए वर्ग ही पीड़ित है। सरकार एक सोची समझी चाल के तहत सरकारी



स्कूलों को मर्जर के नाम पर बंद करने की साजिश कर रही है ताकि गरीब व वंचित वर्ग शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित रह सके। मकसद साफ़ है ना तो गरीब पढ़ेगा और ना ही वह अपने हक के लिए भाजपा सरकार से कोई सवाल करेगा। यही नहीं वर्तमान सरकार की तमाम नीतियां आज समाज में वैमनस्य पैदा कर रही है। हम सबको मिलकर इस तानाशाह सरकार को हटाना होगा और ये तभी संभव है जब आप और हम सब मिलकर पीडीए यात्रा को मजबूत बनाएंगे। यहां बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अकरम खां, जिला सचिव अनेश निर्वाल, इक़बाल कुरैशी व जुल्फिकार कुरैशी आदि सपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। इस कार्यक्रम में डॉक्टर सलीम, सूरजपाल, सरफराज खान, आदिल राणा, मेशु अंसारी, जितेन्द्र कश्यप, यामीन राणा, मांगेराम, ऋषिपाल कश्यप, राजीव कुमार, नरेंद्र, पप्पन कश्यप, सोनू कश्यप, विनोद, वीरपाल, राजीव पाल कल्लू, संजीव पाल, जाकिर राणा, पप्पू, मुन्ना प्रधान और गांव उमरपुर के पूर्व प्रधान अतहर हसन आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की सफलता में मास्टर योगेश, ताहिर हसन, इरफ़ान, मंशाद और रविन्द्र पाल आदि सपा कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग देखने को मिला।

# बाइक और विक्की की भिड़ंत में युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बाइक और तेज रफ्तार विक्की की भिड़ंत में बाइक पर सवार युवक घायल हो गया जबकि विक्की चालक विक्की सहित फरार होने में कामयाब हो गया। घटना के दौरान बाईक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। घायल युवक को आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं ने हस्पताल पहुंचाकर युवक के परिजनों को खबर की।गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा निवासी गुलबहार अहमद आज मंगलवार के दिन अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव हुसैनाबाद भनवाडा से गांव सफीपुर पटी को निकलकर गांव बुआना किसी काम से जा रहा था। जब वह सफीपुर पट्टी में स्थित राजकीय इंटर कालेज के पास आया तो सफीपुर गांव की और से तेज रफ्तार विक्की सवार युवक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और विक्की सहित फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही गुलबहार नीचे जमीन पर गिरकर घायल हो गया और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। मौके से गुजर रहे आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आज़म फारूखी, कोषाध्यक्ष कादिर सिद्दीकी और समद राणा ने घायल गुलबहार को हस्पताल में भर्ती कराकर उसके परिजनों को सूचना दी।

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमारे परिवार में हमारे तीन पुत्र कृष्ण, सोनू, मोहन है हमारे तीनो पुत्र शादीशुदा है। हमारा पुत्र सोनू व उसकी पत्नी उषा हमारे कहने सुनने में नही है। सोनू किसी से भी रूपये लेने के बाद वापस नही देता है। जिससे समाज व रिस्तेदारो मे हमारी छवि खराब हो रही है। इन दोनों की गलत हरकतो से परिवार परेशान हैं। सोनू व पुत्रवधु उषा दिनांक-05.06.2025 से अपने बच्चों को लेकर घर से फरार हैं उनकी हरकतो से तंग व परेशान होकर हमने अपने पुत्र सोनू व पुत्रवधु उषा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुये उनसे अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। किसी भी देन, लडाई झगडे या कानूनी अथवा गैर कानूनी कार्य के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। सोनू व पुत्रवधु उषा पत्नी सोनू के साथ किये गए लेन देन का कोई भी कलेम हमारी सम्पत्ति पर नही होगा।

**सुन्दर पुत्र स्व. भरतु व**
**श्रीमति सन्तोष पत्नी श्री सुन्दर**
**निवासीगण म.नं०-133,**
**थाना कोतवाली नगर,**
**तहसील सदर,**
**जिला-मुजफ्फरनगर**
**उत्तर प्रदेश-251001**



मुजफ्फरनगर:प्रदर्शन उपरांत ज्ञापन देते स्वास्थ्य कर्मचारी। सम्बन्धित समाचार पेज 10 पर।

## अशोक के दो हमलावर पुलिस ने किए अरेस्ट

**बुढ़ाना।** बीती 21 जून को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरालसी के ध्रुव, गौरव, नितिन और मोनू ने एक राय होकर शराब पीकर घर पर आकर ट्रेक्टर की लोहे की हत्थी, चाकू, लाठी, डन्डो से गांव के ही अशोक पुत्र महीपाल पर जानलेवा हमला कर दिया था और फरार हो गये थे। तब सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर घायल अशोक को हस्पताल पहुंचाया था। जहां पर उसकी गंभीर हालत देखकर चिकित्सकों ने उसको जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया था। उधर परासौली पुलिस चौकी के इंचार्ज सुमित कुमार सिंह ने नामजद आरोपी गौरव और उसके भाई ध्रुव पुत्रगण शीशपाल निवासी ग्राम राजपुर छाजपुर को किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर बुढ़ाना वाया कांधला मार्ग पर ग्राम राजपुर छाजपुर पर बने गेट से काँधला की ओर करीब 200 मीटर आगे सड़क से उस समय गिरफ्तार कर लिया।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मुजफ्फरनगर

ई-निविदा सूचना : 14/EUDCMZN/2025-26

कार्य का नाम : विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-जानसठ के कार्यक्षेत्र में एन0एच0 58 फलौदा कट से पुरकाजी ब्लॉक तक चौडीकरण में बाधक 11 केवी फलौदा टाउन की लाईनों को शिफ्ट करने का कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 3540 | धरोहर राशि : रू0 20140

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 24 जुलाई 2025, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD MANASAB से बदलकर MOHD MANSAB कर लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यो के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।

MOHD MANSAB
S/O HASHMAT
Village Bagowali
Thana Nai Mandi,
Muzaffarnagar
U.P. 251001

**सूचना**

मैने अपना नाम JUNAID AHMAD से बदलकर JUNAID HAYAT कर लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यो के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।

JUNAID HAYAT
S/O AHMAD HASAN
Village Bagowali
Thana Nai Mandi,
Muzaffarnagar
UP-251001

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं बाबू पुत्र रामा निवासी ग्राम बिटावदा थाना बुढाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र अमित व उसकी पत्नि मंजू मेरे कहने सुनने में नही हैं। इसलिए में अपने पुत्र अमित व उसकी पत्नि मंजू को अपने समस्त अधिकारों एवं अपनी कुल चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र अमित व उसकी पत्नी मंजू के द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन-देन से मेरा कोई मतलब वास्ता नही होगा। वह दोनों अपने द्वारा किये गये अच्छे-बुरे कार्य एवं लेन-देन के स्वंय जिम्मेदार होंगे। इसलिए अब मेरी कुल चल व अचल सम्पत्ति में मेरे पुत्र अमित व उसकी पत्नी मंजू का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के 15 विद्यार्थियों का हुआ चयन

श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुज"फरनगर की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कम्पनी एस0एल0एम0जी0 ब्रवेजेज कोको.कोला प्रा0 लि0 द्वारा इंजीनियरिंग एवं एम0बी0ए0 के छात्र/छात्राओं को कैम्पस प्लेसमैंट हेतु आमन्त्रित किया गया। कम्पनी के वरिष्ठ एच0आर0 मैनेजर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव अमित त्यागी, असिस्टेंट मैनेजर एच0आर0 मिस कोमल बिष्ट तथा अतुल कुमार की संयुक्त टीम ने प्लेसमेंट प्रक्रिया को सम्पूर्ण कराया जिस हेतु बी0टेक0, एम0बी0ए0 तथा अन्य विधाओं के छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के आरम्भ में श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ0 एस0 एन0 चौहान तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट के चीफ कोऑर्डिनेटर आशीष चौहान ने कम्पनी प्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

प्लेसमेंट प्रक्रिया तीन चरणों में सम्पन्न हुई। प्रथम चरण में सभी अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट टीम के अधिकारियों द्वारा कम्पनी प्रोफाइल, जॉब प्रोफाइल, कार्यक्षेत्र तथा सैलरी आदि के विषय में जानकारी दी। इसके उपरान्त अतुल कुमार द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से विद्यार्थियों को कोकाकोला कम्पनी की वैल्यूज़ व अडॉप्टेशन स्कीम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तीन दशकों से अधिक की विरासत के साथ हमें भारत में कोकाकोला के समृद्ध इतिहास का हिस्सा होने पर गर्व है। हमारी यात्रा गुणवत्ता, नवाचार और हमारे ग्राहकों, उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करने की अटूट प्रतिबद्धता को



प्रदर्शित करती है। इसके बाद छात्र/छात्राओं का ग्रुप डिस्कशन तथा क्रमशः तकनीकी साक्षात्कार हुआ। तृतीय चरण में प्रथम दो चरणों के अन्तर्गत चयनित छात्र/छात्राओं का प्लान्ट अधिकारियों द्वारा ऑनलाईन साक्षात्कार लिया गया जिसमें बीटेक व एमबीए के 15 छात्र/छात्राओं का अन्तिम रूप से चयन किया गया। उत्कृष्टता के आधार पर अन्तिम रूप से चयनित हुए छात्र/छात्राओं में बीटेक से अनिकेत भार्गव, मयंक धीमान, वीरसन आदि तथा एमबीए से सारा महक, अनुष्का आदि रहे।

चयनकर्ताओं की टीम ने श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के छात्र/छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके ज्ञान का स्तर कम्पनी की मांग के अनुरूप है। कम्पनी द्वारा 3.5 एल0पी0ए0 तक के वेतन का ऑफर लैटर प्रदान किया गया।

श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुए उनका उत्सावर्द्धन किया। सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को स्वकेन्द्रित, अनुशासित एवं अपने समय का सदुपयोग करते हुए शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिये ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर हो सकें।" निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान ने बताया कि इस वर्ष ऑन कैम्पस 17 तथा ऑफ कैम्पस 23 कम्पनियों ने छात्र/छात्राओं का वृहद स्तर पर चयन किया।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्र फिरोज व उसकी पत्नी श्रीमती यासमीन व पुत्र रईस व उसकी पत्नी श्रीमती मुसरत मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गये है। इसलिए मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**रियासत पुत्र रमजानी**
**निवासी मौहल्ला मुतफरिक**
**श्यामपुरी इस्लामनगर**
**खतौली थाना खतौली**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुराने पासपोर्ट संख्या V-3412116 में भूलवश मेरा नाम QADIR दर्ज करा दिया गया। अब मैंने अपना नाम QADIR से बदलकर QADIR RANA रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम QADIR RANA से ही जाना व पहचाना जाए।

**कादिर राणा पुत्र शोकिन**
**निवासी-ग्राम दीदाहेडी**
**रोहाना मिल,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैं, पीयूष गोयल पुत्र सत्य प्रकाश गोयल, निवासी 525/1, मुनीम कॉलोनी, नई मंडी, मुजफ्फरनगर (यूपी), मैंने अपना नाम पीयूष गोयल से बदलकर पीयूष कुमार गोयल रख लिया है। अब से मुझे भविष्य में पीयूष कुमार गोयल के नाम से ही जाना जाए।

# सलावा झाल से मिला नवीन का शव, परिजनों ने किया अन्तिम संस्कार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पारिवारिक विवाद के चलते दो भाइयों ने विगत चार दिनों पूर्व शनिवार को आत्महत्या के इरादे से गंगनहर में छलांग लगा दी थी। घटना में एक भाई नहर ने डूब गया, जबकि दूसरे को नहर पर मौजूद युवकों ने बहादुरी दिखाते हुए बचा लिया गया था जिसका शव मंगलवार को सलवा झाल में बरामद कर लिया गया जिसका परिजनों ने अन्तिमसँस्कार कर दिया था।

खतौली कस्बे के जैन नगर निवासी 30 वर्षीय नवीन और उसका बड़ा भाई 34 वर्षीय प्रवीण पुत्र ब्रह्मसिंह के बीच विगत चार दिन पूर्व शनिवार की देर शाम हुए किसी पारिवारिक विवाद को लेकर घर से निकल गए थे। बताया गया कि दोनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इससे आहत होकर दोनों कांवड़ पटरी मार्ग स्थित जैन नगर के सामने गंगनहर पहुंचे और नहर में छलांग लगा दी थी। नहर किनारे मौजूद कुछ युवकों ने जब यह ख्रश्य देखा तो तत्काल हरकत में आ गए और बचाव का प्रयास किया। हिम्मत दिखाते हुए युवकों ने प्रवीन को तो सकुशल बाहर निकाल लिया, लेकिन नवीन तेज बहाव में बह गया था और लापता हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नवीन की तलाश शुरू की गई। कई घंटों की मशक्कत के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया था। नवीन मेरठ शहर के एक निजी स्कूल में शिक्षक था।

युवक के नहर में डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था। वही मंगलवार को नवीन का शव गंगनहर में सलावा झाल में बरामद कर लिया जिस। शव मिलने की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को देने के बाद नवीन के शव का अन्तिमसँस्कार कर दिया गया था।

## पेड़ काटने का विरोध करने पर दंपति से मारपीट

**मोरना।** गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी महिला ने पड़ोसी व्यक्ति पर लिप्टिस के पेड़ काटने का विरोध करने पर गाली गलौज करने में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी सविता ने जानक. ारी देते हुए बताया कि उन्होंने अपने खेत में लिप्टिस के पेड़ लगा रखे हैं। खेत के पड़ोसी ने फावेड़ से उनके पेड़ काट दिए जब वह सुबह खेत पर पहुंचे जहां कटे हुए पेड़ देखकर पड़ोसी से शिकायत की तो आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपी ने महिला व उसके पति के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया पीड़ित दंपत्ति ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# किशोरी से रेप करने वाला रेपिस्ट दबोचा

## हाथ-पैर बांधकर घटना को दिया था अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** घर में घुसकर एक किशोरी के हाथ पैर बांधकर उसके साथ रेप करने वाले कामान्ध युवक को बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की परासोली चौकी क्षेत्र के एक गांव की निवासी 14 वर्षीया एक नाबालिग किशोरी के घर में घुसकर मौका पाकर एक कामान्ध युवक ने विगत दिवस डरा धमकाकर हाथ पैर बांधकर रेप की घटना को अंजाम दिया था और पुलिस में बताने पर किशोरी को मारपीट कर हत्या की धमकी देकर फरार हो गया था। घटना उस वक्त हुई जब किशोरी के परिजन घर पर नहीं थे। पीडिता नाबालिग किशोरी ने रेप होने की घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी थी तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गयी थी।

तब उन्होंने घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो बुढ़ाना पुलिस ने बिना देरी किए उक्त पीडिता किशोरी का मेडिकल कराकर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिए थे।

आज मंगलवार के दिन परासौली पुलिस चौकी के इंचार्ज सुमित कुमार सिंह ने भागदौड़ करके अपने किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर आरोपी रवि को परासौली नहर की पुलिया के पास से पकड़कर लिखापढ़ी करके जेल भेज दिया है।

## खड़ी फ़सल पर दबंग ने ट्रेक्टर चला किया खुर्द बुर्द

**मोरना।** नया गांव निज़ामपुर गांव मे दबँगो ने खड़ी फ़सल पर ट्रेक्टर चलाकर खुर्द-बुर्द कर दिया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के नया गांव निज़ामपुर निवासी लियाकत ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने खेतों पर गया था। पीड़ित ने बताया कि गांव निवासी एक व्यक्ति व उसके पुत्र ने अपना ट्रेक्टर उसके खेत में ले जाकर खेत में खड़ी गन्ने की फसल को खुर्द-बुर्द कर दिया। इससे उसे काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि इसका विरोध करने पर आरोपी उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए तथा वहां से जाते हुए थाने में शिकायत करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि उसका तथा परिवार वालों का खेतों पर आना-जाना लगा रहता है। पीड़ित ने आरोपियों से जान का खतरा जताते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत



**खतौली।** गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर देर रात एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। हादसा बुआड़ा कला गांव के सामने हुआ, जहां पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने युवक की बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल निजी विश्कर्मा एंबुलेंस की मदद से खतौली सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आधार कार्ड के माध्यम से टिंकू ऊ रिंकू (27 वर्ष) पुत्र राधेश्याम, निवासी गांव झिटकारी, थाना सरधना (मेरठ) के रूप में हुई। मृतक मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव दुधधेड़ी में स्थित एक आम के बाग में मजदूरी करता था। प्रतिदिन की तरह वह सोमवार देर शाम काम समाप्त कर बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह बुआड़ा कला गांव के निकट पहुंचा तभी पीछे से आए एक तेज र"तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी हालत नाजुक हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक परिवार में सबसे छोटा था। उसके माता-पिता और तीन बड़े भाई हैं। घटना की सूचना पर परिजन देर रात तक खतौली पहुँचे थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से थाने में तहरीर नहीं दी गई थी। मामले की जांच की जा रही है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

**खतौली।** मीरापुर-घटायन मार्ग पर सोमवार की देर शाम को दो बाइ. कों की आमने-सामने भिड़ंत में महिला, बच्चा समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से खतौली सीएचसी पहुंचाया, जहां से गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला अस्पताल मेरठ रेफर कर दिया गया। सोमवार की देर शाम शाकिब पुत्र अखलाक निवासी नंगला रुद्र मंगलवार देर शाम खतौली से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान मीरापुर मार्ग पर सामने से आ रही एक दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर चुड़ियाला निरंजन निवासी आसिफ पुत्र रशीद अपने परिजनों के साथ सवार था। बाइक पर महिला रुखसाना पत्नी इजाज, आरिफा पत्नी फिरोज और 7 वर्षीय फरहान पुत्र फिरोज भी मौजूद थे। वे सभी जानसठ से खतौली होते हुए अपने गांव वापस लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी खतौली भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल शाकिब और रुखसाना को जिला अस्पताल मेरठ रेफर कर दिया।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**भोपा।** दहेज लोभी ससुराल. जनो ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर बहु को मारपीट कर घर से निकाल दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली निवासी समरीन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी थाना कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी वसीम से करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी। शादी में कम दहेज को लाने का ताना मारते हुए पति सास देवर व ननंद शारीरिक व मानसिक शोषण करने लगे ससुरालजनो ने ने दहेज में दो लाख रुपए व बाइक की मांग करते हुए उत्पीड़न शुरू कर दिया तथा देवर द्वारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश भी की गई। दहेज की मांग पूरी न होने पर जहर देकर मारने की को. शिश भी की गई लेकिन किसी तरह उसकी जान बच गई।

पीड़िता ने अपनी नंनद पर वेश्यावृत्ति कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं साथ ही पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई थी पुलिस ने पति वसीम सास राशिदा देवर शारिका, मोनू ननंद अलिशा के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आईपीएल मिल रोहाना में आपातकालीन मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुज़फ्फरनगर के रोहाना स्थित इण्डियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टलरी यूनिट में एथनोल से होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं के नियन्त्रण की प्रक्रिया के सन्दर्भ में ऑन साइट इमरजेन्सी प्लान की रिहर्सल (मॉक ड्रील) का आयोजन किया गया। ऐसी स्थिति में प्लांट के कर्मचारियों को सम्भावित जान-माल की हानि रोकने के लिए प्रशासन से तुरन्त सहायता उपलब्ध कराने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कारखाने के अधिकारी एवं श्रमिक एथनोल से होने वाली अग्निकाण्ड के नियन्त्रण करने की व्यवस्थाओं को तुरन्त किस प्रकार से सुनिश्चित कर सकते हैं, इसी उद्देश्य से कर्मचारियों को जागरूक / प्रशिक्षित करने हेतु कारखाने मे मॉक ड्रील किया गया। इसका संचालन इकाई के वरिष्ठ अधिकारी (फायर एण्ड सेफ्टी), मोहित कुमार बालियान व कंट्रोलिंग डिस्टिलरी इकाई प्रमुख रमेश कुमार शर्मा व सहायक महाप्रबंधक - (प्रोडक्शन) भारत सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी जिला अग्निशमन अधिकारी, श्री राम किशोर यादव, अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे साथ-साथ समस्त प्लांट के कर्मचारियों, वसीम अहमद द्धयांत्रिक अभियंताऋ, मनोज मालिक, हरमिंदर सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।



## शराबियों के हवाले 108 एंबुलेंस की स्टेयरिंग:

# मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़, स्वास्थ्य विभाग बेखबर

**खतौली।** 108,102 एंबुलेंस सेवा, जिसे आपात स्थिति में मरीजों की जान बचाने के लिए तैनात किया गया है, खतौली सीएचसी में खुद खतरा बन गई है। एंबुलेंस के चालक और हेल्पर शराब के नशे में धुत होकर न केवल डयूटी पर आते हैं, बल्कि एंबुलेंस भी उसी हाल में चलाते हैं। इससे न सिर्फ मरीजों बल्कि उनके तीमारदारों की जान पर भी हर पल बन आई रहती है।

सोमवार देर रात भी इसी तरह की एक घटना सामने आई जब एक गंभीर मरीज को लेकर पहुंचे तीमारदारों ने एंबुलेंस चालक को शराब के नशे में झूमते देखा। विरोध करने पर मामला तूल पकड़ गया। तीमारदारों ने तत्काल रात्रिकालीन चिकित्सा अधिकारी से इसकी शिकायत की, जिन्होंने उच्चाधिकारियों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

### बाल-बाल टला बड़ा हादसा

बताया जा रहा है कि सोमवार रात एंबुलेंस चालक शराब के नशे में एक निजी एंबुलेंस से टकराने से बाल-बाल बचा। घटना में बड़ी दुर्घटना टल गई, लेकिन मरीज और उनके परिजनों में डर का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन खतौली सीएचसी पर ऐसे नजारे आम हो चले हैं।

### नशे में रहते हैं चालक और हेल्पर दोनों

स्थानीय मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि एंबुलेंस चालक ही नहीं, बल्कि हेल्पर भी अक्सर नशे की हालत में नजर आते हैं। मरीजों को स्ट्रेचर पर ले जाने से लेकर आपात स्थिति में प्राथमिक सहायता देने तक, हर काम में लापरवाही देखी जाती है। इससे मरीजों की जान पर हर समय खतरा बना रहता है।

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

सबसे हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले में अब तक मौन है। न तो इन कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई है, न ही उनकी मेडिकल जांच की गई है। इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर मरीजों की जान से इस तरह का खिलवाड़ कब तक चलता रहेगा?स्थानीय लोगों और तीमारदारों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

अगर ऐसा कोई मामला है तो उसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी वैसे 108 और 102 हमारे आधीन नही , अगर कोई शिकायत कर्ता लिखित में शिकायत दे तो उच्चाधिकारियों को पत्र भेज कर कार्रवाई की जाएगी। **अवनीश कुमार खतौली सीएचसी प्रभारी**

# महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव में देर रात घर में घुसकर विवाहिता से दुष्कर्म के बाद अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिर"तार कर न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने बीते सात जून को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसका भाई दूसरे राज्य में रहकर मजदूरी करता है।

बीते जनवरी माह जब उसका भाई बाहर मजदूरी करने गया हुआ था कि रात में पडोस का ही मुजम्मिल घर में घुस आया और तमंचे के बल पर उसकी भाभी के साथ दुष्कर्म किया तथा किसी से घटना के बारे में बताने पर उसको व बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर लगातार पीड़िता से ब्लैकमेल करता रहा।

गत छह जून की रात मुज़म्मिल घर में घुस आया और फिर से ब्लैकमेल करते हुए महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी को जाते हुए परिजनों ने देख लिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि मंगलवार को फरार आरोपी मुजम्मिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# पति ने पत्नी व उसके आशिक से जताया जान का खतरा

**भोपा।** अनैतिक प्रेम संबंधो के कारण बढ़ती अपराधिक घटनाओ से भयभीत पति ने पत्नी द्वारा बाहरी व्यक्ति से संबंध स्थापित करने का गंभीर आरोप लगाते हुए अब पत्नी व उसके आशिक से अपनी जान को खतरा जताया है। आरोप को लेकर गांव मे सनसनी फैल गयी है।व्यक्ति ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र गांव बेलडा निवासी व्यक्ति ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी चार बच्चों की मां है पड़ोसी ने बहका फुसलाकर कर उसकी पत्नी को अपने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया है। वह दोनों के प्रेम संबंधों का विरोध करता है। इसी कारण उसकी पत्नी और उसका प्रेमी जान से मार कर उसे रास्ते से हटाना चाहते हैं। सोमवार की आधी रात को पत्नी के आशिक ने अपने साथी के साथ मिलकर उसे जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया गनीमत रही किसी तरह उसकी जान बच गई। आरोपियों ने मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी दी है। डरे सहमे व्यक्ति ने अपनी जान बचाने की गुहार लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# यूरिया और डीएपी न मिलने से किसानों में हाहाकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** किसानों को खाद और डीएपी की कमी के चलते धान की रोपाई में समस्याएं खड़ी हो रही हैं।वही गन्ना किसानों को भी यूरिया उपलब्ध न होने से गुड़ाई और खुदाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को किसानों लगातार दूसरे ह"ते किसान सेवा सहकारी समिति चरथावल के गोदाम पर खाद मिलने से किसानों में आक्रोश है।इस वर्ष मानसून समय से आ जाने से किसानों के चेहरे जहां खिल उठे हैं।मगर सब्जी उत्पादकों सहित गन्ना और धान के किसानों को सहकारी समिति चरथावल और गन्ना समिति रोहाना द्वारा खाद उपलब्ध न होने से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हे हालत यह हे कि किसानों को इस समय यूरिया की जहां भरपूर जरूरत हे और गन्ने सहित धान की फसल के लिए भी यूरिया की बड़ी जरूरत हो रही हे लेकिन किसी भी सहक. ारी समिति पर खाद उपलब्ध न होने से किसान खून के आंसू रो रहा हे

गन्ना किसान सलीम मलिक ने गन्ना बढ़ोतरी के लिए यूरिया को आवश्यक बताते हुए जिलाधिकारी महोदय से मांग की है कि जल्द से जल्द खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। किसान नेता,प्रगतिशील किसान और किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष समद राईन ने कहा कि जहां इस समय किसान यूरिया के लिए दर दर की ठोकरें खा रहा हे खाद के लिए अगले दिनों में किसान यूनियन द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

किसान नेता चौकड़ा निवासी काला प्रधान का कहना हे कि जहां इस समय खाद सभी फसलों के लिए बहुत लाभकारी हे लेकिन खाद न मिलने से किसानों की फसलों पर बेहतर रंग नहीं आ रहा हे इस समय सरकार को प्राथमिकता के साथ किसानों को खाद उपलब्ध कराना चाहिए।

धान और गन्ने के प्रगतिशील किसान इसरार त्यागी का कहना हे कि जहां पिछले काफी दिनों से खाद लेने के लिए सहकारी समिति के चक्कर किसानों को काटने पड़ रहे हे और खाद दूर दूर तक भी नहीं मिल रहा हे किसानों की जरूरत को देखते हुए सरकार को तुरंत किसानों को खाद उपलब्ध कराना चाहिए जिससे किसानों की फसल अच्छी तरह से लहलहा सके किसान सेवा सहकारी समिति चरथावल की प्रबंध निदेशक प्रीति भारद्वाज का कहना हे कि किसान सरकार द्वारा प्रत्येक छ बीघे पर तीन बोरी यूरिया और एक बोरी डीएपी देना का प्रावधान हे मगर क्षेत्र के किसान ज्यादा से ज्यादा संख्या में खाद खरी. दकर घरों में इकठ्ठा कर रहे हे जिले पर खाद के लिए भुगतान जमा करा दिया हे स्टॉक उपलब्ध होते ही किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाएगा।



# न्यायिक कार्यों से विरत रहे समस्त अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** खराब मौसम और अघ्त्यधिक बारिश होने के कारण आज मंगलवार के दिन वादकारी और अर्घधिकतर अधिवक्ता तहसील में नही आ सके। तब बार एसोसिएशन बुढ़ाना के पदाधिकारियों की हुई एक आपात मीटिंग में न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय समस्त अधिवक्ताओं ने सर्व सम्मति से लिया।

इस दौरान यहां पर बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और बार एसोसिएशन बुढाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि न्यायिक कार्यों से विरत रहने की सूचना सभी न्यायालयों में भेज दी गई है। कार्यों से विरत रहने वाले अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से पूर्वघ अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लाल गर्ग, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, ईश्वर दयाल संगल, अचल कुमार, प्रशांत शर्मा, इलियास सैफी, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, अलीम सिद्दीकी, संजय त्यागी, फिरोज मंसूरी आदि अधिवक्ता हैं।

# कृषि स्नानतकों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध करा रही है प्रदेश सरकार

## 30 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे कृषि स्नातक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उप कृषि निदेशक, प्रमोद कुमार सिरोही ने बताया कि जनपद के कृषि स्नातकों हेतु स्वरोजगार का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा कृषि स्नातकों को स्वरोजगार, के अवसर उपलब्ध कराने तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश के साथ-साथ कृषि प्रसार सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शनद्धऋ योजना प्रदेश के समस्त जनपदों में संचालित है। पात्रता:-उत्तर पदेश में निसास करने वाले बेरोजगार जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा कृषि व्यवसाय प्रबन्धन-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन, जो किसी राज्य / केन्द्र ब्विवविद्यलाय से डिग्रीधारी है, जो आईसीएआर/ यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हों, पात्र होंगे। आयु 40 वर्ष से अधिक न हो अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओं को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट।

चयन प्रक्रिया: जनपद स्तर पर जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चयन।

आवेदन प्रकिया: आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन कृषि विभाग की विभागीय वेबसाइड के माध्यम से ऑनलाइन किया जायेगा। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तातेज जन्म प्रमाण पत्र (हाई स्कूल मार्कसीट),आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शपथ-पत्र, हाई स्कूल मार्कसीट, इण्टरमीडिएट मार्कसीट,स्नातक मार्कसीट। आवेदन की अन्तिम तिथि आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 जुलाई निर्धारित है। आवे. दन करने हेतु कोई भी शुल्क देय नही होगा।

उन्होंने बताया कि अनुमन्य सुविधाये चयनित लाभार्थी कों ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटीज) के द्वारा 13 दिवसीय उद्यमी स्थापना एवं संचालन सम्बन्धी प्रशिक्षण। कृषि निवेशो (बीज, उर्वरक, एवं कीटनाशी) पर निर्गत किये जाने वाले लाइसेंस शुल्क की प्रतिपूर्ति। केन्द्र परिसर किराया 1000 रू प्रतिमाह केवल प्रथम वर्ष के लिए। एग्रीजंक्शन केन्द्र की स्थापना हेतु बैंक द्वारा स्वीकृत 5.00 लाख ;ण पर अग्रिम अनुदान अधिकतम 60000 हजार रूपये (बैंक इण्डेड सब्सिडी के रूप में) की सहायता बैंक ऋण स्वीकृत 5.00 लाख से कम होने की दशा में अग्रिम ब्याज अनुपातिक रूप में कम होगा। उक्त के संबंध में जानकारी हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

# हर एक पौधा सिर्फ हरियाली नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ जीवन की नींव है



**बुढ़ाना।** महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर मुजफ्फरनगर के कम्पनी बाग में भाजपा के जिला पदाधिकारियों संग भाजपा ज़िला महामंत्री विनित कात्यायन व ज़िला उपाध्यक्ष नितिन मलिक ने वृक्षारा. ेपण किया हर एक पौधा सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ जीवन की नींव है। भाजपा ज़िला महामंत्री विनित कात्यायन ने उन्हे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने जनसंघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा प्रस्तुत की, जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर मुखर्जी के जीवन और भारत के निर्माण में भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। आज जहां हम खड़े है वह मुखर्जी की देन है। यहां पर मुख्य रूप वृक्षारोपण करने वालो में भाजपा ज़िला महामंत्री विनित कात्यायन, जिला उपाध्यक्ष नितिन मलिक, अमित चौधरी, रोहिल वाल्मीकि, सुषमा पुण्डीर, जिला मंत्री रेणु और लक्ष्मण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग छात्रा को बीएससी का छात्र बहला-फुसलाकर ले गया

**खतौली।** एक नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि क्षेत्र का ही एक बीएससी का छात्र छात्रा को घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। छात्रा के परिजनों ने काफी प्रयासों के बावजूद जब उसकी कोई जानकारी नहीं जुटा सके, तो उन्होंने कोतवाली पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी।पीड़ित छात्रा के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई है। परिजनों ने छात्रा के साथ अनहोनी की आशंका जताई है।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि छात्रा और आरोपी छात्र की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं, और जल्द ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है।





# झमाझम बारिश से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को हुई झमाझम बारिश के बाद जहां उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिल सकी वही कुछ घंटे की बारिश ने नगर पालिका के नाले और नालियों के साफ सफाई के दावों की पोल खोलकर रख दी। जलनिकासी न होने से पूरा शहर जलमग्न हो गया और जगह जगह पानी भर गया। बाजारों, गली मौहल्लों व कालो. नियों में जलभराव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा।

मंगलवार सवेरे से ही आसमान में काले बादल छाए रहे, लेकिन हवाऐं न चलने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल किए रखा। गत दिवस भी बूंदाबांदी हुई, लेकिन झमाझम बारिश न होने से लोग परेशान रहे।

उमस के कारण लोगों का हाल बेहाल था और घर से लेकर बाहर तक आराम नही मिल पा रहा था। पिछले करीब एक सप्ताह से आसपास के क्षेत्रों में तो बारिश हो रही थी, लेकिन शामली में मानसून न होने के कारण यहां के लोग बारिश के लिए तरस गए थे और भगवान से बारिश की प्रार्थनाऐं कर रहे थे। मंगलवार सवेरे 10 बजे अचानक मौसम में बदला और देखते ही देखते झमाझम बारिश हुई। करीब दो घंटे चली झमाझम बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकी। बच्चों, महिलाओं व युवाओं ने अपने मकानों की छतों पर पहुंचकर बारिश की आंनद लिया और उमस भरी गर्मी से निजात पाई। लेकिन वही दूसरी ओर पूरा शहर बारिश के पानी से जलमग्न हो गया। नगर पालिका द्वारा नाले और नालियों की नियमित साफ सफाई न कराए जाने से नाले और नालियां कूडा करकट से अट गई है। जिसके बाद बारिश के पानी की निकासी नही हो सकी और पूरे शहर में जलभराव हो गया। बारिश के कारण मौहल्ला कंलदरशाह, पंसारियान, सती मंदिर रोड, नौकुआ रोड, माजरा रोड, भिक्की मोड, बैंड मार्किट, शांतिनगर, नेहरू मार्किट, कबाडी बाजार, कैराना रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, हनुमान रोड आदि स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को दिक्कते हुई। शहर के नेहरू मार्किट व कबाडी बाजार में हुए जलभराव से व्यापार पूरी तरह से प्रभावित रहा। दुकानदार दुकानों में खाली बैठे रहे और सडक पर पानी भरा रहा।

# नलकूपों से चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव सिकंदरपुर तथा दरगाह पुर के जंगल में लगे किसानों के छह नलकूपों से चोरों ने केबिल, स्टार्टर तथा कटआउट आदि सामान चोरी कर लिया था। किसान द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी डाक्टर रोहित तोमर, अंकित कुमार, जसपाल, गुरनाम तथा अनिल व दरगाहपुर निवासी सर्वेंद्र की टड्बल से रविवार की रात्रि चोरों ने धावा बोलकर केबिल, स्टार्टर, कटआउट तथा अन्य उपकरण चोरी कर लिए। सोमवार की सुबह जब किसान प्रतिदिन की तरह अपने खेत पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। एक के बाद एक छह नलकूपों से बिजली के उपकरण चोरी की घटना से किसानों में रोष फैल गया। किसानों ने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गहनता से छानबीन की। किसान सर्वेंद्र द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी।

# त्रिवेणी ग्रुप की चीनी मिल ने 25 करोड़ रुपये का किया भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** त्रिवेणी ग्रुप की चीनी मिल शामली ने वायदे के अनुसार किसानों को 25 करोड़ रूपये का पेराई सत्र 2022-23 का गन्ना मूल्य भुगतान किया है। शामली चीनी मिल प्रबन्धन द्वारा डीएम के निर्देश पर अपने वायदे के अनुसार पेराई सत्र 2022-23 का 25 करोड का गन्ना मूल्य भुगतान समिति में भेज दिया गया है।

इस प्रकार शामली चीनी मिल द्वारा वायदे के अनुसार जून माह की किस्त में 27 मार्च 2023 से 8 अप्रैल 2023 तक का गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को भेज दिया गया है। चीनी मिल के इकाई प्रमुख प्रदीप सालार ने बताया कि आगे भी वायदे के अनुसार भुगतान किया जाएगा। चीनी मिल के आगामी पेराई सत्र 2025-26 के लिए मरम्मत का कार्य आरम्भ कर दिया गया है तथा इस वर्ष चीनी मिल अपनी पूर्ण क्षमता के अनुसार गन्ना पेराई करेगी। महाप्रबन्धक गन्ना सतीश बालियान ने कहा कि अपनी गन्ने की फसल को माईट से बचाने के लिए सल्फर (90 प्रतिशत डब्लूडीजी) 3 किलोग्राम, इमिडाक्लोरोप्रिड 300 मिली। को 300 ली. पानी में घोल बनाकर पत्तियों पर छिड़काव करें। साथ ही मिलीबग कीट से बचाव हेतु इमिडाक्लोरोप्रिड 300 मिली. को 300 ली. पानी में घोल बनाकर पत्तियों पर छिड़काव करें।

## आप की जीत पर मनाया जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को लुधियाना पश्चिम सीट से आप पार्टी के प्रत्याशियों की जीत पर जश्न मनाते हुए मिष्ठान वितरित किया। मंगलवार को पंजाब के लुधियाना पश्चिम सीट से आम आदमी पार्टी के संजीव अरोड़ा, एवं गुजरात में विसावदर सीट से गोपाल इटालिया की प्रचंड जीत पर खुशी मनाते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई बांट कर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष सोराम सिंह ने इस जीत को गरीब जनता की जीत बताया है। मौके पर शमीम इल्यासी, विनोद बालियान, सत्यप्रकाश बारी, पप्पन झाल, संजू कश्यप, धीरजपाल तोमर, सुरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र पहलवान, बबलू कश्यप, ओमपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन क्लीनः नशे का सामान नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के क्रम में माननीय न्यायालय के आद. ेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शामली अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के निर्देशन में थाना कैराना पर मुक. दमों से सम्बन्धित मालखाने में रखी माल मुकदमाती शराब को नष्ट कराए जाने हेतु माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित कमेटी द्वारा आदेश निर्गत किए गए थे। सतीश यादव उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील कैराना व क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह व चन्द अभियोजन अधिकारी कैराना



शामली व आबकारी निरीक्षक हेमन्त पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना धर्मेन्द्र सिंह व है.का. संजीत सिंह माल मोहरीर थाना कैराना की मौजूदगी में उक्त मुक. दमों (वर्ष 2021 से वर्ष 2024 तक) से सम्बन्धित 90 अभियोगों से सम्बन्धित कुल 931 कच्ची शराब, 69 पेटी अंग्रेजी शराब व 511 पेटी देशी शराब व 46 बीयर की कैन के मालो को नष्ट कराया गया। जिसमे उपरोक्त मालो को थाना परिसर में खाली स्थान पर नियमानुसार जे.सी.बी. के माध्यम से गढडा खुदवाकर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई तथा मालों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की गई।

## एक नजर

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** नशीले पदार्थ स्मैक के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से पुलिस ने दस ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्यवाही की है। मंगलवार को अहमदगढ़ चौकी प्रभारी जितेन्द्र कुमार त्यागी द्वारा मुखबिर की सूचना पर सींगरा से दभेडी मार्ग पर ट्यूबवैल के पास से नशीले पदार्थ स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम तसव्वर उर्फ अफजाल निवासी गांव मंसूरा थाना झिझाना बताया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने 12 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्यवाही की है।

### ट्यूबवैल से हजारों की मोटर चोरी, बदमाशों के आतंक से दहशत में किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी में दो किसानों के खेतों बदमाशों ने दावा बोलकर ट्यूबवैल से मोटरों को चोरी कर लिया,सुबह होने पर किसान खेत पहुंचे तो चोरी का पता लगा।इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।पुलिस ने मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है। चौसाना चौकी क्षेत्र में बदमाशोंक आतंक हर दिन बढ़ता जा रहा है। यमुना बांध पर बसे भडी गांव में खलील प्रधान के खेत से बदमाशों ने टड्बवेल पर लगी मोटर को चोरी कर लिया। सुबह के समय किसान खेत पहुंचा तो चोरी का पता लगा। जिसके बाद अन्य किसानों कों जानकारी दी गई, जहां पड़ताल के बाद हरियाणा निवासी एक अन्य किसान के ट्यूबवैल की मोटर भी चोरी मिली।पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।किसान का आरोप है कि दोनों मोटर चोरी होने से करीब चालीस हजार का नुकसान हुआ है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने मामले को दर्ज नहीं किया है।जिससे किसानों में रोष व्याप्त है।

### सपाइयों ने रानी दुर्गावती को बलिदान दिवस पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रानी दुर्गावती को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती एक महान भारतीय महिला योद्धा थी। उन्होंने गोंडवाना राज्य प्रशासन किया। भारतीय महिलाओं के इतिहास में वे वीरता और महिला सशक्तिकरण की प्रतीक है। उन्होंने अपने राज्य पर अपने नाबालिक पुत्र वीर नारायण के संरक्षक के रूप में शासन संभाला और अपने शासन की रक्षा करते हुए युद्ध में अपना बलिदान दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजपाल शर्मा, नगेंद्र सिंह, बिल्लू प्रधान, हाजी निजात खान काला विधूड़ी, महबूब मलिक, चिराग चौधरी, सन्नी सुला. निया, राहुल यादव, शाहरुख, कविता गोस्वामी, कृष्णपाल प्रधानाचार्य आबिद, संजय डीलर, ललित चौधरी, परवेज मलिक, एड.विभोर गुप्ता, इरशाद मलिक मगन कश्यप आदि मौजूद रहे।

### 25 जून को होगा नौवां विशाल भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में गोस्वामी परिवार की ओर से बाबा हेमगिरी गोस्वामी समाध हर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जून बुधवार को नौवां विशाल भंडारा आयोजित करेगा यह भंडारा नगर के कोताना रोड स्थित पंचमुखी शिव मंदिर संस्कृत पाठशाला पर किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करने का आहवान किया है यह जानकारी देते हुए गोस्वामी समाज के अध्यक्ष नितिन गोस्वामी ने दी है।

### चैकिंग के दौरान फरार चल रहे एक वारंटी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत** पुलिस ने चैकिंग के दौरान फरार चल रहे एक वारंटी को पकड़ा है जिनके खिलाफ कारवाही की जा रही है।

पुलिस द्वारा अपराधों को रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत बागपत पुलिस ने मोहल्ला केतीपुरा कस्बा बागपत निवासी शेरू उर्फ सैफ अली खान पुत्र लडडू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ कारवाही की जा रही है।

### नलकूपों से ट्रांसफॉर्मर किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** थाना क्षेत्र के बामनौली के जंगल में चोरों ने दो किसानों के नलक. ूपों से ट्रांसफॉर्मर चुराकर फरार हो गए। चोरों ने हरबल और जसवीर के नलकूपों पर लगे 25-25 केवीए के ट्रांसफॉर्मर को पोल से नीचे गिरा दिया। चोरों ने ट्रांसफॉर्मर से मशीन, कॉपर के तार और तेल समेत सभी कीमती सामान निकाल लिया। मंगलवार सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो उन्हें ट्रांसफॉर्मर टूटे हुए मिले। किसानों ने तुरंत डायल 112 और विद्युत विभाग को सूचना दी। बामनौली बिजली घर के जूनियर इंजीनियर केके पटेल ने बताया कि दोनों ट्रांसफॉर्मरों से लाखों रुपए का सामान चोरी हुआ है। उन्होंने बागपत थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, दोघट इंस्पेक्टर बच्चू सिंह का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

### पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चांदीनगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो शराब तस्करो को 48 पव्वे अवैध शराब के साथ पकड़ा है जिनके खिलाफ कारवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा अपराधों को रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत चांदीनगर पुलिस ने गढी कलंजरी निवासी अनुराग पुत्र बलराम व कृष्ण पुत्र बलराम को 48 पव्वे अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ कारवाही की जा रही है।

# विद्यालयों को मर्ज करने का आदेश चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने बीएसए कार्यालय में ज्ञापन देकर जिले के कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज न करने की मांग की है। उन्होने कहा कि यह आदेश देश के सभी 6-14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है।



मंगलवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के सभी जनपदों में कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को निकटवर्ती ग्राम पंचायत के परिषदीय विद्यालय में समाहित करने के आदेश निर्गत किए जा रहे है।

जिसके क्रम में जनपद शामली में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों की सूची तैयार कर विघ्यालयों को समाहित करने की तैयारी की जा रही है। जबकि यह प्रक्रिया पूर्णतया असंवैधानिक है। संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार देश के सभी 6-14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का प्रावधान है।

इसी क्रम में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में परिषदीय विद्यालयों की स्थापना की गई है। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावक अधिकांश मजदूर, किसान या रेहड़ी का काम करने वाले है और आर्थिक रूप से कमजोर है। इनके अभिभावक घर से दूर कार्य करते है या सुबह ही काम पर चले जाते है। ऐसी स्थिति में 6 से 14 साल के बच्चे निकटवर्ती गांव जिसकी न्यूनतम दूरी 3-6 किमी है। वह प्रतिदिन सर्दी, गर्मी, बरसात के मौसम में स्वयं पैदल आवागमन नहीं कर सकते है। गांव का विद्यालय बन्द होते ही ए बच्चे शिक्षा से सदा के लिए वंचित रह जाएंगे। शिक्षा के अभाव के कारण बालश्रम जैसी कुरीति पुनः जन्म ले लेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित राणा, रजत देशवाल, प्रमेंद्र कुमार, अमित मित्तल, प्रशांत बेनीवाल, इकबाल अहमद, शिवकुमार, दिलशाद, सुभाष चंद्र, राजकुमार, नीलम जवाला, संदीप कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# पाइपलाइन चोक होने की समस्या का जल्द होगा समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को इंडस्ट्रियल एरिया से पूर्वी यमुनानगर तक नाले की पाइपलाइन चौक होने की समस्या को लेकर उद्यमियों ने डीएम से मुलाकात की। डीएम ने जल्द ही समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

मंगलवार को उद्यमियों ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान से उनके ऑफिस में मुलाकात की। उन्होंने गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों से बात कर समस्या के समाधान करने की मांग की। साईंमां व लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंकित गोयल ने बताया कि नाले की पाइपलाइन का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। आगे मानसून आ रहा है। यदि इसका अभी समाधान नहीं हुआ तो सभी इंडस्ट्रीयो में पानी भर जाएगा और वह बंद होने के कगार पर आ जाएगी। हम लोगों ने अपनी एसोसिएशन से फरीदाबाद से मशीन मंगाई थी, लेकिन उससे भी कुछ समाधान नहीं हो पाया। सरकारी बड़ी मशीनों के द्वारा ही यह संभव हो पाएगा। डीएम ने जल्द ही इस समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आईआईए अध्यक्ष आशीष जैन, संरक्षक अशोक बंसल, अशोक मित्तल, कमल गोयल, रुचिर गोयल, रोबिन गर्ग आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

### वर्षों पुरानी जर्जर पेय जल पाइप लाइन बदलने का कार्य शुरू

**झिंझाना।** नगर पंचायत द्वारा वर्षों से जर्जर पेय जल पाइप लाइन की जगह नई पाइप लाइन बदलने का कार्य मंगलवार को डेरी चौक से शुरू हो गया है। करीब 10 वर्ष पुरानी पेयजल पाइप लाइन कहीं से भी और कभी भी लीकेज होती ही रहती थी, इसी को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने नई पेय जल पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू करा दिया है। अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने बताया कि अभी यह कार्य मुख्य रोड पर ही किया जा रहा है, यहां के बाद अंदर कस्बे में जहां-जहां भी जर्जर पेय जल पाइप लाइन है उन्हें भी जल्दी बदलवाया जाएगा।

## लाभार्थियों को निःशुल्क हनी बॉक्स होंगे वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, शामली जुगल किशोर ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय शामली के माध्यम से उत्पाद विकास मानकीकरण एंव गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 20 लाभार्थियो को निःशुल्क हनीबाक्स शहद उत्पाद कार्य में रूचि रखने वाले बेरोजगार व शहद उत्पादन कार्य में प्रशिक्षित व्यक्तियों को 5 दिवसीय गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराते हुए प्रत्येक व्यक्ति अनुसूचित वर्ग के ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थी को 5-5 हनीबाक्स वितरित किए जाएंगे।

लाभ प्राप्त करने के लिए आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाईल नम्बर, फोटो सहित पूर्ण विवरण ऑनलाईन वेबसाईट upkvib.gov.in पर भरकर हार्ड कॉपी दिनांक 28 जून 2025 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, शौर्य गार्डन, गली नं.-1, निकट डा. तेज सिंह, रेलपार, शामली में किसी भी कार्यदिवस में जमा कर सकते है। आवेदनकर्ता का चयन मुख्यालय से गठित समिति द्वारा किया जाएगा। हनीबॉक्स प्राप्त करने सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में या दिए जा रहे मो.नं.-7408410819 पर सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता है।

## भूतपूर्व सैनिकों की बैठक 27 को

**शामली।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी शामली कर्नल अजय कुमार सिंह ने कहा कि शामली के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 27.6.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार शामली में पूर्वाहन 12 बजे होगी। जिसमें भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

# कांग्रेस की सभा में शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों से अवगत कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस पार्टी की एक सभा पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष वैभव गर्ग के कार्यालय पर संपन्न हुई । सभा में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी जिला शामली कोऑर्डिनेटर राजेश्वर दत्त तथा शहर कॉर्डिनेटर नवनीत भारद्वाज मुख्य अतिथि के तौर पर शामली पहुंचे । बैठक में शामली जनपद तथा शहर में पार्टी संगठन की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया गया तथा साथ ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश से भी भी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया । इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर राजेश्वर दत्त ने बताया कि राहुल गांधी जी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे जी ने बीते लोकसभा




चुनाव की तर्ज पर पार्टी को सामा. जिक न्याय तथा अधिकारिता के आधार पर चलाने की जिम्मेदारी प्रदेश नेतृत्व को दी है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व संगठन सृजन से लेकर आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं और पिछड़ा दलित और अन्य सभी वर्गों को समान रूप से अवसर देने को कृत संकल्प हैं। सभा में प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी ने सोशल मीडिया पर पार्टी की दमदार उपस्थिति की वकालत करते हुए जल्द ही शामली जनपद में कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया टीम के चयन का आश्वासन दिया। शहर कोऑर्डिनेटर नवनीत भारद्वाज ने भी जल्द ही शहर शामली में कांग्रेस के संगठन को जल्द ही गति देने की बात कही और बताया कि जल्दी ही राहुल गांधी जी उत्तर प्रदेश के सभी जिला तथा शहर अध्यक्षो से मिलेंगे और शीर्ष नेतृत्व सभी पदाधिकारियों के कार्य की समीक्षा का कार्य को लेकर बेहद गंभीर है और सभी को अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करना होगा। सभा में सहारनपुर शहर के कॉर्डिनेटर तथा जनपद शामली के पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने भी सभी से अपील की कि पार्टी और देश की भलाई में सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। सभा का संचालन ओमवीर उपाध्याय ने तथा अध्यक्षता बाबू खघन द्वारा की गई। पंडित ज्योति प्रसाद, प्रवीण तरार, बिजेन्द्रपाल वर्मा, विनोद अत्री, ईस्राईल पंवार अमित डिंपल शर्मा, सुरेश पाल सैनी, योगेश पाल, रमेश मराठा, योगेश भारद्वाज, निन्ना अंसारी, पुनीत शर्मा, सोहिल धीमान, आलम चौधरी, आदेश कश्यप, दीपक वशिष्ठ, सुरेश सरो. हा, रामपाल शर्मा, रामनिवास शर्मा अनुज असवालयान,ओमपाल सिंह,विक्रम सिंह,रविन्द्र आर्य,राज. ेश कश्यप,डाद्द पाल सिंह एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बाइक लूट के आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़

**25 दिन पूर्व गांव बुच्चाखेड़ी के निकट तीतरवाड़ा के ग्रामीण से दो बदमाशों ने लूटी थी बाइक, कोर्ट से वारंट-बी प्राप्त करके जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करेगी कैराना पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** 25 दिन पूर्व बुच्चाखेड़ी गांव के निकट तीतरवाड़ा के ग्रामीण से बाइक लूटने की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को दोघट पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। वहीं, कैराना पुलिस न्यायालय से वारंट-बी प्राप्त करके बागपत जिला कारागार में बंद लूट के आरोपियों से पूछताछ करेगी।

विगत 30 मई की रात्रि करीब पौने बारह बजे क्षेत्र के गांव तीतरवाड़ा निवासी विकास उर्फ बिट्टू अपने भतीजे स्वेत चौहान के साथ में बाइक पर सवार होकर कैराना से गांव वापिस जा रहा था। जैसे ही वह कैराना मार्ग पर गांव बुच्चाखेड़ी के निकट स्थित टड्ूबवेल के पास पहुंचा, तभी वहां पर पहले से ही मौजूद दो अज्ञात बदमाशों ने सड़क पर लकड़ी डालकर उसकी बाइक को नीचे गिरा दिया। इसके बाद, बदमाश पिस्टल व तमंचे के बल पर आतंकित करते हुए उसकी बाइक लूटकर फरार हो गए। मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम मौके पर पहुंची तथा फरार बदमाशों की तलाश में क्षेत्र में कॉम्बिंग अभियान चलाया। हालांकि कॉम्बिंग के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नही लग सका था।

पीड़ित ग्रामीण ने कोतवाली कैराना पर घटना का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, तीतरवाड़ा के ग्रामीण से बाइक लूट के दोनों आरोपियों मोनू निवासी ग्राम बासोली व रविन्द्र निवासी ग्राम बूढ़पुर थाना रमाला को दोघट पुलिस ने विगत 17 जून को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए थे।

वर्तमान में दोनों आरोपी बागपत जिला कारागार में बंद है, जिनसे मामले के विवेचक एसआई राकेश गौतम न्यायालय से वारंट-बी प्राप्त करके पूछताछ करेंगे। बताया गया है कि मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार आरोपी रविन्द्र की चचेरी बहन की शादी क्षेत्र के गांव सहपत में हुई है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि बाइक लूट के दोनों आरोपी बागपत जेल में बंद है, जिनसे वारंट-बी प्राप्त करने के पश्चात पूछताछ की जाएगी।

# छात्रा के फोटो सोशल मीडिया पर किए वायरल, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शामली शामला में एक छात्रा के साथ गांव के ही युवक ने जबरदस्ती फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोप है कि इसके बाद छात्र को दबाव में लेकर उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया। आरोपी युवक को परिजनों ने घर में घुसते हुए पकड़ लिया लेकिन लोक लाज के कारण कोई कार्रवाई नहीं की ।पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी युवक बदमाशों से जान से मारने की धमकी दिला रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस को शिकायत की लेकिन पुलिस ने मौके पर जाना भी उचित नहीं समझा।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव शामली शामला में आठवीं कक्षा में अध्यनरत रही छात्र के साथ उसी की कक्षा के एक छात्र ने फोटो खींच लिया और मौका मिलते ही छात्र को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपी युवक ने छात्रा के साथ जबरदस्ती की और फोटो को अंतरंग कर सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी गई ।इसके बाद छात्रा दबाव में आ गई और आरोपी युवक की जबरदस्ती को सहती रही।बीते 13 जून को आरोपी युवक घर में घुसता पकड़ा गया।लेकिन पीड़ित परिवार ने लोकलाज के कारण कोई कार्यवाही नहीं की, लेकिन फिर भी आरोपी युवक बदमाशों से छात्रा के भाई को जान से मारने की धमकी देता रहा। पीड़ित परिवार ने तंग आकर पुलिस से शिकायत की । आरोप है कि 24 घंटे बीतने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो सकी।जिस पर पीड़ित परिवार ने ट्विटर के जरिए मुख्य मंत्री से न्याय की मांग की। पुलिस जागी और पीड़ित परिवार से पूछताछ की गई। कार्यवाही जारी है।

# कब्रिस्तान की भूमि से कब्जा हटाने को चार दिन का समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के दिल्ली सहारनपुर हाइवे के किनारे स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व व नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची। तथा अवैध कब्जे को जेसीबी मशीन मंगाकर हटवाना प्रारंभ किया उधर मौके पर पहुंचे पास ही कॉलोनी काट रहे कॉलोनाइजर ने चार दिन का समय मांगते हुए लिखित में भूमि को पूर्वत करने का आश्वासन दिया जिसके बाद टीम ने चार दिन का समय देते हुए वापस लौट गई।

थाना भवन नगर के दिल्ली सहारनपुर हाईवे के किनारे खसरा नंबर 1135 में स्थित कब्रिस्तान की भूमि के पास ही इमरान पुत्र रफीक आदि की कास्त की भूमि है। भूमि में भराव का कार्यक्रम कराया जा रहा है। कुछ लोगों का आरोप है कि उक्त भूमि के भराव की आड़ में पास ही स्थित कब्रिस्तान की भूमि में मिट्टी डालकर उक्त भूमि को रास्ता देने का षड्यंत्र किया जा रहा है जिसे लेकर उच्च अधिकारियों को की गई शिकायत पर मंगलवार को जांच के लिए पहुची राजस्व टीम लेखपाल यतेन्द्र कुमार, अंकुर एवं नगर पंचायत की टीम वासिक अहमद, मनीष कुमार आदि ने मौके चल रहे भराव कार्यों को रुकवा दिया।

इस दौरान टीम ने जेसीबी मशीन बुलाकर सरकारी कब्रिस्तान पर किए गए भराव को हटवाना प्रारंभ कर दिया। उधर मौके पर पहुंचे कॉलोनाइजर खुर्शीद, निसार, शाहिद आदि ने बताया कि उक्त भूमि के बराबर में स्थित भूमि में भराव कार्य किया जा रहा है जिसके चलते रास्ता बनाया गया था। कॉलोनाइजरों ने चार दिन का समय मांगते हुए लिखित पत्र दिया कि कब्रिस्तान की भूमि को पूर्ववत खाली कर दे दिया जाएगा इसके बाद उपस्थित नगर पंचायत व राजस्व टीम मौके से वापस लौट गई। मामले में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि वो ट्रेनिंग के लिए बाहर आए हैं मामले की जानकारी नहीं है।

## जानलेवा हमले के दो वांछित, भेजे जेल

**कैराना।** 28 मई को क्षेत्र के गांव बसेड़ा निवासी फारुख के ऊपर गांव के ही कुछ लोगो ने गाली-गलौच व मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया था। मामले के सम्बंध में कोतवाली पर आरोपियों के विरुद्ध घटना का नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। मंगलवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने ग्रामीण पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी शौकीन उर्फ बच्चा व सरवेज उर्फ मोटा निवासीगण ग्राम बसेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

# कैबिनेट का निर्णय लागू करे जिला प्रशासन: सुधीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने समाजवादी सरकार के 2016 के कैबिनेट निर्णय के आधार पर शामली जनपद के गांव मालैण्डी, बधैव कन्नूखेडा, मुंडेट कला, कसेरवा कला, कसेरवा खुर्द, टिटौली को विकास खंड शामली में सम्मिलित करने की मांग की। उन्होने कहा कि भौगोलिक दूरी, प्रशासनिक सुविधा एवं ग्रामीणों की मांग के आधार पर डीएम शामली ने वर्ष 2016 में शासन को पत्र लिखा था जिसके आधार पर 29 दिसंबर 2016 को प्रमुख सचिव ग्राम विकास ने इन गांवों को कैराना से शामली विकास खंड में स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की थी। लेकिन 8 साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन ने कैबिनेट निर्णय को लागू नहीं किया है। जिससे ग्रामीणों की समस्या बनी हुई है। वें इस सम्बन्ध में कई बार डीएम को कई बार ज्ञापन भी दे चुके है। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने आरोप लगाया कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता नहीं चाहते कि इन गांवों को शामली विकास खंड में सम्मिलित किया जाए। यदि इस निर्णय को लागू करने में इस बार भी उन्होंने दवाब बनाया तो समाजवादी पार्टी उनके खिलाफ आन्दोलन करेगी तथा उनका नाम सार्वजनिक करेगी। ज्ञापन देने वालो मे समाजवादी छात्र सभा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सैनी, सलेक प्रधान, विपुल गोयल, अमरदीप पंवार, मकसूद राणा, शांतनु ठाकुर, नीरज पहलवान, संजीव खैवाल, सुधीर कश्यप, इमरान अली आदि उपस्थित रहे।



# दुर्गावती सपा की प्रेरणा स्रोत: सुधीर

**शामली।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित क। जिसमें पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि रानी दुर्गावती ने 16 वर्षों के शासनकाल में 51 युद्ध लड़े और सभी में विजई रही। वे क्रौंच और अर्द्ध चन्द्र व्यूह रचना में निपुण थी। पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि गोंडवाना की रानी दुर्गावती नारी शक्ति के अदम्य साहस, शौर्य व बलिदान ने उन्हे अमर व चिरस्मरणीय बना दिया है। वो महिला शक्ति एवं समाजवादी पार्टी के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगी। इस अवसर पर भूपेंद्र सैनी, सलेकप्रधान, विपुल गोयल, अमरदीप पंवार, नीरज पहलवान, संजीव खेवाल, सुधीर कश्यप, इमरान अली आदि मौजूद रहे।

## वारंटी गिरफ्तार, जेल रवाना

**कैराना।** एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी का नाम व पता नौशाद निवासी ग्राम इस्सापुर खुरगान बताया गया है।

## एक नजर

### बुजुर्ग महिला पर पालतू कुत्ते से हमला कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र में अपने खेत पर जा रही एक बुजुर्ग महिला पर पड़ोसी दबंग व्यक्ति द्वारा जानबूझकर पालतू कुत्ता छोड़ने और उन्हें घायल करने का आरोप लगा है। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार, पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव गालंद निवासी ब्रह्मवाला अपने खेत पर जा रही थीं। रास्ते में एक जंगली नस्ल के पालतू कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। परिजनों का आरोप है कि कुत्ते के मालिक ने पहले उसे रोका, लेकिन जैसे ही महिला निकली उसने कुत्ते को जानबूझकर छोड़ दिया। इस हमले में महिला के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर उन्हें बचाया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुत्ते का मालिक पहले भी जानबूझकर लोगों पर कुत्ता छोड़ता रहा है और अब तक कई लोग उसके इस बर्ताव का शिकार हो चुके हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

### ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत दो वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा न्यायालय से मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय से गैर हाजिर चल दो वारंटी आदिल पुत्र इलियास और दिलशाद पुत्र अलीमुद्दीन को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया की वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार किए गए वारंटी लंबे समय से न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे थे जिनके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने दोनों वारंटीयों को गिरफ्तार किया है।

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा चित्तौली मोड पुलिया के पास चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध आता दिखाई दिया पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने मौके से युवक को दबोच लिया जब उसकी तलाश ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। युवक की पहचान निसार उर्फ शालू पुत्र अलीमुद्दीन निवासी गली नं 7 आयशा मस्जिद के पास मोहल्ला रुीकनगर थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आने की कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में नाबालिग लापता, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की सोमवार दोपहर संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों के मुताबिक, वह दोपहर करीब 12 बजे बाजार जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिवार ने बताया कि लड़की के गायब होने के समय उनके मोबाइल पर दो अलग-अलग अज्ञात नंबरों से कॉल आई, लेकिन कॉल रिसीव करने पर कोई बात नहीं हुई। परिजनों को शक है कि किसी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया होगा। मामले की रिपोर्ट मिलते ही कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीस कुमार ने बताया, लापता नाबालिग के मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई है। कॉल डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। संभावित स्थानों पर टीमें लगाई गई हैं। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द लड़की का पता लगाया जाए।

### हापुड़ में जीएसटी एसआईबी का छापा, स्क्रैप कारोबारी के दफ्तर से दस्तावेज जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ की किठौर रोड स्थित एक मकान में जीएसटी की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच (SIB) टीम ने छापा मारा। उत्तर प्रदेश सरकार लिखी गाड़ी में सवार होकर पहुंचे अधिकारियों ने फाइन ट्रेडिंग कंपनी पर यह कार्रवाई की। पीर नगर के पास मेरठ रोड पर स्थित फाइन ट्रेडिंग कंपनी में स्क्रैप का कारोबार होता है। रेड के दौरान टीम ने कंपनी से दस्तावेज, मोबाइल और लैपटॉप अपने कब्जे में ले लिए और जांच शुरू कर दी। अधिकारी फिलहाल मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं।

### मोनाड विश्वविद्यालय की छात्रा से मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोनाड विश्वविद्यालय से पढ़कर लौट रही छात्रा का मोबाइल फोन दो बाइक सवार बदमाशों ने झपट लिया। घटना मोनाड मार्ग पर हुई जहां थ्री व्हीलर से जा रही छात्रा से चलती गाड़ी में ही मोबाइल छीनकर आरोपी फरार हो गए। पीड़िता के भाई मयंक ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

# ग्राहकों से उलझने पर मीट विक्रेता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राहकों से उलझने एवं सार्वजनिक मार्ग पर गंदगी फैलाने के आरोप में पुलिस ने नौ मीट विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मीट विक्रेताओं के खिलाफ शांति भंग होने की आशंका के चलते चालानी कार्यवाही की गई है।

मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला छड़ियान से मीट विक्रेता इरफान, अबरार, आरिफ, आसिफ, अहसान, अकरम, शाबान, आबिद व इंतजार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-170 के तहत चालानी कार्यवाही की गई है।

पुलिस ने चालानी कार्यवाही के बाद सभी आरोपियों को उपजिला मजिस्ट्रेट कैराना की कोर्ट में पेश कर दिया। वहीं, इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई राहुल देशवाल ने बताया कि कुछ मीट विक्रेताओं के खिलाफ ग्राहकों से झगड़ा करने एवं सार्वजनिक मार्ग पर गंदगी फैलाने की शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसके चलते नौ मीट विक्रेताओं के विरुद्ध शांति भंग की आशंका के चलते चालानी कार्यवाही की गई है।

# शिक्षक और शिक्षिकाओं के लिए धार्मिक और ज्ञानवर्धक यात्रा का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के शिक्षक और शिक्षिकाओं के लिए एक धार्मिक और ज्ञानवर्धक यात्रा का आयोजन किया गया। मंगलवार को कॉलेज प्रबन्ध समिति की ओर से ग्रीष्म अवकाश के पश्चात कॉलेज पुन: खुलने से पूर्व कॉलेज के शिक्षक और शिक्षिकाओं के लिए बाबा बजरंग बली के धाम सिद्धबली और गंगा स्नान के लिए हरिद्वार की एक धार्मिक और ज्ञानवर्धक यात्रा का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबन्धक राजीव संगल, शिक्षा समिति के अध्यक्ष एनके कंसल तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा सम्पूर्ण व्यवस्था की देखरेख में रहे। यात्रा का उद्देश्य शिक्षको के लिए शारीरिक, मानसिक, धार्मिक तथा शैक्षिक ज्ञानवर्धक करना होता है। सभी शिक्षक बहुत जिम्मेदारी पूर्ण और सहयोग पूर्ण ढंग से इस यात्रा को करें और सकुशल वापिस आएं। मार्ग में हरीश नामदेव, राहुल सिंघल, ज्योति तायल, कीर्ति गर्ग आदि ने धार्मिक भजन गीत, चुटकुले तथा नृत्य आदि करके यात्रा को भरपूर आनन्दमय बना दिया। इस अवसर पर रामनाथ, महेश नारायण गौड़, पंकज पाल, लोकेन्द्र, अश्वनी, साकेत निर्वाल, पूनम देवी, जौली गर्ग, श्रेणी वर्मा आदि उपस्थित रहे।





शामली। पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंची महिला।

# दरोगा पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक महिला ने बसपा पदाधिकारियों के साथ एसपी से मुलाकात कर शहर कोतवाली पुलिस के एक दरोगा पर पति की बेहरमी से निपटाई करने का आरोप लगाया था। कुछ दिन पहले पीडित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ दबंग लोगों पर छेडछाड करने का आरोप लगाया था।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला पंसारियान बडी माता मंदिर रोड निवासी अन्नू पत्नी रविसन उर्फ सोनू ने बसपा जिलाध्यक्ष सुनील जाटव के साथ एसपी रामसेवक गौतम से मुलाकात की। उन्होने उन्होने बताया कि गत 6 जून को बडी माता मंदिर के प्रधान धनेन्द्र संगल उर्फ भूचल निवासी बच्चा पार्क शामली ने पति के मजदूरी के रूपये देने के बहाने मंदिर के पास कमरे में बुलाया और बदनियती से खींचने का प्रयास किया। जिसकी शिकायती कोतवाली पुलिस से की थी। आरोप है कि गत 21 जून को शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच कोतवाली का दरोगा राजकमल आया और अभद्रता करते हुए शिकायत करने पर पति को धक्का मुक्की करते हुए गाडी में डालकर ले गया। आरोप है कि बिना किसी जुर्म के पति को रातभर यातनाऐं दी औरन थर्ड डिग्री दी गई। पीडित महिला ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# आचार्य 108 नयन सागर जी महाराज का अतिशय क्षेत्र में भव्य मंगल प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** मंगलवार को 108 नयन सागर जी महाराज का बैंड बाजो के साथ 1008 जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नयन सागर जी महाराज ने प्रात: 5 बजे गुरु तीर्थ निर्मलायतन नानौता से मंगल विहार किया था और जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में प्रात: 7:30 बजे मंगल प्रवेश किया। नयन सागर महाराज के सानिध्य में ही आज की शांतिधारा व अभिषेक पाठ किया गया। उसके बाद आचार्य जी ने मंगल प्रवचन दिए जिसमें बडौत , नानौता, सहारनपुर, शामली , दिल्ली से आए काफी जैन श्रावको ने धर्म लाभ कमाया। दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक भक्तामर पाठ 48 काव्यो से 48 दीपो के द्वारा महाराज जी के द्वारा ही किया गया। महाराज जी के द्वारा मंत्रो उच्चारण पढने के बाद जलालाबाद व आसपास से आए जैन श्रद्धालुओ ने एक-एक दीप जलाकर धर्म लाभ कमाया। दीर्पाचन के बाद भव्य मंगल आरती की गई। 10 जुलाई 2025 को आचार्य नयन सागर जी महाराज का चतुमार्श होने जा रहा है। मंगलवार को ही शाम 5 बजे आचार्य जी ने शामली के लिए मंगल विहार कर दिया। कार्यक्रम व मंगल विहार में सुशील कुमार जैन मंत्री, पं. सनत कुमार जैन, सतीस जैन, अर्पण जैन, रविन्द्र शर्मा, राजेश सैनी, राहुल जैन, सचिन जैन, प्रवेश जैन, रोबिन जैन, मोहित जैन, विशाल शर्मा, वनिश जैन, हर्ष जैन, धर्मेन्द्र जैन, चिंतामणी जैन,अनिल जैन, संजय जैन, विनय जैन, मनोज जैन, सुनील जैन, विप्लव जैन, जितेन्द्र जैन, टोनी जैन, चुन्नु जैन, विजेन्द्र जैन, अनुज जैन, तरुण जैन, प्रशांत जैन, स्वराज जैन, शुभम जैन, नीरज जैन, नितिन जैन, प्रवीण सैनी, देव कुमार जैन सहारनपुर, कम्बु जैन, सौरभ जैन, पुलिस प्रशासन व नगर पंचायत कर्मचारियों का सहयोग रहा।



# डकैती की योजना बनाते चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस ने गश्त के दौरान डकैती की योजना बनाते चार बदमाशों को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, चाकू और दो बाइक बरामद हुई हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि सोमवार रात को पुलिस टीम दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित ग्राम हिंड के पास बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास गश्त पर थी। इसी दौरान चार युवक संदिग्ध हालत में बैठे नजर आए। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर चारों को मौके पर ही दबोच लिया गया।पकड़े गए युवकों की पहचान सरफराज पुत्र अख्तर निवासी ग्राम हिंड, जीशान पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम हिंड, सलमान पुत्र सावेज निवासी ग्राम बुनटा, व अब्दुल वहाब पुत्र इरशाद निवासी सरसावा (जनपद सहारनपुर) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचे, दो चाकू और दो मोटरसाइकिल बरामद हुईं। पुलिस का कहना है कि चारों आरोपी किसी वारदात की योजना बना रहे थे। सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई दीपचंद, एसआई योगेश शर्मा, हेड कांस्टेबल भगत भाटी, कांस्टेबल अमित व आकाश शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संदिग्ध परिस्थितियों में डिब्बा फैक्टरी में कार्यरत युवक की मौत हो गई। उसक शव स्टोर में फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नूरपुर गांव निवासी शुगर मिल से रिटायर्ड आनंद मोहन शास्त्री परिवार के साथ आदर्श नगर में रहते हैं। उनका 28 वर्षीय बेटा शिवांक नूरपुर तिराहे पर स्थित डिब्बा फैक्टरी में पैकिंग का काम करता था। मंगलवार सुबह वह रोजमर्रा की तरह काम पर आया था। दोपहर के समय फैक्टरी में काम करने वाले अन्य कार्मिकों ने उसे स्टोर में फंदे पर लटका देखा। उन्होंने शोर मचाते हुए पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन पुलिस के वहां पहुंचने से पहले ही शव को नीचे उतार कर चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि परिजनों से पूछताछ में जानकारी मिली है कि मृतक पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था। प्रथम दृष्टया इसी के चलते उसने खुदकुशी की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। आनंद मोहन शास्त्री के दो बेटे हैं। मृतक उसमें छोटा और अविवाहिता था। शिवांक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।



# शिवाजी सेना कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** छत्रपति शिवाजी सेना के कार्यकर्ताओं ने गांव सरसीना स्थित गौशाला की बदलहाल स्थिति का जायजा लेकर वहां आवश्यक सुधार कराए जाने एवं नियुक्त लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को ज्ञापन दिया।

छत्रपति शिवाजी सेना के जिलाध्यक्ष देवांक चौधरी ने एसडीएम की अनुपस्थिति में दिए ज्ञापन में सरसीना स्थित गौशाला की हालत शर्मसार करने वाली है। कहा कि सोमवार को छत्रपति शिवाजी सेना के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सड़क पर दुर्घटना में घायल एक गौमाता को सरसीना स्थित गोशाला में भर्ती कराया था। बताया कि 24 घंटे बाद भी घायल गोमाता को वहां उपचार नहीं मिल सका। इतना ही नहीं उपचार की सुविधा न होने के चलते एक बीमार गौमाता की मौत के बाद उसे सोमवार को मामुली मिट्टी डालकर दफनाया गया था। जिस पर कीड़े और मक्खियां वहां भिनभिना रही थी। जिससे पूरे गांव में भी संक्रमण बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। इतना ही नहीं मंगलवार को भी कई गोवंश बीमारी की हालत में तड़पते मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि गौशाला में सेवा के नाम पर गौवध हो रहा है। छत्रपति शिवाजी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गौशाला में पनप रही अव्यवस्थाओं को दूर कराए जाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि गौसेवा के नाम पर पांखड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसलिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अन्यथा छत्रपति शिवाजी सेना सड़कों पर उतर आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान ओजस्वी राणा, शादुर्ल, कार्तिक अरोड़ा, शिवम त्यागी, प्रियांशु त्यागी, हर्ष त्यागी, केशव, हरिओम, कार्तिक अरोड़ा, रवि नामदेव, मोहित त्यागी एवं सक्षम, चंदन और आदित्य मौजूद रहे।



# चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बंद मकान पर धावा बोल चोरों ने सोने चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली और फरार हो गए। घटना के समय परिवार के लोग विवाह समारोह में गए हुए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी फूल मियां भायला रोड स्थित अपने मकान में ताला लगाकर परिवार के साथ बीती 21 जून को एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उत्तराखंड के झबरेड़ा गए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान पर धावा बोल दिया और घर के भीतर रखी अलमारी का ताला तोड़ सोने चांदी के आभूषण और हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। सोमवार की रात परिवार के लोग विवाह समारोह से वापस लौटे तो घर में चोरों ओर सामान बिखरा पड़ा देख उनके होश उड़ गए। तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी गई। फूल मियां के मुताबिक चोर छत के रास्ते उसके घर में घुसे और लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण समेत करीब 40 हजार रुपये की नकदी चोरी करके ले गए। पीड़ित मकान स्वामी ने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति पर चोरी का शव भी जताया हे। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा होगा।



# कार्यकर्ता लोजपा की नीतियों व कार्यकर्मों को जन जन तक पहुंचाएं: अग्रवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक जनशक्ति पार्टी (राम. विलास) के राष्ट्रीय महासचिव (युवा) राघव दास अग्रवाल ने कहा कि लोजपा सर्व समाज की पार्टी है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं, लगातार संगठन मजबूत हो रहा है।

मंगलवार को स्टेट हाईवे स्थित एक सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में बोलते हुए राघव दास अग्रवाल ने कहा कि पार्टी की नीतियों को गांव गांव गली गली पहुंचाने का काम किया जा रहा है। राम विलास पासवान के हाथों को और अधिक मजबूत करना उनका लक्ष्य है। जिला अध्यक्ष पूजा गर्ग, लक्ष्य, डा. कांता त्यागी ने भी अपने विचार रखे और सभी लोगों से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में प्रवेश सैनी (मुखिया) को सहारनपुर जिला अध्यक्ष (युवा) नियुक्त किया गया। अध्यक्ष प्रवेश सैनी, कपिल देव जैन, मुकेश अग्रवाल, राधेश्याम सैनी, आलोक उपाध्याय, टिंकू जाटव, राजीव कुमार, धर्मपाल, अजय जाटव, आशीष मित्तल राहुल गर्ग आदि लोक जनशक्ति पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# उपजिलाधिकारी को सौंपा मांग पत्र



**चांदपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन (बीएम सिंह) के कार्यकर्ताओं ने किसानों की अनेक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एक मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि विद्युत विभाग द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है वो न लगाये जाये। विद्युत विभाग द्वारा जिस शैडयूल से बिजली दी जा रही है उससे किसानों की सिंचाई ठीक प्रकार से नहीं हो पा रही है। किसानों को एक साथ दस घंटे बिजली आपूर्ति किये जाने की मांग की। गन्ना किसानों का गन्ना भुगतान गन्ना समितियों के माध्यम से ही किसानों के दिलाये जाने, गंगा खादर क्षेत्र में वर्षो से बाढ़ से पीड़ित रहने वाला क्षेत्र हैं जो कि बिजनौर बैराज का पानी इकट्ठा छोड़ा जाता है जिससे गंगा खादर क्षेत्र के दर्जनों गावों मे बाढ़ आ जाती है, पानी को इकट्ठा न छोड़ा जाने, साथ ही क्षेत्र में गुलदारों के आतंक से कई मौते हो चुकी है।

# ईरान से वापस अपने गांव लौटे मौलाना के परिवार में खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईरान में धार्मिक पढ़ाई करने गए थीतकी गांव के ही मौलाना अब्बास मेहंदी उर्फ तखस्सुस भी मंगलवार को भारत लौट गए। उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

मोहम्मद रजी मेहंदी के बेटे मौलाना अब्बास मेहंदी ईरान के कोम शहर में अल मुस्तफा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में धार्मिक पढ़ाई करने के लिए गए थे। अजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग ने उनके परिवार वालों में बेचौनी पैदा कर दी थी। मौलाना अब्बास की सुरक्षा को लेकर वह बेहद परेशान थे। 14 जून को उनकी वापसी होनी थी। लेकिन तेहरान एयरपोर्ट पर हमले की वजह से वह वापस नहीं आ सके। मौलाना अब्बास ने बताया कि वह पिछले सात साल से ईरान में फारसी मास्टर डिग्री (मुजतिहद) की पढ़ाई कर रहे हैं। लगातार हो रहे हमलों की वजह से ईरान में खौफ का माहौल है। जिस दिन वहां हमला हुआ उस दिन लाखों लोगों ने जुलूस निकाल कर संदेश दिया कि वह डरे नहीं है। मौलाना अब्बास ने भारतीयों को सुरक्षित लाने के लिए भारत सरकार का आभार जताया है।



# एक मोहर्रम से दस मोहर्रम तक के पुराने शहर में निकाले जाने वाले जुलूस व मजलिसों के कार्यक्रम हुए तय

## शहर में मोहर्रम की 5, 6, 7 व 10 तारीखों को निकाले जाएंगे चार जुलूस, पुलिस-प्रशासन की रहेगी व्यवस्था चाक-चौबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** 27 जून 2025 से मोहर्रम माह शुरू हो जाएगा (यानि उर्दू की एक मोहर्रम तारीख होगी)। शहर के सभी इमामबारगाहों व करबला के मुतवल्लियों (प्रबंधकगण) ने जिला पुलिस, प्रशासन व नगर निगम समेत अन्य सरकारी विभागों व अधिकारियों को मोहर्रम माह में होने वाले सभी कार्यक्रमों से अवगत करा दिया गया है, ताकि जुलूसों के रूटों की सही प्रकार से व्यवस्था ठीक रहे।

बड़ा इमामबारगाह खालापार जाफरनवाज के मुतवल्ली/प्रबंधक डा. सैयद अथर अब्बास ज़ैदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई माह की आगामी 27 जून से 6 जुलाई 2025 तक के कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे। उन्होंने बताया कि 27 जून को मोहर्रम माह की एक तारीख होगी। जिसके अनुसार जिला पुलिस प्रशासन को दिए गए पत्रों में कहा गया कि मोहर्रम के दस दिनों तक शहर के पुराने इलाके में इमामबारगाहों में मजलिस तथा जुलूसों के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं जिसमें मोहर्रम की एक तारीख यानि 27 जून को मोहर्रम के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। जिसके अंतर्गत मोहर्रम की एक तारीख से दस तारीख तक मोहल्ला कायस्थान स्थित सामानियान इमामबारगाह में सांय 4 बजे मजलिस शुरू हो जाती है। इसके बाद मोहल्ला जाफरनवाज स्थित बड़ा इमामबारगाह में रात्रि 8 बजे तथा मोहल्ला अंसारियान स्थित छोटा इमामबारगाह में 10:30 बजे मजलिस का प्रोग्राम शुरू हो जाता है। मजलिसों का सिलसिला रोजाना दस मोहर्रम तक रहता है।



मौलाना मिर्ज़ा जावेद



मौलाना सैयद मीसम नकवी



मौलाना डा. सैयद फतेह मौ. ज़ैदी

इसी बीच में 1 जुलाई यानि मोहर्रम की 5 तारीख को मोहल्ला कायस्थान स्थित सामानियान के इमामबारगाह में मजलिस के बाद सांय 5 बजे के लगभग एक जुलूस निकाला जाएगा, जो मोहल्ला कायस्थान से शुरू होकर पुरानी जामा मस्जिद, लक्खी गेट, मोहल्ला संगीयान, जैन मंदिर पंचायती, टोली जाटवान, बड़तला अंसारियान से होता हुआ छोटा इमामबारगाह मोहल्ला अंसारियान में जाकर समाप्त होगा। इसके अलावा मोहर्रम की 6 तारीख यानि 2 जुलाई को छोटा इमामबारगाह अंसारियान से एक जुलूस लगभग 1 बजे शुरू होगा, जो मोहल्ला मुतरीबान चौक, नखासा बाजार, सर्राफा बाजार, पुराना हलवाई हट्टा, दीनानाथ, बड़तला यादगार, चौक, भगत सिंह, मोरगंज, दाल मंडी का पुल, आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सामने व बाजारों से होता हुआ बड़ा इमामबा. रगाह कला खालापार जाफरनवाज देर सांय 6 बजे तक पहुंचेगा। यही जुलूस 1 घंटा रुकने के बाद वापस जामा मस्जिद चौक फव्वारा से होता हुआ नया बाजार, गौरी शंकर, लक्खी गेट, मोहल्ला संगीयान, बड़तला अंसा. रियान होता हुआ छोटा इमामबारगाह अंसारियान देर रात्रि पहुंचेगा।

3 जुलाई यानि मोहर्रम की 7 तारीख को बड़ा इमामबारगाह कला खालापार जाफरनवाज से दोपहर 1 बजे जुलूस शुरू होकर आर्य कन्या इंटर कॉलेज, दाल मंडी पुल, मोरगंज, चौक भगत सिंह, बड़तला यादगार, दीनानाथ बाजार, पुराना हलवाई हट्टा से होता हुआ सर्राफ बाजार, नखासा बाजार, मोहल्ला मुतरीबान चौक, मोहल्ला अंसारियान स्थित छोटा इमामबारगाह पहुंचेगा और एक घंटा जुलूस रुकने के बाद वापस मोहल्ला अंसारियान, बड़तला अंसारियान, टोली जाटवान, मोहल्ला संगीयान, लक्खी गेट, गौरी शंकर बाजार, नया बाजार, जामा मस्जिद चौक फव्वारा के सामने से होता हुआ बड़ा इमामबा. रगाह कला खालापार जाफरनवाज देर रात पहुंचेगा। इसके अलावा इसी दिन रात्रि 8 बजे से 1 बजे तक अलम मेहंदी, मातम, नौहे पढ़ते हुए अलग-अलग रास्तों से सारे इमामबा. रगाहों में नौजवान, बच्चे-बूढ़े जियारत करते जाएंगे।

इसके अलावा मोहर्रम की 9 तारीख यानि 5 जुलाई को नगर के सभी अजाखानों (इमामबारगाहों) में रातभर सभी अंजुमने व अन्य शिया समुदाय के लोग जियारत करने के लिए आते जाते रहेंगे। आगामी 6 जुलाई यानि मोहर्रम की दस तारीख को बड़ा इमामबारगाह कला खालापार जाफरनवाज से दोपहर 1 बजे एक जुलूस शुरू होगा, जुलूस सब्जी मंडी का पुल, जामा मस्जिद चौक फव्वारा के सामने से होता हुआ बाजार मोरगंज, भगत सिंह चौक, पुलखुमरान, बिजलीघर व मीरसाहब की कोठी के सामने से होता हुआ पुरानी चुंगी घास काटा, पानी की टंकी के पास बनी करबला में जाकर समाप्त होगा। जहां ताजिए दफनाए जाएंगे और सीनाजनी होगी। इसके बाद इसी दिन 6 जुलाई को ही रात्रि 8:30 बजे छोटा इमामबारगाह अंसारियान में शाम-ए-गरीबा की एक मजलिस बरपा होगी, जिसमें शहर की सभी अंजुमने- अंजुमन-ए-अकबरिया, अंजुमन-ए-इमामिया, सोगवार अंजुमन-ए-अकबरिया नोहाख्वानी कर मातम करेंगी। इसके अलावा वक्फ करबला, पुराना घास काटा के प्रबंधक/मुतवल्ली अबु तालिब ज़ैदी व वक्फ छोटा इमामबारगाह अंसारियान के प्रबंधक/मुतवल्ली दानिश आब्दी तथा वक्फ इमामबा. रगाह सामानियान कायस्थान के मुतवल्ली/प्रबंधक ज़िया अब्बास ज़ैदी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सभी कार्यक्रम के संबंध में जिला पुलिस प्रशासन को दस दिन पूर्व अवगत करा दिया गया है। ताकि जुल. ूसों के रास्तों की व्यवस्था ठीक प्रकार से बनी रहे, जबकि बड़ा इमामबारगाह खालापार कला जाफरनवाज में मोहर्रम की मजलिसों में मौलाना मिर्ज़ा जावेद, छोटा इमामबारगाह अंसारियान में मौलाना सैयद मीसम नकवी एवं सामानियान इमामबारगाह कायस्थान में मौलाना डा सैयद फतेह मौ. ज़ैदी तकरीर करेंगे।

# धामपुर में किन्नर समुदाय के दो गुटों में टकराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के एक प्रमुख मोहल्ले में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब किन्नर समुदाय के दो अलग-अलग गुट आपस में आमने-सामने आ गए। बताया जा रहा है कि मुरादाबाद से आए किन्नरों का एक समूह धामपुर में पारंपरिक 'बधाई मांगने' की रस्म अदा कर रहा था। इस बात की जानकारी जैसे ही स्थानीय किन्नर समुदाय को लगी, वे तुरंत मौके पर पहुंच गए और बाहरी किन्नरों के विरोध में आवाज उठाने लगे।

मौके पर दोनों पक्षों में तीखी बहस और कहासुनी हुई। कुछ देर के लिए स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि वहां हंगामे जैसा माहौल बन गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर इकअ्ठा हो गई। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर क्षेत्रीय अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया। सूचना मिलने पर थाना

## हंगामे के बाद हो गया समझौता

धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और हस्तक्षेप करते हुए दोनों गुटों को अलग किया। पुलिस अधिकारियों द्वारा दोनों पक्षों को समझाने के बाद किसी तरह मामला शांत कराया गया। काफी मान-मनौव्वल के बाद दोनों गुटों ने आपसी सहमति जताते हुए किसी भी प्रकार की विधिक कार्रवाई से इंकार कर दिया। दोनों पक्षों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है, इसलिए किसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

हालांकि पुलिस ने स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसा कोई विवाद उत्पन्न न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के विवादों से सामाजिक सौहार्द्र पर भी असर पड़ता है।

# जिंदा व्यक्ति को किया मृत घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम पंचायत सुंगरपुर बेहड़ा के निवासी गंगाराम पुत्र घनश्याम सिंह को वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त होती थी। लेकिन पिछले 11 माह से उनकी पेंशन नहीं आ रही है। वृद्ध गंगाराम का कहना है कि वे गरीब व्यक्ति हैं तथा पेंशन पर निर्भर रहते हैं। परेशान गंगाराम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी से सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत पेंशन रुकने का कारण पूछा, तो जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह ने बताया कि बीडीओ नजीबाबाद के कार्यालय से प्राप्त आख्या के आधार पर 18 जुलाई, 2024 को पेंशन रोक दी गई है। जब उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से पेंशन रोकने वाली आख्या के बारे में पता किया, तो बताया गया कि गंगाराम को ग्राम पंचायत सचिव ने मृत घोषित कर दिया है। जबकि गांव में दूसरे गंगाराम की मृत्यु हुई थी और उसके पिता का नाम परशुराम सिंह था। ग्राम पंचायत सचिव अवधेश कुमार की लापरवाही से वृद्ध गंगाराम 11 माह से पेंशन को तरस रहा है और घोर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव फोन उठाना भी पसंद नहीं करता है। बीडीओ दीपक कुमार तेवतिया का कहना है कि पीड़ित गंगाराम के जीवित होने की रिपोर्ट भेजकर पेंशन पुन: शुरू कराई जायेगी।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

## एजेंट के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन शक्ति मंच का थाने पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र से एक ठगी का मामला सामने आया है जहां एक एजेंट ने विदेश भेजने के नाम पर दर्जनों लोगों को अपना शिकार बनाते हुए 15 से 20 लाख रुपये ठग लिए जहां लोगों को विदेश में ड्राइविंग और कॉलिंग सेंटर में जॉब करने के लिए भेज दिया, लेकिन वहां लोगो को चेन्नई और कपड़े धोने का काम मिला। किसी तरह लोग अपने वतन लोटे और एजेंट से पैसे वापस लेने की माग की। इससे नाराज एजेंट ने लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए मारने की धमकी दी लोगों ने किसानों के साथ थाने पर पर प्रदर्शन कर दिया और आरोपी एजेंट पर कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि बीते सोमवार को भारतीय किसान यूनियन शक्ति मंच द्वारा थाना किठौर के परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। किसान यूनियन के पदाधिकारी वसीम चौधरी व सुहैल ने बताया कि पुष्पेंद्र उर्फ सोनू ग्राम गन्दू नंगला थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ का निवासी है। जो कि किठौर में भारत गैस एजेंसी के सामने ऑफिस बनाये हुए है। सोनू एक एजेंट के रूप में काम करता है। जो विदेश में भेजने के नाम पर मोटी रकम वसूलता है। ऐसा ही मामला इरफान अली पुत्र महबूब, मोहम्मद शुऐब पुत्र परवेज अली, नसीबुर्रह्मान व किठौर के करीब 10 लड़को का ग्रुप बना कर विदेश भेजने के नाम पर 15 से 20 लाख रुपये की ठगी की गई। जिसकी शिकायत किठौर पुलिस से की गई है। इस सम्बंध में किठौर थाना प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# 28 को सीसीएसयू में होगी कांवड़ सेवा शिविर संचालकों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) बृजेश सिंह ने बताया कि कांवड़ मेला 2025 जुलाई माह में प्रारंभ होने वाला है। श्रावण मास की शिवरात्रि का त्यौहार गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 11 जुलाई से प्रारंभ होकर मुख्य पर्व शिवरात्रि 23 जुलाई को मनाया जायेगा। शिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण हरिद्वार से कांवड़ के माध्यम से गंगाजल लाते है और अन्य जनपदों प्रदेशो के श्रद्धालुगण जनपद मेरठ एवं महानगर मेरठ के अंदर से होते हुये कांवड़ लेकर गुजरते है। पर्व पर कांवड़ सेवा शिविर संचालको के साथ एक आवश्यक बैठक डीएम की अध्यक्षता में 28 जून को एक बजे सीसीएसयू में आयोजित होगी।

# अमेजन इंडिया ने की प्राइम डे 2025 की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन इंडिया ने घोषणा की कि प्राइम डे 2025 भारत में पहली बार तीन दिन तक मनाया जाएगा। यह खास सेल 12 जुलाई की रात 12 बजे शुरू होकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगी। इन 72 घंटों में प्राइम मेंबर्स के लिए जबरदस्त डील्स, शानदार बचत, नई लॉन्चिंग्स और एक्सक्लूसिव एंटरटेनमेंट का मजा मिलेगा, और यह सब कुछ खासतौर पर प्राइम ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। ते हैं। भारत और उभरते बाजारों के लिए प्राइम, डिलीवरी और रिटर्न्स निदेशक अक्षय साही ने कहा, प्राइम डे हमेशा से हमारे सदस्यों के लिए एक उत्सव रहा है। उन्हें नई लॉन्चिंग्स, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का अनुभव मिलता है।


## जनता जूनियर हाईस्कूल डंघेडा सहारनपुर

में निम्न रिक्त पदों हेतु अध्यापकों, कर्मचारियों की

**आवश्यकता है।**

| क्र0सं0 | पद व संख्या | शैक्षिक योग्यता | आयु | सेवा शर्तें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाध्यापक (एक) | किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक डिग्री बी0एड0, यू0पी0 टी0ई0टी0 या सी0टी0ई0टी0 व 5 वर्ष का सहायक अध्यापक अनुभव हो। | 26 वर्ष | बेसिक शिक्षा विभाग के नियमानुसार |
| 2 | सहायक अध्यापक (दो) | स्नातक डिग्री बी0एड0 यू0पी0 टी0ई0टी0 या सी0टी0ई0टी0 पास हो। | न्यूनतम आयु 21 वर्ष | तदैव |
| 3 | लिपिक पद (एक) | स्नातक डिग्री एवं कम्प्यूटर का ज्ञान, CCC प्रमाण पत्र व टंकण का प्रमाण पत्र, पी0ई0टी0 पास। | 21 वर्ष | तदैव |
| 4 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (एक) | किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से हाईस्कूल पास। | 21 वर्ष | तदैव |

5. **नोट :** आरक्षित वर्ग को नियागानुसार छूट गिलेगी।
6. आवेदन पत्र सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित व फोटो स्वप्रमाणित एवं अपना पता लिख दो लिफाफे के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर निम्न पते पर भेजे।
7. योग्य अभ्यार्थियों का साक्षात्कार दिनाक 13/07/2025 दिन रविवार प्रात: 10:30 बजे विद्यालय परिसर में होगा।

(मुन्नु त्यागी)
प्रबन्धक
जनता जूनियर हाईस्कूल डंघेडा (सहारनपुर)




# आईसीसी ने पंत को लगाई फटकार

## हेडिंग्ले में बॉल नहीं बदलने पर अंपायर पर भड़के थे, नियम के उल्लघंन पर दिया एक डिमेरिट पाइंट

**लीड्स, वार्ता।** टीम इंडिया के उप कप्तान ऋषभ पंत को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने फटकार लगाई है। साथ ही एक डिमेरिट पाइंट भी दिया है। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है। वे हेडिंग्ले टेस्ट में तीसरे दिन बाल बदलने के लिए फील्ड अंपायर से भिड़ गए थे।

काउंसिल के मुताबिक पंत ने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल-1 का उल्लंघन किया है और इसके लिए उन्हें एक डिमेरिट पाइंट दिया गया है। पेनल्टी के तहत कोई आर्थिक जुर्माना नहीं लगाया गया है। पंत लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। 24 महीने के भीतर 4 डिमेरिट पाइंट मिलने पर खिलाड़ी पर एक मैच का सस्पेंशन लग जाता है। पंत ने अपनी गलती मान ली है और आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच के रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा उन पर लगाई गई सजा को भी स्वीकार कर लिया है। मुकाबले के तीसरे दिन हुई थी घटना इंग्लिश पारी के 61वां ओवर मोहम्मद सिराज डालने आए। ओवर की तीसरी बाल की बाद बुमराह ने बाल को लेकर अंपायर से शिकायत की। अंपायर से गेंद को बाल चेकर (गेज) में डालकर जांचने को कहा। हालांकि, गेंद पास हो गई। इसके बाद ओवर की पांचवीं बाल पर हैरी ब्रूक ने आगे निकलकर चौका लगा दिया। इसके बाद पंत ने भी गेंद को लेकर दूसरे अंपायर से शिकायत की। गेंद एक बार फिर गेज टेस्ट में पास हो गई, लेकिन पंत इससे नाराज दिखे। उन्होंने गुस्से में गेंद को दूर फेंक दिया। गेज टेस्ट में बाल की साइज नापी जाती है। आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, लेवल-1 और लेवल-2 के उल्लंघन पर 1 से 2 डिमेरिट पाइंट्स के साथ शून्य से 50 फीसदी मैच फीस लगती है। लेवल-3 के उल्लंघन करने पर 6 टेस्ट और 12 वनडे का सस्पेंशन मिलता है। पंत पर 1 डिमेरिट पाइंट का जुर्माना लगाया गया है।

वहीं अगर कोई खिलाड़ी 24 महीने में चार या ज्यादा डिमेरिट पाइंट जमा करता है, तो वे सस्पेंशन पाइंट में बदल जाते हैं, जिसके बाद खिलाड़ी पर एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी-20 मैचों का बैन लग सकता है। डिमेरिट पाइंट 24 महीने तक रिकॉर्ड में रहते हैं।

### ब्रुक ने प्रसिद्ध को उकसाया

**● भारतीय पारी के दौरान कहा: क्या तुम्हें छक्का मारना आता है, अगली ही गेंद पर कैच आउट हुए कृष्णा**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में मैच के दौरान की एक घटना काफी चर्चा में है। दरअसल, भारतीय पारी के दौरान इंग्लैंड के हैरी ब्रुक ने प्रसिद्ध कृष्णा को उकसाने की को. शिश की और इसमें वह कामयाब भी हो गए। भारत को आखिरी झटका प्रसिद्ध के रूप में लगा। वह खाता नहीं खोल सके। भारत की दूसरी पारी के 96वें ओवर में शोएब बशीर गेंदबाजी कर रहे थे। इस ओवर की पांचवीं गेंद पर स्लिप में खड़े हैरी ब्रुक ने प्रसिद्ध से कहा कि क्या आप लंबे-लंबे छक्के लगा सकते हैं? इस पर प्रसिद्ध मुस्कुराए और उन्होंने जवाब दिया कि अगर मुझे करना होता तो मैं ब्रूक कहलाता। इसके बाद अगली गेंद पर प्रसिद्ध ने बड़ी हिट लगाने की कोशिश की और डीप मिड विकेट में जोश टंग को कैच थमा बैठे।

# ऋषभ पंत ने बैटिंग का स्टाइल बदला और इतिहास रचा

**● कोच बोले: पहले हर बॉल पर आक्रामक होते थे, अब डिफेंसिव खेले बाहर जाती गेंदे छोड़ी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय उप कप्तान ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में भी शतक लगाया। वे एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने। पंत ने पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए। इंग्लैंड टेस्ट में उनके बल्ले से ऐसे ही रन नहीं निकले हैं। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत और बल्लेबाजी स्टाइल में किए बदलाव अहम वजह है। पंत के सोनेट क्लब में कोच रहे देवेंद्र शर्मा ने दैनिक भास्कर को बताया कि उन्होंने डिफेंस और ड्राइव पर काम किया। धैर्य से खेलने और शाट्स चयन पर काम किया देवेंद्र शर्मा ने दैनिक भास्कर को बताया कि ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद आईपीएल में उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे थे। वह काफी निराश थे। उनकी आलोचना की जा रही थी। पंत ने मुझसे से बात. चीत की। फिर हम दोनों ने रिव्यू किया और पाया कि कुछ चीजों पर काम करने की जरूरत है। सबसे पहले यह तय हुआ कि टेस्ट में उन्हें धैर्य से खेलना होगा और शाट सेलेक्शन पर काम करना होगा। बाहर जाती हुई गेंदों को छोड़ना होगा और अच्छे गेंद को सम्मान देना होगा। इसके लिए पंत ने रोजाना 2.30 से 3.00 घंटे प्रैक्टिस की। खुद को मानसिक रूप से भी इसके लिए तैयार किया। क पंत इंग्लैंड में पहली पारी से अपने नेचर के विपरीत खेलते नजर आए। वह शुरू से ही डिफेंसिव मोड में खेले। पहले वह हर बाल पर आक्रामक रहते थे, वहीं अब उन्होंने धैर्य रखना सीख लिया है और शाट सेलेक्शन में सावधानी बरती। ऐसा नहीं है कि पंत ने आक्रामक शैली को छोड़ दिया है, पर अच्छी गेंद को सम्मान देना शुरू कर दिया और खराब गेंदों पर शाट्स लगाना शुरू कर दिया है। उन्होंने डिफेंस और ड्राइव पर अच्छा काम किया है। यही कारण है कि दोनों ही पारियों में वह शतक लगाने में सफल रहे। कार एक्सीडेंट के बाद पंत खुद दोबारा क्रिकेट खेलने को लेकर डाउट में थे शर्मा बताते हैं कि 2022 के आखिरी दिन दिल्ली से रुड़की जाते हुए कार एक्सीडेंट में पंत को काफी चोटें आई थी। उनके घुटने की लिगामेंट टूट गई। जब मैं उन्हें देहरादून में देखने गया, तो मुझे भी लगा कि अब क्रिकेट खेलना मुश्किल हो सकता है।

# दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने ऋषभ

**● जो रूट ने टेस्ट में 210 कैच पूरे किए, इस मामले में रूट ने राहुल द्रविड़ की बराबरी की**

**लीड्स, वार्ता।** भारत ने एंडरसन -तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का टारगेट दिया है। मैच के चौथे दिन भारतीय टीम दूसरी पारी में 364 रन पर आलआउट हो गई।

लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में स्टंप्स तक इंग्लैंड ने बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड जीत से 350 रन दूर है। ऋषभ पंत पहले भारतीय विकेटकीपर बने, जिन्होंने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया। जो रूट ने टेस्ट में 210 कैच पूरे किए, उन्होंने इस मामले में राहुल द्रविड़ की बराबरी की। सुनील गावस्कर ने पंत को संेचुरी के बाद जंप लगाने को कहा। टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड में एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अब ऋषभ पंत का नाम भी शामिल हो गया है।

यह रिकॉर्ड उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटाफ (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, एजबेस्टन, 2005) और बेन स्टोक्स (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, लाडर्स, 2023) के साथ साझा किया है। इन सभी ने इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में 9-9 छक्के लगाए हैं। इस टेस्ट मैच में भारत की ओर से 5 अलग-अलग बल्लेबाजों ने शतक लगाए, जो भारतीय टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ है। यह टेस्ट क्रिकेट में छठी बार है, जब किसी टीम के पांच बल्लेबाजों ने एक ही टेस्ट में शतक लगाए हों। इसके साथ ही भारत दूसरी टीम बन गई है जिसने बाहर (विदेश में) खेलते हुए ऐसा कारनामा किया है। इससे पहले ऐसा केवल 1955 में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्स्टन में किया था। केएल राहुल ने करियर का 9वां शतक लगाया।

उन्होंने इंग्लैंड में अपनी तीसरी सेंचुरी लगाई। वे 137 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत पहले भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया। वे ओवरआल सातवें भारतीय हैं जिन्होंने ये कारनामा किया। पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में भी शतक लगाया। वे एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने। दुनिया में उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर ने किया है। फ्लावर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ साल 2001 में हरारे टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जमाया था। पंत ने पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए। टेस्ट मैच में किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अब ऋषभ पंत के नाम है। उन्होंने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारियां खेलकर कुल 252 रन बनाए।

खेल विशेष

# पूर्व क्रिकेटर दिलीप दोशी का निधन हुआ



**77 साल की उम्र में लंदन में ली आखिरी सांस, पहले टेस्ट में लिए थे 5 विकेट**

**लंदन, वार्ता।** भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का लंदन में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। वह 77 साल के थे। दिलीप दोशी के परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन, और बेटी विशाखा है। दोशी उन नौ भारतीय क्रिकेटरों में से एक थे जिन्होंने अपने पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप ने भारत के लिए कुल 33 टेस्ट मैच खेले और 114 विकेट अपने नाम किए। इसमें छह बार पांच विकेट हाल भी उन्होंने लिए थे। भारत के लिए खेले 15 वनडे मैचों में उन्होंने 22 विकेट लिए। दिलीप ने सौराष्ट्र और बंगाल के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेली। उन्होंने इंग्लैंड की वार्विकशर और नाटिंघमशर के लिए भी क्रिकेट खेला। 32 साल की उम्र में किया डेब्यू दोशी ने 32 साल की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने 80 के दशक में चुपचाप से क्रिकेट को अलविदा कह दिया था क्योंकि वह उस समय भारतीय क्रिकेट के संचालन से नाराज थे। उन्होंने अपनी आटोबायोग्राफी भी लिखी है जिसका नाम 'स्पिन पंच' हैं। साल 1981 में मेलबर्न में खेले गए टेस्ट मैच में दिलीप ने भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।



# केकमैनोविच को हराकर इवांस लेक्सस ईस्टबोर्न ओपन के दूसरे दौर में

**वाइल्ड कार्ड एंट्री के रूप में खेल रहे इवांस ने केकमैनोविच को 3-6, 6-4 व 6-4 से हराया**

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के डैन इवांस ने लेक्सस ईस्टबोर्न ओपन में सार्बिया के मिओमिर केकमैनोविच को हराकर टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा।

वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में खेल रहे 35 वर्षीय खिलाड़ी इवांस ने सोमवार को दो घंटे नौ मिनट तक चले मुकाबले में विश्व के 49वें नंबर के खिलाड़ी मिओमिर केकमैनोविच को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली है। केकमैनोविच ने पहले सेट में दो बार इवांस की सर्विस तोड़ी, लेकिन दूसरे सेट की शुरुआत में ब्रिटिश खिलाड़ी ने वापसी करते हुए जीत दर्ज की और उसके बाद तीसरा गेम भी जीत कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अगले दौर में इवांस का मुक. ाबला अमेरिकी दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा।

# अगले डोमेस्टिक सीजन में मुंबई से नहीं खेलेंगे पृथ्वी शॉ

**● मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी मांगा, एमसीए बोला- हम जल्द ही फैसला लेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शा अगले डोमेस्टिक सीजन में मुंबई से नहीं खेलेंगे। 25 साल के शा ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से नो-आब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) मांगा है। शा पिछले कुछ समय से रेड बाल टीम से बाहर हैं।

एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि शा की ओर से एनओसी मांगने वाला एक लेटर मिला है। एमसीए सूत्र ने बताया, हां, हमें उनका एक लेटर मिला है और इसे मंजूरी के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है और उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय ले लिया जाएगा। लेटर में शा ने लिखा कि वे मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं, जिसके लिए उन्होंने 2017 में डेब्यू किया था, लेकिन अब वह आगे बढ़ना चाहते हैं। पृथ्वी शा का डोमेस्टिक क्रिकेट करियर शुरुआत से ही बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया और पहले ही मैच में शतक जड़ दिया। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में उन्होंने लगातार अच्छे प्रदर्शन किए और 3000 से ज्यादा रन बना चुके हैं। टी-20 फार्मेट में भी उन्होंने मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला है। शा ने डोमेस्टिक क्रिकेट में रणजी, दलीप और विजय हजारे तीनों ही प्रमुख टूर्नामेंटों में डेब्यू मैच में शतक लगाया। इसके अलावा वह 2018 में भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के कप्तान भी रहे। शा को 2021 से टीम इंडिया में मौका नहीं मिला 2018 में भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिता चुके पृथ्वी शा ने 2018 में ही इंटरनेशनल डेब्यू भी कर लिया था। उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट में ही शतक लगाया। उन्होंने जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ आखिरी इंटरनेशनल मैच वनडे के रूप खेला और तब से ही वह भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेल सके।




# पाल्मेरास की इंटर मियामी फीफा क्लब विश्वकप के नॉकआउट चरण में जगह पक्की

**● लुइस सुआरेज ने 65वें मिनट में गोल कर स्कोर दोगुना कर दिया**

**फ्लोरिडा, वार्ता।** इंटर मियामी ने लियोनेल मेस्सी फीफा क्लब विश्वकप में पाल्मेरास के साथ 2-2 से ड्रॉ खेलकर नॉकआउट चरण में जगह बना ली। इंटर मियामी ने सोमवार को खेले गये मुकाबले में पहले हॉफ में 16वें मिनट में टैडियो एलेंडे के गोल से पाल्मेरास पर शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद लुइस सुआरेज ने 65वें मिनट में गोलकर स्कोर दोगुना कर दिया, लेकिन मैच के अंतिम मिनटों में मियामी की ओर से दागे गये दो गोल के कारण मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। नॉकआउट चरण में इंटर मियामी का सामना यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा।

# टी-ब्रेक तक इंग्लैंड का स्कोर 269/4

**● रूट-स्टोक्स नाबाद, शार्दूल ने डकेट-ब्रुक के विकेट लिए, भारत ने 371 रन का टारगेट दिया**

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड ने एंडरसन -तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 4 विकेट पर 269 रन बना लिए हैं। टीम को आखिरी सेशन में जीत के लिए 102 रन की जरूरत है। जो रूट और बेन स्टोक्स नाबाद हैं। शार्दूल ठाकुर ने बेन डकेट (149 रन) और हैरी ब्रूक (0) को कैच आउट कराया। प्रसिद्ध कृष्णा ने ओली पोप (8रन) और जैक क्राली (65 रन) के विकेट झटके। मंगलवार को लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे मुकाबले का आखिरी दिन है। इंग्लैंड ने 21/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया। भारत ने इंग्लिश टीम को 371 रन का टारगेट दिया है। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर आलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी। 5वें दिन के दूसरे सेशन में भारतीय टीम ने वापसी की। टी-ब्रेक तक इंग्लैंड का स्कोर 269/4 है। इंग्लिश टीम को आखिरी सेशन में 102 रन बनाने हैं। जो रूट और बेन स्टोक्स की जोड़ी नाबाद है। 55वां ओवर डाल रहे शार्दूल ठाकुर ने लगातार दो बाल पर दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की तीसरी बाल पर बेन डकेट को सब्स्टिट्यूट नीतीश कुमार रेड्डी के हाथों कैच कराया। डकेट 149 रन बनाकर आउट हुए। ओवर की चौथी बाल पर हैरी ब्रूक को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। ब्रूक खाता भी नहीं खोल सके। शार्दूल ने इस ओवर में महज 3 रन खर्च किए। वे हैट्रिक पर थे, लेकिन बेन स्टोक्स ने 3 रन लेकर अपना खाता खोल लिया। 371 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। बेन डकेट शतक बनाकर खेल रहे हैं। 45वें ओवर में इंग्लैंड ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया है। यहां ओली पोप 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड कर दिया। प्रसिद्ध ने अपने पिछले ओवर में जैक क्राली को आउट किया था। 43वें ओवर में इंग्लैंड ने पहला विकेट गंवाया। यहां जैक क्राली 65 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें केएल राहुल के हाथों कैच कराया। प्रसिद्ध ने इंग्लिश ओपनर्स की 188 रनों की साझेदारी को ब्रेक किया। इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। हालांकि, कुछ ही देर में बारिश बंद हो गई और मैच दोबारा शुरू हो गया। बेन डकेट ने टेस्ट क्रिकेट में छठा शतक पूरा कर लिया है।उन्होंने 40वां ओवर डाल रहे रवींद्र जडेजा की चौथी बाल पर चौका लगाकर संेचुरी पूरी की। 39वें ओवर की आखिरी बाल पर बेन डकेट को जीवनदान मिला। बेन डकेट ने पुल शाट खेला लेकिन गेंद टाप-एज होकर हवा में गई। मिडविकेट पर खड़े यशस्वी जायसवाल दौड़कर गेंद तक पहुंचे और डाइव लगाई, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में भारत के खिलाफ 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। बेन डकेट ने 37वां ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह की पहली बाल पर चौका लगाकर स्कोर 150 पार पहुंचाया।

# अनाहत-चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**जोहोर, वार्ता।** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां एरिना एमास में खेले गए मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना और यी शिन यिंग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गई और वे अब प्लेसमेंट राउंड में पांचवें से आठवें स्थान को लेकर स्पर्धा करेंगी। पुरुष युगल वर्ग में गत चैंपियन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य के लमवु ली और जूयंग ना के खिलाफ 2-1 (10-11, 11-3, 11-5) से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, रवि व गुहान की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के चेउक नाम लाई और वैलोक टो के खिलाफ 2-0 (11-6, 11-8) से हार का सामना करना पड़ा।

# हाईवे पर डम्पर पलटा, नीचे दबने से एक की मौत, आठ घायल

## बिलासपुर मोड़ पर डस्ट से भरा डम्पर और डीसीएम के आपस में टकराने से हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को बिलासपुर मोड के निकट बेकाबू डस्ट से भरे डम्पर की डीसीएम से टक्कर होने के बाद यहां एक एक भयानक हादसे ने एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि महिला सहित आधा दर्जन से अधिक गंभीर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना उस वक्त हुई जब हरिद्वार की ओर से आ रहे डस्ट से भरे डम्पर पलट गया और चार बाईके व आधा दर्जन से अधिक लोग उसे नीचे दब गए। बचाव कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों ने शव को बाहर निकालकर घटना की जानकारी तुरंत ही पुलिस को दी जिसके बाद नई मंडी सीओ, मंडी कोतवाली का फोर्स क्रेन लेकर मौके पर पहुंचे और सड़क पर पडे डीसीएम और डम्पर को अलग हटाकर यातायात को चालू कराया। एनएच-58 के निकट बिलासपुर मोड़ पर आए दिन भयानक व दर्दनाक हादसे हो रहे है। आए दिन दुर्घटना होना यहां एक गंभीर बात हो गई है, हालांकि क्षेत्र के लोग कई बार यहां पुल बनाने की मांग कर चुके है, लेकिन आए दिन एक-दो जिन्दगी खत्म होने के बाद भी ग्रामीणों की यहा मांग पूरी नहीं हो चुकी।

मंगलवार को भी डस्ट से भरा डम्पर अचानक ही पलट गया जिसके बाद एक भयानक हादसा हुआ और डस्ट से भरे डम्पर के नीचे बाइक सवार सहित कई लोग दब गए। डस्ट से भरा डम्पर तेजी व लापरवाही से हरिद्वार की ओर से आ रहा था। इस दौरान सामने से आई डीसीएम की भी सीधी टक्कर हो गई इसी दौरान डम्पर पलट गया। भारी डस्ट से भरे डम्पर के नीचे जब कई लोग दब गए तो यहां चीख-पुकार व बचाव कार्य शुरू हो गया। कुछ लोगों ने तुरंत ही डम्पर के नीचे लोगों को बचाने के प्रयास शुरू किए। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुंची और उन्होने रेस्क्यू शुरू किया। डम्पर के नीचे निकाले जाने तक सचिन पुत्र महेन्द्र निवासी बेहडा अस्सा थाना सिखेडा उम्र 25 वर्ष की मौत हो चुकी थी, जबकि बीस वर्षीय वंश पुत्र जगदीश निवासी खेडकी चौसाना शामली, 25 वर्ष का मोन्टी पुत्र मांगेराम बेहडा अस्सा सिखेडा, हिमांशु पुत्र अरविंद निवासी खेडकी चौसाना उम्र 25 वर्ष, सुभलेश पत्नी कदम सिंह 45 वर्ष निवासी खरपोड, राजवीर पुत्र मलखान 30 वर्ष निवासी एकता विहार कोतवाली नगर, विकास पुत्र कदम सिंह निवासी खरपोड ककरौली 23 वर्ष, राहुल पुत्र रतन सिंह बिलासपुर थाना नई मंडी को तुरंत ही इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बचाव कार्य में लगे ग्रामीणों ने सड़क पर पलटी हुई डीसीएम को सीधा कर अलग हटाया और इस बीच नई मंडी पुलिस सीओ नई मंडी रूपाली राव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई थी और उन्होने क्रेन की मदद से डम्पर को सड़क से हटाकर यातायात चालू कराया।










# सड़क हादसों में दो ने गंवाई जान

■ कार ने मजदूर को कुचला, अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सड़क हादसों मे जहां एक मजदूर की कार के नीचे कुचलने से दर्दनाक मौत हो गई, वहीं अज्ञात वाहन ने अट्ठारह साल के युवक को बुरी तरह कुचल डाला। दोनो लोगों की मौत हो गई घटना के बाद मौके पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने दोनो का पोस्टमार्टम कराया और वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सुन्टा रसूलपुर निवासी चालीस वर्षीस विपिन पुत्र तिलक शाहपुर मोड स्थित शुगर मिल के गोदाम में चीनी ढुलाई की मजदूरी करता था घटना बीती रात साढ़े दस बजे की है विपिन अन्य मजदूरों की तरह मजदूरी करने के लिए जा रहा था जैसे ही वह बाइक द्वारा शाहपुर मोड पर पहुंचा तो अचानक तेज गति से आई कार ने उसको रौंद डाला घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जैसे ही घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास किया तो रास्ता में ही उसकी मौत हो गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू की। इस समय तक घटना को अंजाम देने वाला कार चालक मौके से फरार हो चुका था। पुलिस ने कार्यवाही के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

वहीं दूसरी ओर मंडी क्षेत्र के गांव अलमासपुर निवासी अट्टारह वर्षीय राहुल पुत्र उदयवीर बाइक द्वारा शहर की ओर आ रहा था जैसे ही वह मेरठ रोड पर पहुंचा तो अचानक अज्ञात वाहन ने उसको कुचल डाला। राहुल की हालत गंभीर हो गई सूचना के बाद वहलना चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# पत्नी ही निकली सलमान की कातिल

## पति पर लगाए गंभीर आरोप, हत्या के आरोप में महिला को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कई जनपद में ऐसी सनसनी खेज मामले सामने आए जिनसे लोगों की रूह कांप उठी। हाल में कई घटना जनपद में भी प्रेम प्रसंग के मकड जाल में फंसी महिला द्वारा बच्चों को जहर देने का मामला अभी लोग भूला भी नहीं पाए थे कि जनपद में एक ओर महिला द्वारा अपने पति को मौत के घाट उतारने का खुलासा हुआ है। दोनो महिलाओं के खूनी खेल के पीछे अधिकतर प्रेम संबंधों के मामले उजागर हो रहे है।

हाल में भोपा क्षेत्र की एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों को इसलिए मौत की नींद सुला दिया क्योकि वह प्रेम संबंधों में रोडा बन रहे थे। मंगलवार को भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एक ऐसी वारदात का खुलासा किया है जिसमें महिला ही अपने पति की कातिल बताई गई है। यह मामला विगत दिवस मदिना चौक के निकट हुआ था जहां सलमान की फांसी लगाकर मौत हो गई थी और परिजनों ने मृतक की पत्नी पर ही हत्या का आरोप लगाया था तो पुलिस ने भी दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। जैसा की पुलसि का कहना है कि महिला ने पति की घिनौनी हरकत से परेशान होकर उसको नशीली दवाई दे दी और अपने रूपट्टे से फांसी लगाकर उसको हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया।




मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में हुई प्रेसवार्ता के दौरान जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा ने एक ओर सनसनी खेज घटना का खुलासा किया है जिसमें सलमान नामक व्यक्ति की मौत हो गई थी और आज खुलासे में पाया गया कि उसकी पत्नी ही उसकी कातिल निकली। एसएसपी ने बताया क मूल रूप से ककराला के रहने वाले सलमान की इक्कीस जून को रहस्मय मौत हो गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक की पत्नी शाहीन ने बताया था कि उसके पति सलमान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एसएसपी का कहना है कि घटना के समय मृतक का परिवार भी यहां पहुंच गया था जिन्होने मृतक की पत्नी को ही संदिग्ध मानते हुए उसके खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो रिपोर्ट में गला घोटकर मौत होना आया। अब पुलिस की शक की सूई पत्नी पर घूमी तो सलमान के भाई फैसल द्वारा नामजद की गई मृतक की पत्नी शाहीन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। एसएसपी ने बताया कि शाही ने सलमान हत्याकांड का राज खोल कर रख दिया।

महिला का कहना है कि उसका पति उसको दूसरे लोगों को परोसता था और अनैतिक धंधों से परेशान होकर उसने अपनी पति की हत्या की योजना बना डाली और खाने में नशे की गोलिया देकर रूपट्टे से उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने नशे की गोलिया और घटना में प्रयुक्त रूपट्टा बरामद कर लिया है।

# कूड़े के ढ़ेर पर पड़ा मिला भ्रूण

**मुजफ्फरनगर।** रुडकी रोड पर कूडे के ढेर में भ्रूण मिलने से क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गई। भ्रूण को कुत्तों से बचाने के लिए कुछ लोग वहीं खडे हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस भ्रूण को कूडे में फेंकने वाले की तलाश में जुट गई है। शहर के रुडकी रोड स्थित पुलिस चौकी के पास कूडे का ढेर है। वहां कोई एक भ्रूण को फेंककर चला गया। एक व्यक्ति को भ्रूण दिखा तो उसने अपने साथियों को इसकी सूचना दी, सूचना पर भ्रूण की पुष्टि होने पर पुलिस को काल की गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई और भ्रूण को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मानवता दिखाते हुए भरूण को पीएम के लिए स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द कर दिया। नगर कोतवाली उमेश रोरिया ने बताया कि लोगों ने भ्रूण पडे होने की सूचना दी थी, जिसके बाद टीम पहुंची। भ्रूण को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। डीएनए भी पता कराया जाएगा। इसके साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ली जा रही है ।

# सीडीओ ने जलमिशन योजना को परखा

## बुढ़ाना के गांव भौरा खुर्द में पहुंचकर ग्रामीणों से की वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत जनपद में 29 प्रतियोजनाओं के पूर्ण होने पर सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने स्वयं मौके पर जाकर कार्यो का भौतिक सत्यापन करते हुए ग्रामीणों से भी वार्ता की।

सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने बुढाना के गांव भौराखुर्द में पहुंच कर उक्त योजना के तहत हुए काम को परखा है। वहीं ग्रामीणों से भी वार्ता कर जानकारी प्राप्त की है। जीवन मिशन के तहत जनपद में 343 परियोजनाओं को लिया गया है। जिसमें 29 परियोजना का कार्य पूर्ण हो गया।

वर्तमान में 46 गांव में शुद्ध पेयजलापूर्ति हो रही है। उक्त परियोजना के लिए 959.72 करोड रुपए का बजट है। जिसमें से 453.62 करोड खर्च हो चुका है। जेएमसी कम्पनी को 215 परियोजना के तहत 298 गांव में हर-हर पानी पहुंचाना है। गायत्री कम्पनी को 19 परियोजना के तहत 36 गांव और एनकेजी को 109 परियोजना के तहत 196 गांव में हर घर पानी पहुंचाना है। पिछले कुछ समय से वेंडरों के विवाद को लेकर कार्य नहीं हो पाया। अब वैंडरों का कम्पनी के साथ चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है।

वहीं 109 परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। सी डी ओ ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना की जांच की जा रही है। जल निगम के द्वारा 29 परियोजना में कार्य पूर्ण होना बताया गया है। इन परियोजनों में किस तरह से काम हुआ है।

कार्य मानक के अनुरूप है या नहीं, स्थानीय लोगों को पानी की सप्लाई सहीं हो रही है या नहीं आदि बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। अभी भौराखुर्द की जांच की गई है। यहां पर सब सहीं पाया गया है।

ताराचन्द वैदिक पुत्री (पी.जी.)
कालेज, मुजफ्फरनगर
माँ शकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बन्ध एवं NCTE & AICTE से मान्यता प्राप्त
B.Ed
सत्र-2025-27
न्यूनतम फीस-उत्कृष्ट शिक्षा
नगर के मध्य स्थित एकमात्र महिला महाविद्यालय
प्रवेश हेतु नि: शुल्क काउंसलिंग।
एससी एसटी छात्राओं को छात्रवृत्ति के आधार पर प्रवेश।
मेधावी छात्राओं को शुल्क में विशेष छूट।
अनुभवी व योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण।
पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत प्लेसमैंट की सुविधा।
पता नई मण्डी, निकट बालाजी धाम, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करे:- 9760008988, 9917000198




मुजफ्फरनगर: पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस नगर अध्यक्ष रंजन मित्तल और अन्य नेता।

# स्कूलों के विलय के विरोध में उतरे शिक्षक

■ बीएसए कार्यालय का घेराव कर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्राइमरी स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय करने की योजना का विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ की जनपद इकाई के बैनर पर जिला अध्यक्ष राम रतन बालियान व महामंत्री अमित शर्मा के नेतृत्व में बीएसए कार्यालय का घेराव करने पहुंचे शिक्षकों ने धरना दिया। उन्होंने स्कूलों को विलय करने की योजना का विरोध किया गया। धरने पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि सरकार के आदेश पर मुजफ्फरनगर में करीब 250 स्कूल बंद हो रहे हैं, उनको मर्ज कर अन्य विद्यालय में समाहित किया जा रहा है। हर ब्लाक मे विद्यालयों का विलय किया जा रहा है। इस व्यवस्था को तत्काल रोका जाए अन्यथा शिक्षक सडकों पर उतरेगा। इसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया, जिसमें स्कूलों को मर्ज करने का आदेश वापस लिए जाने की मांग की। महामंत्री अमित शर्मा ने कहा कि इस व्यवस्था का डटकर विरोध होगा और शिक्षक सडकों पर उतरेंगे पुरकाजी से शिक्षक नेता मैराज खालिद ने कहा कि शिक्षक किसी भी कीमत पर विद्यालयों को समाहित नहीं होने देंगे। प्रदेश नेतृत्व से आए मनीष गोयल ने कहा कि शिक्षक किसी भी कीमत पर नहीं झुकने वाला है, उन्हें यह काला कानून वापस चाहिए। यहां मेराज खालिद अखलाक अहमद, मोहित, पूजा शर्मा संध्या चौधरी, मंजू चौधरी, संदीप तोमर पुरकाजी अमित रहे।

# हर वार्ड में पदाधिकारी बनाएगी कांग्रेस:रंजन मित्तल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम में को-आर्डिनेटर दिनेश अवना और सुधीर कुमार का नगराध्यक्ष रंजन मित्तल स्वागत किया। इस दौरान को-आर्डिनेटर ने कार्यकर्ताओं को वार्डों व इससे नीचे बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोडने पर जोर दिया। इससे पूर्व सभी कांग्रेसी डीएम कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी से मिले। डीएम को ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन में कांग्रेसियों ने शहर में जाम और अतिक्रमण सहित विभिन्न समस्याओं का जिक्र करते हुए बेहतर शहर बनाने का प्रशासनिक अधिकारियों को सुझाव दिया। नगराध्यक्ष रंजन मित्तल ने बताया कि प्रशासन को सुझाव दिया कि यातायात व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित करने के लिए नालों के आगे होने वाले अतिक्रमण को नगरपालिका द्वारा कार्रवाई हो की जाए। उन्होने सुझाव दिए कि नगर में सोल्जर बोर्ड, नगरपालिका परिसर, डीएम कार्यालय परिसर सहित कई जगह है, जहां एक ही जगह बहुमंजिला इमारत बनाकर पार्किंग और सरकारी कार्यालयों को एक साथ जोडा जा सकता है। इस दौरान स्कूलों की छुट्टी के समय होने वाले जाम से निजात के लिए भी मांग करते हुए सुझाव दिए। इस दौरान पूर्व मंत्री दीपक कुमार, सलमान सईद, बिलकिस चौधरी, विनोद धीमान मौजूद रहे।

# भूख हड़ताल पर बैठे राज्य कर्मचारी

■ पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सत्याग्रह कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिसर उत्तर प्रदेश, शाखा एवं इण्डियन पब्लिक सर्विस एमप्लाई फेडरेशन द्वारा मुख्य चिकित्सा कार्यालय के मुख्यालय पर सत्याग्रह भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। आंदोलन का नेतृत्व परिसद के सदस्य केशी राय ने किया और सभी पदाधिकारी व कर्मचारियों ने भागीदारी की। इसके बाद धरने पर बैठे कर्मचारी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अधिनस्थ अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। राज्य कर्मचारियों की वर्षो पुरानी लम्बिवत मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। भूख हडताल में बडी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और सरकार से अपनी जायज मांगों को पूरा करने क ेलिए अपील की। मण्डलीय मंत्री परिषद चंचल माला ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा नहीं कर रही है और पुरानी पेंशन योजना को बाहाल करने और मंहगाई भत्ते सहित सभी लम्बित मुद्दों का समाधान करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष संजीव लाम्बा ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर सेवा दी थी, लेकिन उनकी सभी सेवाओं को अनदेखा किया जा रहा है। जिला मंत्री सुधीर कुमार बालियान ने कहा कि वेतन विसंगतो का समाधान मृतक आश्रतों की नियुक्ति दैनिक वेतन भोगियों का विनय करण और सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। स्टाफ नर्स संघ की जिलाध्यक्ष सरिता चौधरी ने कहा भी अपने बयान रखे। मौहम्मद हारून ने कहा कि नवसर्जित जिला अस्पतालों और महिला अस्पतालों को उच्चीकृत कर मेडिकल कॉलेज की सुविधाएं दी जाए। इस दौरान जिला मंत्री मनोज कुमार त्यागी ने भी अपने बयान रखे। फार्मासिस्ट अनिल ने भी इन मांगों को पूरा करने की अपील की है इसके बाद सभी कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा,
एकता का राज चलेगा।

राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी
आवाज बुलंद करने के लिए
आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर
राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

# सीजफायर पर संशय

मंगलवार की सुबह एक अच्छी खबर आई। जिसमें ईरान व इजरायल के बीच छिड़े संघर्ष में 12वें दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह घोषणा की कि दोनों देशों के बीच सीजफायर हो गया और यह मंगलवार की सुबह से लागू हो गया। हालांकि इस बीच ऐसी भी खबरें आई जिसमें दोनों देशों द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन करने की बात सामने आई, लेकिन कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में आती दिखाई दी। अब देखना यह है कि सीजफायर कब तक चलता है, क्योंकि ईरान व इजरायल के बीच अविश्वास की बहुत बड़ी कमी है और किसी की तरफ से जरा सी चूक सीजफायर को तोड़ने का कारण बन सकती है। सीजफायर के बाद अब यह कयास भी लगने शुरू हो गए हैं कि इस जंग में कौन जीता कौन हारा। सच तो यह है कि इस जंग ने कई मिथक को तोड़ा है। नुकसान-फायदे एक तरफ रखते हुए यह बात अब दावे के साथ कही जा सकती है कि इजरायल की साख इस संघर्ष से बुरी तरह प्रभावित हुई है। ईरान की मिसाइलों को इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम रोकने में जहां नाकाम रहे, वहीं इजरायल भी ईरान के परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाने के बाद भी आश्वस्त दिखाई नहीं देता कि उसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोक दिया है। इजरायल ही नहीं बल्कि अमेरिका भी जिसने 22 जून को ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर हमला किया, जिसमें उसने बी/2 विमानों तक का प्रयोग किया वह भी आश्वस्त नहीं है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को काफी नुकसान पहुंचा चुका है। यह बात अलग है कि वह यह दावा कर रहा है कि उसका हमला सफल रहा, लेकिन वहां परमाणु रिएक्टर विकिरण के कोई संकेत नहीं मिले। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसके परमाणु ठिकानों को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा। इस सीजफायर को इजरायल व ईरान दोनों ही अपने-अपने नजरिये से देख रहे हैं। अब दोनों ही अपने आपको विजयी मुद्रा में बता रहे हैं। अब किसका कितना नुकसान है यह तो आने वाले वक्त में ही पता चलेगा, लेकिन जैसाकि हमने कहा कि ईरान ने इजरायल को इस युद्ध में जबरदस्त टक्कर दी, जिसको अपनी वायु सुरक्षा प्रणाली पर गुमान था वह कई बार असहाय दिखाई दिया। अमेरिका और पश्चिमी देश मिलकर भी इजरायल की साख नहीं बचा पाएगा। जहां तक बात ईरान की है, सीजफायर के बाद भी ईरान का वही नजरिया दिखाई दे रहा है। जो वह पहले कहता रहा है। ईरान ने कहा है कि वह झुका है ना झुकेगा। कभी किसी के सामने सरेंडर नहीं करेगा और यदि उस पर हमला होता है, तो उसका मुंहतोड़ जवाब देगा और सबसे बड़ी बात जो ईरान की तरफ से देखने में आई है वह यह कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे नहीं हटेगा। जबकि सारे झगड़े की जड़ भी उसका परमाणु कार्यक्रम ही है। ईरान और अमेरिका खुलकर यह बात कह चुके हैं कि वह किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। ऐसे में देखना होगा कि यह सीजफायर कितना टिकाऊ रह पाता है। यूं भी अभी सीजफायर ही हुआ है अभी आगे किसी तरह की कोई वार्ता नहीं हुई है। असली पता तभी चलेगा जब दोनों पक्षों में वार्ता होगी।

## राज्यसभा सचिवालय से कोई ई-मेल नहीं मिला



इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को कथित घृणास्पद भाषण मामले में राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि पिछले छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है, इस संबंध में नोटिस 13 दिसम्बर 2024 को प्रस्तुत किया गया था, मैंने सभापति धनखड़ से कई बार मुलाकात की है, लेकिन उन्होंने न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर मेरे हस्ताक्षरों के सत्यापन का मुद्दा कभी नहीं उठाया, जबकि पूरी प्रक्रिया का प्रस्तुतकर्ता और आरंभकर्ता मैं ही हूं, शेखर यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार हैं।

**-कपिल सिब्बल, वरिष्ठ अधिवकता**

# नशीली दवाओं के विरुद्ध महत्वकांक्षी युद्ध



ललित गर्ग



नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 26 जून को नशीली दवाओं मुक्त दुनिया को निर्मित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने, कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और नशीली दवाओं के बारे में तथ्यों को साझा करना है।

साथ ही साक्ष्य आधारित रोकथाम, स्वास्थ्य जोखिमों और विश्व नशीली दवाओं की समस्या, उपचार और देखभाल से निपटने के लिए उपलब्ध समाधानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अवैध ड्रग्स एवं तस्करी मानव के लिए बहुत बड़ी पीड़ा एवं संकट का स्रोत हैं। सबसे कमजोर लोग, खास तौर पर युवा लोग, इस संकट का खामियाजा भुगतते हैं। ड्रग्स का इस्तेमाल करने वाले और नशे की लत से जूझ रहे लोग अंधेरी दुनिया में भटकते हुए कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के खुद के हानिकारक प्रभाव, उनके द्वारा झेला जाने वाला कलंक, स्वास्थ्य संकट और भेदभाव और अक्सर उनकी स्थिति के प्रति कठोर और अप्रभावी प्रतिक्रियाएं दुनिया को एक महासंकट में धकेल रही है। इसलिए नशे एवं नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन एवं तस्करी को रोकने के लिए दुनिया को एकजुट होकर इस महत्वाकांक्षी युद्ध को सफल बनाना नितांत अपेक्षित है।

हर साल संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) वैश्विक जागरूकता अभियानों और नीति सिफारिशों का मार्गदर्शन करने के लिए एक थीम निर्धारित करता है। 2025 की थीम है- जंजीरों को तोड़ना सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति। यह नारा सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने में वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। यूएनओडीसी की विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट 2020 के अनुसार, वर्ष 2018 में वैश्विक स्तर पर 269 मिलियन लोगों ने मादक पदार्थों का उपयोग किया, जो वर्ष 2009 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है तथा अनुमान है कि 35 मिलियन लोग मादक पदार्थ उपयोग विकारों से पीड़ित हैं। यह दिवस न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और वैकल्पिक आजीविका सहित रोकथाम में निवेश का आह्वान करता है-जो टिकाऊ लचीलेपन के निर्माण के साथ उन्नत एवं स्वस्थ मानव जीवन का आधार हैं। दुनिया में सभी राष्ट्रों में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, सभी देशों में बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि दुनिया नशीले पदार्थों की राजनीति के युग से गुजर रही है। इसलिए भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। जिससे समय के साथ दुनिया में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे लाखों व्यक्ति, परिवार और समाज प्रभावित हो रहे हैं। इसीलिए यह दिवस एक स्वस्थ और नशीली दवाओं से मुक्त समाज बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियों, सामुदायिक सहभागिता और नुकसान कम करने की रणनीतियों के महत्व पर प्रकाश डालता है। पिछले वर्ष विश्वभर में 15-64 वर्ष की आयु के 300 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीले पदार्थों का उपयोग किया है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार से पीड़ित 8 में से 1 व्यक्ति को उपचार मिल पाता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंच की तत्काल आवश्यकता उजागर होती है। वैश्विक नशीली दवाओं का व्यापार प्रतिवर्ष 400 बिलियन डॉलर से अधिक उत्पन्न करता है, जिससे संगठित अपराध, भ्रष्टाचार और हिंसा को बढ़ावा मिलता है।

इस बड़े संकट की रोकथाम की आवश्यकता को महसूस करते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसम्बर, 1987 को संकल्प 42/112 के माध्यम से आधिकारिक तौर पर इस दिवस को स्थापित किया। इसका लक्ष्य नशीली दवाओं से संबंधित समस्याओं से निपटने में वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और दंडात्मक उपायों के बजाय सार्वजनिक स्वास्थ्य-आधारित प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देना है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग शरीर में लगभग हर प्रणाली को प्रभावित करता है, जिससे गंभीर अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम सामने आते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन से दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थितियां पैदा होती हैं, जिसमें ओपिओइड, मेथ और सिंथेटिक ड्रग्स सबसे ज्यादा मृत्यु दर और दीर्घकालिक अंग क्षति का कारण बनते हैं। इसके अलावा, नशीली दवाओं के दुरूपयोग के मानसिक स्वास्थ्य परिणाम उपयोगकर्ता से परे तक फैल जाते हैं, जिससे अक्सर परिवार टूट जाते हैं, रोजगार छिन जाता है और अपराध दर बढ़ जाती है।

भारत में नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक बढ़ता हुआ संकट है, जो भौगोलिक रूप से कमजोर, बढ़ती उपलब्धता और कम उम्र में इसकी शुरुआत से प्रेरित है। यह समस्या सभी आयु समूहों में फैली हुई है, लेकिन युवाओं में यह विशेष रूप से चिंताजनक है, जिसके स्वास्थ्य और सामाजिक परिणाम महत्वपूर्ण हैं। नशा मुक्त भारत अभियान-जागरूकता, शिक्षा और सामुदायिक कार्रवाई वाला एक राष्ट्रीय अभियान है। सीमा नियंत्रण और नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी)- बढ़ते नशीली दवाओं एवं नशे उत्पादों की तस्करी से निपटता है। यह नशीली दवाओं की जब्ती और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर काम करता है। नशे एवं ड्रग्स के धंधे की रोकथाम एवं जन-जागृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में उल्लेखनीय उपक्रम किए हैं, नई-नई योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों के कल्याण, नशामुक्ति एवं नशामुक्त भारत को निर्मित करने के प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स को व्यापक स्तर पर फैलाया है, जिसके दुष्परिणाम विशेषत: पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड़ रही है, देर आए दुरस्त आए की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में ड्रग्स-फ्री इंडिया अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। देश के युवा अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं, पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नए तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के चक्र को तोड़ने के लिए समन्वित दीर्घकालिक कार्रवाई की आवश्यकता है।

# मध्य प्रदेश में उठाएं समुद्री बीच का मजा

**हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।**

मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।



**हनुवंतिया**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

**इस जगह की खासियत**

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का शमिनी गोवाश भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**सैलानियों के लिए क्यों है खास**

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।

**वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस**

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें**

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

...साभार प्रभ.

# ग्लूटेन इंटॉलरेंस पर रोटी खाने से भी करना पड़ता है परहेज

अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान में सुधार करना बेहद जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक सभी लोगों को आहार में पौष्टिक चीजें, नट्स-सीड्स और साबुत अनाज को भरपूर मात्रा में शामिल करना चाहिए। भारतीय भोजन साबुत अनाज और चावल-रोटी आम अनाज है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ लोगों को इस तरह के आम दैनिक चीजों के सेवन से भी समस्या हो सकती हैं। विशेषतौर पर जिन खाद्य पदार्थों में ग्लूटेन की मात्रा पाई जाती है, वहीं इसका सेवन करने से शरीर के लिए समस्या बढ़ाने वाली हो सकती है। इस स्थिति को मेडिकल भाषा में ग्लूटेन इंटॉलरेंस कहा जाता है।



ग्लूटेन इंटॉलरेंस एक ऐसी स्वास्थ्य स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को ग्लूटेन नामक प्रोटीन को पचाने में परेशानी होती है। यह प्रोटीन मुख्यतरू गेहूं, जौ और राई जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को ब्रेड, पास्ता, रोटी-पराठा और बिस्किट जैसी चीजें खाने से भी परहेज करना पड़ता है।

**ग्लूटेन इंटॉलरेंस और इसके मामले**

आंकड़ों पर नजर डालें, तो पता चलता है कि भारत में करीब अनुमानत: 6 से 8 मिलियन लोग सीलिएक डिजीज से पीड़ित है, जोकि ग्लूटेन इंटॉलरेंस का एक रूप है। ऐसे में अगर आप ग्लूटेन वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको बार-बार पेट में सूजन, गैस बनना, डायरिया, कब्ज, पेट में दर्द, थकावट, कमजोरी और स्किन पर चकत्ते जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

वहीं कुछ लोगों को बिना सीलिएक डिजीज के बिना भी ग्लूटेन वाली चीजों से एलर्जी हो सकती है।

**क्यों होता है ग्लूटेन इंटॉलरेंस**

विशेष रूप से ग्लूटेन इंटॉलरेंस, नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी एक ऐसी स्थिति है। जिसमें शरीर ग्लूटेन के प्रति असामान्य प्रतिक्रिया करता है। हालांकि यह क्यों होता है, इसके सटीक वजहों को पूरी तरह से नहीं समझा जा सका है। लेकिन एक्सपर्ट की मानें तो पर्यावरणीय कारक, गट माइक्रोबायोम और आनुवंशिकता सहित कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं।

कुछ शोध बताते हैं कि ग्लूटेन इंटॉलरेंस गेहूं और अन्य ग्लूटेन युक्त अनाज में कुछ कार्बोहाइड्रेट को पचाने में समस्या के कारण भी हो सकती है। यह कार्बोहाइड्रेट आंत में किण्वित होने लगती हैं, जिसके कारण गैस, सूजन और पेट दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं।

**आप तो नहीं हैं इसका शिकार**

कहीं आप भी ग्लूटेन इंटॉलरेंस नहीं हैं, इसका पता लगाने के लिए कुछ खास लक्षणों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अगर आपको सामान्य खाना जैसे गेंहू या जौं से बनी चीजें खाने के बाद पेट में दर्द, दस्त या कब्ज, गैस और सिरदर्द की समस्या हो जाती है, तो सावधान हो जाना चाहिए। वहीं कुछ लोगों को इन चीजों को खाने से स्किन पर लाल चकत्ते हो सकते हैं। अगर अक्सर खाना खाने के बाद आपको यह समस्या हो रही हैं, तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**ग्लूटेन इंटॉलरेंस के उपाय**

बता दें कि सीलिएक डिजीज का पता लगाने के लिए सीरोलॉजिकल टेस्ट या फिर आंतों की स्थिति का पता लगाने के लिए कुछ टेस्ट किए जाते हैं। जिससे पता चलता है कि आपको यह समस्या क्यों हो रही है। ऐसे में अगर आपको ग्लूटेन इंटॉलरेंस की समस्या होती है तो आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। हालांकि इस समस्या के लिए कोई दवा नहीं है, सिर्फ ग्लूटेन फ्री डाइट से दूरी बनाना ही बचाव का उपाय है। इस समस्या वाले लोगों को गेहूं, जौ, राई और इनसे बने उत्पादों से परहेज करने की सलाह दी जाती है। ग्लूटेन इंटॉलरेंस वाले लोगों के लिए चावल, मक्का, बाजरा, ज्वार और कुट्टू जैसे विकल्प अच्छे हो सकते हैं। लेकिन इसके बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## क्या है ग्लूटेन कैसे करता है काम

ग्लूटेन एक प्रोटीन है जो गेहूं, जौ और राई जैसे अनाजों में पाया जाता है। यह खाद्य पदार्थों को उनकी बनावट और आकार देने में मदद करता है। कुछ लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी या संवेदनशीलता हो सकती है, जिसके कारण सीलिएक रोग या गैर-सीलिएक ग्लूटेन संवेदनशीलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**ग्लूटेन क्या है?**

ग्लूटेन प्रोटीन का एक संयोजन है जो प्राकृतिक रूप से गेहूं, जौ और राई में पाया जाता है। यह इन अनाजों से बने खाद्य पदार्थों को एक साथ बांधने और उन्हें एक विशिष्ट बनावट देने में मदद करता है। ग्लूटेन ब्रेड, पास्ता, और अन्य बेक्ड वस्तुओं को उनका आकार और लचीलापन देता है।

**ग्लूटेन से संबंधित समस्याएं**

**सीलिएक रोग**- यह एक ऑटोइम्यून बीमारी है जिसमें ग्लूटेन के सेवन से छोटी आंत को नुकसान होता है।

**गैर-सीलिएक ग्लूटेन संवेदनशीलता**-यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें ग्लूटेन के सेवन से पेट दर्द, सूजन, थकान और अन्य लक्षण हो सकते हैं।

**ग्लूटेन मुक्त आहार**- कुछ लोग ग्लूटेन से संबंधित समस्याओं से बचने के लिए ग्लूटेन मुक्त आहार का पालन करते हैं। ग्लूटेन मुक्त आहार में, वे खाद्य पदार्थों से परहेज करते हैं जिनमें ग्लूटेन होता है, जैसे कि गेहूं, जौ और राई से बने उत्पाद। इसके बजाय, वे चावल, मक्का, क्विनोआ, और अन्य ग्लूटेन मुक्त अनाज और खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं।

**ग्लूटेन मुक्त आहार के संभावित लाभ**- सीलिएक रोग और गैर-सीलिएक ग्लूटेन संवेदनशीलता वाले लोगों के लिए लक्षणों से राहत।

...साभार प्रभ.

# ट्रम्प की नोबेल की हसरतें रह गईं अधूरी

## यूक्रेनी सांसद और पाकिस्तान ने भी दिखाई पीठ

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 'नोबेल पीस प्राइज' के लिए नामित करने वाले यूक्रेनी सांसद ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। यूक्रेन की संसदीय विदेश समिति के प्रमुख ओलेक्सांद्र मेरेज़्को ने मंगलवार को न्यूजवीक से कहा कि उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर सुनिश्चित करने की उनकी क्षमता में किसी भी प्रकार का विश्वास और आस्था खो दी है।

मेरेज़्को ने कहा कि हाल के सप्ताहों में यूक्रेनी राजधानी पर बड़े पैमाने पर हुए हमलों पर ट्रम्प की कोई प्रतिक्रिया नहीं थी। उन्होंने तुष्टिकरण का रास्ता चुना है। ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध को मात्र 24 घंटे में खत्म कराने का वादा किया था। मगर, रूस ने हाल के हफ्तों में यूक्रेन पर विनाशकारी हमले जारी रखे हैं। इतना ही नहीं सीजफायर समझौते पर पहुंचने की कोशिशें भी थमी हुई हैं। इतना ही नहीं ईरान के 3 प्रमुख परमाणु केंद्रों फोर्दो, इस्फहान और नतांज पर अमेरिका द्वारा हाल ही में किए गए हमलों के बाद पाकिस्तान के भी सुर बदले हैं। पाकिस्तान में राजनीतिक हलकों और प्रमुख हस्तियों के बीच राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किए जाने को



- ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध को मात्र 24 घंटे में खत्म कराने का वादा किया था
- कई नेताओं ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है
- विदेश मंत्री इशाक डार के साइन वाला अनुशंसा-पत्र नोबेल समिति को भेजा जा चुका है

लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कई नेताओं ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। पाकिस्तानी सरकार ने एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए कहा था कि वह भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान शांति प्रयासों के मद्देनज़र ट्रम्प को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेगी। विदेश मंत्री इशाक डार के साइन वाला अनुशंसा-पत्र नोबेल समिति को भेजा जा चुका है। हालांकि अमेरिकी हमलों के बाद इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प का शांति का दावा अब झूठा साबित हो चुका है। सरकार को नोबेल नामांकन की सिफारिश तत्काल वापस लेनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी नेतृत्व ट्रम्प की सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से हालिया मुलाकात और डिनर से अत्यधिक प्रभावित होकर यह फैसला ले बैठा। फजल ने सवाल उठाया, जो नेता फलस्तीन, सीरिया, लेबनान और अब ईरान पर इजरायल समर्थित हमलों का समर्थन करता हो, वह शांति का प्रतीक कैसे हो सकता है? पूर्व सीनेटर और विदेश नीति विश्लेषक मुशाहिद हुसैन सैयद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ट्रम्प अब संभावित शांतिदूत नहीं, बल्कि युद्ध भड़काने वाले बन गए हैं। सरकार को इस अनुशंसा को तत्काल रद्द कर देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया था कि ट्रम्प इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और युद्ध लॉबी के प्रभाव में आकर अपने कार्यकाल की सबसे बड़ी भूल कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद अली मुहम्मद खान ने भी एक्स पर पुनर्विचार करें लिखते हुए अमेरिकी हमलों और गाजा में इजरायल द्वारा जारी हिंसा को लेकर अमेरिका की भूमिका की आलोचना की। पीटीआई ने इन हमलों को बिना उकसावे के आक्रामक कार्रवाई बताया और ईरान की संप्रभुता के समर्थन में आवाज उठाई।

# गाजा: राशन लाइन पर एयरस्ट्राइक, 25 की मौत

## फलस्तीनियों ने इजरायली सेना पर लगाया आरोप

- इजरायली सेना टैंक और ड्रोन्स से लोगों पर गोलीबारी कर रही थी

**गाजा।** गाजा में राशन भरे ट्रकों का इंतजार कर रहे लोगों पर हुई गोलीबारी में 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई। चश्मदीदों और अस्पतालों ने आरोप लगाया है कि ये गोलीबारी इजरायली सेना की तरफ से की गई। हालांकि इजरायली सेना ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

अर्बन नुसीरत शरणार्थी कैंप में स्थित अवदा अस्पताल ने बयान जारी कर बताया कि फलस्तीनी नागरिक वादी गाजा के दक्षिण में सलाह ए दीन रोड पर राशन के ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक गवाह ने बताया कि जब लोगों ने ट्रकों की तरफ बढ़ना शुरू किया तो इजरायली सेना ने लोगों पर गोलीबारी कर दी। एक व्यक्ति ने बताया कि यह नरसंहार था। इजरायली सेना टैंक और ड्रोन्स से लोगों पर गोलीबारी कर रही थी। कई लोग मारे गए या घायल हुए हैं। एक अन्य गवाह ने बताया कि लोगों की भीड़ के ऊपर ड्रोन्स उड़ रहे थे और लोगों पर नजर रख रहे थे। जैसे ही लोगों ने ट्रकों की तरफ बढ़ना शुरू किया तो टैंक और ड्रोन्स से गोलियां चलने लगीं। वह बेहद भयावह मंजर था। अवदा अस्पताल ने बताया है कि 146 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 62 की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायलों को दूसरे अस्पतालों में भिजवाया गया है। मध्य गाजा के दीर ए बलाह में स्थित अल-अक्सा अस्पताल में छह लोगों के शव पहुंचे हैं।

### गाजा में दूरसंचार सेवा ईंधन की कमी से फिर से बंद हो सकती है: संयुक्त राष्ट्र

**गाजा सिटी।** गाजा में कई दिनों से बंद महत्वपूर्ण दूरसंचार को मरम्मत के बाद चालू कर दिया गया है , लेकिन ईंधन की कमी के कारण यह फिर से बंद हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को चेतावनी दी। ओसीएचए ने कहा कि सप्ताहांत में, क्षतिग्रस्त फाइबर केबल की मरम्मत के बाद गाजा में दूरसंचार बहाल कर दिया गया। आपातकालीन राहत के समन्वय और जीवन बचाने के लिए आवश्यक मानवीय टीमों के पास 24 घंटे से अधिक समय तक अपेक्षाकृत स्थिर कनेक्टिविटी रही है।

# ट्रम्प प्रशासन को संघीय न्यायालय से लगा बड़ा झटका

## हार्वर्ड विवि में विदेशी छात्रों का प्रवेश बंद करने से दूसरी बार रोका

- इससे पहले शुक्रवार को भी संघीय न्यायाधीश ने पहली बार निषेधाज्ञा जारी की थी

**वाशिंगटन।** हार्वर्ड विवि और ट्रम्प प्रशासन के बीच चल रहे विवाद के बीच संघीय न्यायालय ने बड़ा आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश ने ट्रम्प प्रशासन के विदेशी छात्रों को हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश बंद करने के आदेश पर दूसरी बार रोक लगा दी है।

बोस्टन में अमेरिकी जिला न्यायाधीश एलिसन बरो ने अपने आदेश में कहा कि मामले के निपटारे तक विदेशी छात्रों के हार्वर्ड में अध्ययन के लिए अमेरिका आने की सुविधा को बरकरार रखा जाएगा। यह फैसला हार्वर्ड के लिए एक और कानूनी जीत है, जो हाल के महीनों में व्हाइट हाउस की कई नीतियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। इससे पहले शुक्रवार को भी संघीय न्यायाधीश ने पहली बार निषेधाज्ञा जारी की थी। इसमें भी ट्रम्प प्रशासन के आदेश पर रोक लगाई गई थी। इस साल मई में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के खिलाफ केस दर्ज किया था। यह विभाग विदेशी छात्रों को वीजा देने की अनुमति देता है। विभाग ने हार्वर्ड की वीजा अनुमति रद्द कर दी थी, जिससे करीब 7,000 विदेशी छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया था। मामले में छात्रों को या तो यूनिवर्सिटी छोड़नी पड़ती या अमेरिका में उनका कानूनी दर्जा खत्म हो जाता।

इसके बाद जून में ट्रम्प प्रशासन ने एक बार फिर विदेशी छात्रों के हार्वर्ड में दाखिले पर रोक लगाने की कोशिश की, लेकिन अदालत ने इस पर भी अस्थाई रोक लगा दी। ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर चिंताओं का हवाला देते हुए हार्वर्ड में पढ़ने के लिए विदेशी छात्रों को अमेरिका में प्रवेश करने से रोकने का कदम उठाया। इससे पहले, अमेरिकी सरकार के होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में हार्वर्ड के विदेशी छात्रों को पढ़ाने की अनुमति भी रद्द करने की कोशिश की थी।

ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड का +2.6 अरब डालर का रिसर्च फंड काट दिया। सरकारी कान्ट्रैक्ट रद्द किए, यूनिवर्सिटी की टैक्स छूट खत्म करने की धमकी दी, और अप्रैल में हार्वर्ड से विदेशी छात्रों से जुड़े दस्तावेज भी मांगे। इसके बाद जब ट्रम्प सरकार को हार्वर्ड की तरफ से मिली जानकारी पर्याप्त नहीं लगी, तो 22 मई को यूनिवर्सिटी का स्टूडेंट और एक्सचेंज विज़िटर प्रोग्राम सर्टिफिकेशन रद्द कर दिया गया। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बीच लंबे समय से टकराव चला आ रहा है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि हार्वर्ड बहुत ज्यादा लिबरल हो गया है और यह यहूदी-विरोधी व्यवहार को नजरअंदाज करता है।

# एनएसए डोभाल की चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात



- बोले: आतंकवाद का मुकाबला करना जरूरी डोभाल ने कहा: सीमा पर शांति बनाए रखना जरूरी

**बीजिंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बीजिंग में चीन के स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। यह बैठक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सुरक्षा सलाहकारों की 20वीं बैठक के मौके पर हुई। इस दौरान डोभाल ने साफ तौर पर कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए आतंकवाद के हर रूप का मिलकर मुकाबला करना जरूरी है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों देशों ने आपसी रिश्तों की हालिया प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के नागरिकों के बीच संबंध बढ़ाने पर जोर दिया। इससे पहले दिसम्बर 2024 में भी डोभाल और वांग ने बीजिंग में बैठक की थी, जहां कैलाश मानसरोवर यात्रा, ट्रांस-बार्डर नदी सहयोग और नाथुला ट्रेड जैसे मुद्दों पर 6 सहमतियों पर फैसला हुआ था। डोभाल 17 दिसम्बर को भारत और चीन के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की 23वीं बैठक में शामिल होने चीन पहुंचे थे। बैठक में यह तय हुआ कि अजीत डोभाल और वांग ई भारत में स्पेशल रिप्रजेंटेटिव (एसआर) स्तर की 24वीं वार्ता में जल्द मुलाकात करेंगे। एनएसए डोभाल ने यह भी कहा कि सीमा पर शांति बनाए रखना और आतंकवाद से कठोरता से निपटना जरूरी है। पाक-भारत झड़प के बाद पहली बड़ी कूटनीतिक बैठक यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई तक सैन्य झड़प हुई थी, जिसकी शुरुआत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई थी।

## हमला...



बीर्शेबा। ईरान के मिसाइल हमले में नष्ट हुए आवासीय भवनों के मलबे के बीच काम करते इजरायली सैनिक व बचावदल, इस हमले में कई लोग मारे गए।

# इजरायल ने ईरान के खिलाफ सभी लक्ष्य किए पूरे

तेल अवीव। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान में निर्धारित सभी लक्ष्य पूरे कर लिए गए हैं और परमाणु तथा मिसाइल खतरों को समाप्त कर दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार रात प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रक्षामंत्री, सेना प्रमुख और मोसाद प्रमुख के साथ सुरक्षा कैबिनेट बैठक में घोषणा की कि ईरान के खिलाफ अभियान में इजरायल ने न सिर्फ अपने सभी लक्ष्य पूरे कर लिए हैं, बल्कि उन्हें पार भी कर लिया है। बयान में कहा गया है कि इजरायल ने बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु हमलों संबंधी दोहरे खतरों को समाप्त कर दिया है।

# इजरायल को दहलाकर मुस्लिमों के हीरों बने खामेनेई



## इस्लामिक देशों ने भले ही न दिया हो साथ, पर खामेनेई ने लिया लोहा

**मो. अहसान**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार तड़के ऐलान किया कि इजरायल और ईरान युद्ध में दोनों पक्ष सीजफायर के लिए मान गए हैं। ये ऐलान कतर में अमेरिकी अल उदीद एयरबेस पर ईरान के हमले के कुछ घंटो बाद किया गया।

भले ही ईरान का ये हमला सांकेतिक था, लेकिन ईरान ने इसके जरिये अमेरिका को साफ कर दिया कि वह ट्रम्प और नेतन्याहू की धमकी से डरने वाले नहीं है। इजरायल के वजूद के बाद से ये पहली जंग थी, जिसमें इतने बड़े पैमाने पर इजरायली शहरों पर हमले हुए। 86 साल की उम्र में पहुंच चुके ईरानी लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपनी हत्या के खतरे के बाद भी ईरान के लोगों के सम्मान और संप्रभुता की रक्षा के लिए सरेंडर करने से इन्कार कर दिया। साथ ही साफ किया कि ईरान के लोग फलस्तीन के लिए अपनी आखिरी सांस तक लड़ते रहेंगे, जिसके बाद ईरान का सम्मान पूरी दुनिया के मुसलमानों में बढ़ गया है।

सऊदी और तुर्की जैसे देश मुस्लिम दुनिया का प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं, लेकिन ये दोनों ही देश इजरायल के खिलाफ एक्शन लेने में नाकाम रहे हैं। ईरान द्वारा अमेरिका और इजरायल को दो टूक जवाब देने के बाद अब शिया मुसलमानों के साथ-साथ सुन्नी मुसलमानों में खामेनेई का कद बढ़ गया है। पिछले करीब 21 महीनों से जारी गाजा में इजरायली नरसंहार की सऊदी, कतर जैसे खाड़ी देशों ने सिर्फ निंदा ही की है। लेकिन ईरान ने फलस्तीन के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अटल रहते हुए शुरुआत से ही इजरायल की नाक में दम किया है। ईरान एक शिया देश और फलस्तीन एक सुन्नी देश, लेकिन गाजा पर जब हमला हुआ ईरान सबसे पहले इजरायल के खिलाफ खड़ा हुआ। युद्ध की शुरुआत से ही ईरान की प्रॉक्सी हूती, हिजबुल्लाह जैसे संगठनों ने इजरायल की नाक में दम किया। वहीं जानकार मानते हैं कि हमास को भी ईरान सैन्य और आर्थिक सहायता देता है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी कूटनीतिक तरीके से ईरान ने फलस्तीन का मुद्दा उठाया। गाजा जंग के 2 साल पूरे होने से पहले ही इजरायल और अमेरिका की नजरों में ईरान खलने लगा। फिर इजरायल ने ईरान में अपने जासूसी नेटवर्क के जरिए ईरान के प्रमुख नेताओं और अधिकारियों की हत्याएं करानी शुरू की। फिर भी ईरान फलस्तीन के साथ देने से पीछे नहीं हटा। साथ ही ट्रम्प ने ये भी धमकी दी कि हमें पता है कि खामेनेई कहा हैं और ईरान सरेंडर करे। खामेनेई ने अपनी जान की परवाह किए अपने उत्तराधिकारी तय करते हुए देशवासियों से अपील की कि मेरी जान कुछ कीमत नहीं रखती, मेरे बाद ईरान को आपको इस्लामिक गणराज्य के लिए खड़े रखना है। साथ ही अमेरिकी हमले का जवाब देने का संकल्प लिया। मंगलवार तड़के ईरान ने वही किया जैसा कहा था और कतर में मौजूद अमेरिकी एयर बेस पर करीब 10 मिसाइलों से हमला किया और बताया कि हम अमेरिका के ठिकानों को भी निशाना बनाने में सक्षम है। ईरान ने भी झुके अमेरिका और इजरायल को सीजफायर के लिए मजबूर किया है।

# एक ही दिन में लगभग डेढ़ हजार अफगानी परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान में पाकिस्तान और ईरान से सोमवार को एक ही दिन में लगभग 1500 से अधिक अफगान शरणार्थी परिवारों की वापसी हुई है। अफगानिस्तान के सरकारी मीडिया बख्तर न्यूज ने मंगलवार को बताया कि कुल 1469 अफगान शरणार्थी परिवार कई क्रॉसिंग पॉइंट्स के माध्यम से लौटे। इनमें से अधिकांश कल ईरान से लौटे हैं।

इन सभी परिवारों को क्रॉसिंग पॉइंट्स पर अफगान अधिकारियों से आवश्यक सहायता मिली है। गौरतलब है कि 13 जून से ईरान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान से अफगान शरणार्थियों की स्वदेश वापसी बढ़ गई है। पिछले सप्ताह अफगानिस्तान में प्रतिदिन 10,000 व्यक्तियों का प्रवेश दर्ज किया गया है। लगभग दो वर्षों में लगभग 20 लाख अफगानी शरणार्थी स्वदेश लौट आए हैं। ईरान और पाकिस्तान ने बड़े पैमाने पर अफगानिस्तानी लोगों को स्वदेश भेजा है जिसके बाद से इन देशों से प्रतिदिन हज़ारों लोगों को अफ़गानिस्तान वापस भेजा जा रहा है। इसके साथ ही पाकिस्तानी अथवा ईरानी नागरिकता एवं वर्क परमिट वाले अफगानियों को भी जबरन निर्वासित किया जा रहा है। तालिबान सरकार ने ईरान और पाकिस्तान दोनों के साथ इस मुद्दे को उठाया है।

# अमेरिका और ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर तेजी से बढ़ रही वार्ता: सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निर्यात को बढ़ावा दिये जाने का उल्लेख करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही पूरी हो जाएगी।

श्रीमती सीतारमण ने यहां इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित ट्रेड कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए विकसित भारत योजना के तहत सरकार के व्यापार और विनिर्माण दृष्टिकोण को सामने रखा। उन्होंने कहा कि भारत की निर्यात-आधारित गति अधिक व्यापक और लचीली होती जा रही है। उन्होंने कहा कि



### भारत की निर्यात-आधारित गति अधिक व्यापक और लचीली होती जा रही है

भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और 4 देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में बहुत तेजी से चल रही है और जल्द ही निष्कर्ष पर पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की व्यापार वृद्धि आकस्मिक या बिखरी हुई नहीं है। इसके बजाय, यह लक्षित नीतिगत कदमों के साथ संरेखित है। यूएई, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और ईएफटीए ब्लॉक के साथ हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) ने नए बाजार खोले हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात 825 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है।

## श्रीनगर में इजरायली झंडे का भित्तिचित्र हटाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को श्रीनगर के जदीबल इलाके में इजरायली झंडे का एक भित्तिचित्र हटाया दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ज़ादीबल इमामबाड़ा के बाहर सड़क पर इजरायल झंडे का भित्तिचित्र बनाया गया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करके इसे हटवा दिया ताकि साम्प्रदायिक सौहार्द और शांति बनी रहे। श्रीनगर के बाहरी इलाके में अमेरिकी और इजरायली झंडे लगाने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिए जाने के एक दिन बाद यह मामला सामने आया है। पुलिस जांच में पता चला कि इस घटना में इलाके की तीन किशोरियां भी शामिल थीं। उनकी उम्र और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, उनके माता-पिता को थाने बुलाया गया।

